kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-340 ❐ बुधवार, 14 जनवरी 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



विश्वविद्यालय केवल अकादमिक शिक्षा के केंद्र भर नहीं बल्कि ऐसे संस्थान होते हैं जहां मूल्य संस्कारित किए जाते हैं, नेतृत्व पोषित किया जाता है और राष्ट्र का भविष्य गढ़ा जाता है। सीपी राधाकृष्णन

'सनातन धर्म, सूरज और चांद की तरह शाश्वत और अमर' 11

मंत्री कपिल मिश्रा का आतिशी पर हमला 12

## संक्षेप

### किसानों को सिंचाई योजनाओं का दिया जाए लाभ: मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा है कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित आधुनिकीकरण कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन (एमसीएडीडब्ल्यूएम) योजना का लाभ किसानों को दिया जाए। किसानों को योजना का लाभ मिलने से सिंचाई सुविधाओं का बेहतर उपयोग होगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। मुख्य सचिव ने मंगलवार को एमसीएडीडब्ल्यूएम की अध्यक्षता में चयनित क्लस्टरों की द्वितीय समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा किया जाए और किसी भी प्रकार की देरी की स्थिति में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

### यूपी में एक साल 2.78 लाख लोगों ने 10 हजार में की संपत्तियों की रजिस्ट्री

**लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा गिफ्ट डीड में परिजनों के बीच 10 हजार रुपये में रजिस्ट्री की सुविधा देने के बाद अपनों के बीच संपत्तियां करने में भारी इजाफा हुआ है। प्रदेशभर में वर्ष 2025 में 278450 लोगों ने परिवार के बीच संपत्तियों का बंटवारा करते हुए रजिस्ट्रियां की हैं और अन्य लोगों ने 34993 रजिस्ट्रियां की हैं। स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने मंगलवार को विधान भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गिफ्ट डीड, किरायेदारी एग्रीमेंट और महिलाओं के पक्ष में रजिस्ट्री कराने के लिए रजिस्ट्री व स्टांप शुल्क में भारी छूट दी है। पारिवार के बीच 5000 स्टांप और 5000 रुपये पंजीकरण शुल्क पर रजिस्ट्री की सुविधा दी गई है।

### बस्ती मेडिकल कालेज में इंजेक्शन लगाने के बाद मासूम की मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कालेज में मंगलवार को इंजेक्शन लगने के बाद एक तीन माह के बच्चे की मौत हो गयी है जबकि दो अन्य की हालत बिगड़ गयी है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि महर्षि वशिष्ठ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कालेज की चिकित्सा ईकाई ओपेड कैली के पीआईसीयू वार्ड में भर्ती अर्थ (11माह), रिषभ (9 माह) तथा वैष्णवी (3 माह) के बच्चो को स्टाफ नर्स सीमा और प्रमिला ने इंजेक्शन लगाया जिसके बाद तीन माह के बच्चे की हालत इतनी बिगड़ गयी कि उसकी तुरन्त मौत हो गयी तथा दोनों अन्य बच्चे भी गम्भीर हो गये। घटना की सूचना मिलते ही आपातकालीन में तैनात चिकित्सक वहां पहुंच गये और दोनों बच्चों का इलाज शुरू किया। इतनी देर में वहां से दोनों नर्से लापता हो गयी। परिजन गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाने लगे और डायल 112 (पुलिस ) को सूचना दिया। मामलों का जांच-पड़ताल किया जा रहा है। परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच के लिए टीम बनायी जा रही है।

# भारत को भी खड़ी करनी होगी ड्रोन तथा रॉकेट-मिसाइल फोर्स : जनरल द्विवेदी

एजेंसी

❐ ऑपरेशन सिंदूर के चौथे दिन तीनों सेनाओं की गतिविधियों की भनक लगते ही पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा है कि युद्धों में रॉकेट, मिसाइलों और ड्रोन के बढते इस्तेमाल को देखते हुए भारत को भी चीन और पाकिस्तान की तर्ज पर रॉकेट मिसाइल फोर्स बनानी होगी और साथ ही ड्रोन का जखीरा भी बढाना होगा। जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि भारत को मिसाइल फोर्स की जरूरत है। उन्होंने कहा ,'' रॉकेट और मिसाइल आपस में एक-दूसरे से जुड़े हैं और ये दोनों एक ही तरह से काम कर सकते हैं। हम एक रॉकेटऽमिसाइल फोर्स की जरूरत देख रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने रॉकेट फोर्स स्थापित की है और चीन ने भी ऐसा ही एक बल बनाया है। यह समय की जरूरत है कि भारत भी एक ऐसी फोर्स बनाये।

उन्होंने कहा कि भारत ने पिनाका प्रणाली का 120 किलोमीटर की रेंज तक परीक्षण किया है। सेना ने कई अन्य अनुबंधों पर भी हस्ताक्षर किए हैं जिनसे 150 किलोमीटर तक की रेंज का विस्तार किया जाएगा, और आगे चलकर हम इसे 300 से 450 किलोमीटर की रेंज तक पहुंचते हुए देखेंगे। आपने प्रलय और ब्रह्मोस के बारे में भी अवश्य सुना होगा। युद्धों में ड्रोनों के बढते इस्तेमाल पर जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना ने यह निर्णय लिया है कि वह अधिक से अधिक ड्रोन खुद बनाएगी। उन्होंने कहा कि आप यह कमान की क्षमता पर निर्भर है लेकिन यह कहा जा सकता है कि भारतीय सेना की हर कमान या तो 5,000 ड्रोन बना सकती है या पहले ही बना चुकी है। उन्होंने कहा कि ये छोटे ड्रोन नहीं हैं। सेना ने लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाले ड्रोन का परीक्षण किया है, और आगे चलकर हम इनकी रेंज को बढ़ाने जा



रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से सीमा पर ड्रोन की बढती गतिविधियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से आने वाले ड्रोन को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी गयी है और कहा गया है कि भारत को इस तरह की हरकतें मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की बातचीत में इस मुद्दे पर चर्चा हुई है उन्हें साफ शब्दों में बता दिया गया है कि यह हमें स्वीकार्य नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए।उन्होंने कहा ,'' जो ड्रोन हमने देखे हैं, वे बहुत छोटे ड्रोन हैं। वे अपनी लाइट जलाकर उड़ते हैं। वे बहुत अधिक ऊँचाई पर नहीं उड़ते और बहुत कम अवसरों पर देखे गए हैं। 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए थे, और 11 तथा 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन देखे गए। सेना प्रमुख ने कहा कि उनके हिसाब से ये रक्षात्मक ड्रोन थे जो यह देखना चाह रहे ● शेष पेज 11 पर

### सीमा पार अभी भी आठ शिविरों में करीब 150 आतंकवादी सक्रिय

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि नियंत्रण रेखा के पार अभी भी आठ से 10 आतंकवादी शिविर सक्रिय है जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में ● शेष पेज 11 पर

### चीन सीमा पर स्थिति स्थिर, सतर्कता जरूरी, शक्सगाम घाटी में निर्माण कार्य अवैधः सेना प्रमुख

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा है कि उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है लेकिन निरंतर सतर्कता बनाये रखने की जरूरत है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों के निर्देश के आधार पर लिया जायेगा। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन के निर्माण पर विरोध जताते हुए कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच 1963 के समझौते को भारत ने कभी नहीं माना और यह गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की ओर से परस्पर विश्वास बढाने की दिशा में कदम उठाये जाने से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि उत्तरी मोर्चे पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है। शीर्ष स्तर की बातचीत, संपर्क बढने और विश्वास बढाने के उपायों से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। इसके परिणामस्वरूप उत्तरी सीमाओं से लगते क्षेत्रों में पशुओं के चराने, हाइड्रोथेरेपी शिविरों और अन्य गतिविधियों को भी संभव बनाया जा सका है। उन्होंने कहा कि इस मोर्चे पर निरंतर बातचीत से वास्तविक नियंत्रण रेखा सैनिकों की तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। साथ ही संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के तहत क्षमता विकास और अवसंरचना कार्य भी आगे बढ़ रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि दोनों पक्ष धीरे-धीरे अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में बनी समझ और उससे पहले दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कजान में मुलाकात , इसके बाद तियानजिन बैठक और विशेष प्रतिनिधि स्तर की बैठकें भी होती रहीं। इसके अलावा हमारे रक्षा मंत्री ने उनके रक्षा मंत्री से दो ● शेष पेज 11 पर

# नए भारत की कार्यसंस्कृति का प्रतीक 'प्रगति' : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❐ इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से सुनिश्चित हो रहे हैं ठोस परिणाम

❐ प्रगति मॉडल से उत्तर प्रदेश बना देश का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजनः मुख्यमंत्री

❐ इंटर-एजेंसी बाधाएँ समाप्त, अनुमतियों और मंजूरियों में आई तेजी

❐ बॉटलनेक स्टेट से ब्रेकथ्रू स्टेट बना उत्तर प्रदेशः मुख्यमंत्री

❐ 10.48 लाख करोड़ की 330 परियोजनाओं के साथ यूपी के पास देश का सबसे बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो

❐ यूपी में 39% परियोजनाएँ पूरी, 202 परियोजनाएँ समयबद्ध प्रगति पर

❐ 2.37 लाख करोड़ की 128 परियोजनाएँ पूर्ण, ?8.11 लाख करोड़ की 202 परियोजनाएँ प्रगति पर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि नए भारत की नई कार्यसंस्कृति का सशक्त उदाहरण है। मंगलवार को आयोजित विशेष प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'प्रगति' उस प्रशासनिक मॉडल को दर्शाता है, जिसकी नींव आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी और 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति ने यह सिद्ध किया है कि जब इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी एक साथ आती हैं, तो आउटकम अपने आप सुनिश्चित हो जाते हैं। डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फ़ेडरलिज्म को मजबूती देते हुए प्रगति एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना है, जहां अंतर-मंत्रालयीय और अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से जटिल समस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रगति मॉडल की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में 'स्वागत' (स्टेट वाइड अटेंशन ऑन ग्रीवांसेज बाई एप्लिकेशन ऑफ टेक्नोलॉजी) के रूप में प्रारंभ हुई थी, जिसका उद्देश्य नागरिक शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। यही मॉडल आगे चलकर 'प्रगति' के राष्ट्रीय स्वरूप के रूप में विकसित हुआ, जिसने मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, सामाजिक योजनाओं और सिस्टम रिफॉर्म के क्षेत्र में टीम इंडिया अप्रोच को मजबूती प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं, बल्कि गवर्नेंस रिफॉर्म है। इसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में अग्रसर किया है। इसके माध्यम से निर्णय प्रक्रिया तेज हुई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है तथा केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय के साथ-साथ स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके माध्यम से ?86 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। इनमें से 377 प्रमुख परियोजनाओं की प्रत्यक्ष समीक्षा प्रधानमंत्री ● शेष पेज 11 पर

## क्विक कॉमर्स पर सरकार की सख्ती

# 10 मिनट की डिलीवरी डेडलाइन खत्म

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर में एक बड़े नीतिगत बदलाव के तहत, केंद्र सरकार ने '10 मिनट की डिलीवरी' की अनिवार्य समय सीमा को समाप्त करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद, ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी जैसे प्रमुख एग्रीगेटर्स ने इस दबावपूर्ण डेडलाइन को हटाने पर सहमति व्यक्त की है। यह कदम सीधे तौर पर लाखों 'गिग वर्कर्स' की सुरक्षा और उनके कामकाजी हालातों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

सरकार के इस निर्देश का असर धरातल



पर दिखने लगा है। सूत्रों के अनुसार, ब्लिंकिट ने अपनी ब्रांडिंग से '10 मिनट' का वादा हटा दिया है। कंपनी ने अपनी प्रमुख टैगलाइन को बदलकर अब ''30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर वितरित'' कर दिया है, जो पहले ''10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद'' हुआ करती थी।

इस नीतिगत बदलाव के पीछे मुख्य कारण डिलीवरी पार्टनर्स पर पड़ने वाला मानसिक और शारीरिक दबाव है। सार्वजनिक मंचों पर यह बहस तेज थी कि अत्यधिक दबाव और कभी-कभी खराब मौसम की स्थिति में ये कर्मचारी 'दर्द और दुख' का सामना करते हैं। संसद के हालिया सत्र में भी क्विक कॉमर्स कंपनियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए थे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने ● शेष पेज 11 पर

### वाराणसी में कफ सिरप मामले में मुख्य आरोपी का भाई गिरफ्तार

वाराणसी। कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 75 हजार रुपये के इनामी मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के मौसेरे भाई आदित्य जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आदित्य जायसवाल की सप्तसागर मंडी में 'स्वस्तिक फार्मा' नाम से फर्म है। शुभम जायसवाल को लाभ पहुंचाने की नियत से आदित्य जायसवाल द्वारा 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म में नगदी जमा करने का काम किया जाता था। पुलिस के अनुसार, स्वस्तिक फार्मा फर्म के प्रोप्राइटर आदित्य जायसवाल द्वारा पालीकोठी स्थित एक बैंक की शाखा में एक करोड़ रुपये नगद जमा किए गए थे। बैंक में पैसा जमा करते समय एक स्लिप पर आदित्य जायसवाल द्वारा ● शेष पेज 11 पर

# वाहन स्क्रैपिंग में यूपी देश में नंबर वन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ सर्वाधिक 94,094 वाहनों की स्क्रैपिंग

लखनऊ। प्रदूषण मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्तर प्रदेश ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वाहन स्क्रैपिंग में उत्तर प्रदेश देश का नंबर एक राज्य है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के डैशबोर्ड के आंकड़ों के अनुसार राज्य में दिंसबर 2025 तक लगभग 94,094 वाहन स्क्रैप किए जा चुके हैं जो देश में स्क्रैप वाहनों की कुल संख्या का लगभग 42 प्रतिशत है। इस मामले में यूपी के बाद हरियाणा, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र का नंबर आता है। पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग की नीति न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि आधुनिक, सुरक्षित और कम उत्सर्जन वाले वाहनों को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डैश बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2025 तक पूरे भारत में लगभग 3.94 लाख वाहन स्क्रैप हो चुके हैं जिनमें 1.65 लाख सरकारी और 2.29 लाख निजी/व्यावसायिक वाहन हैं। देश में रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फ़ेसेलिटी (आरवीएसएफ) केंद्रों के मामले में भी यूपी सबसे आगे है। प्रदूषण मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण ● शेष पेज 11 पर

## मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए तैयारी पूरी

# 1 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन का प्रशासन का अनुमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए 12100 फीट लम्बाई में घाटों का निर्माण

❐ कम से कम पैदल चलने के लिए घाटों के नजदीक बनाई गई पार्किंग

❐ स्वच्छता के लिए 3300 स्वच्छता कर्मी तैनात, मेला क्षेत्र में 25,880 टॉयलेट का निर्माण

❐ यातायात एवं भीड़ प्रबन्धन हेतु एआई सर्विलांस बेस्ड अन्तर्जनपदीय एवं अन्तर्राज्यीय कार्ययोजना का विकास




प्रयागराज। प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले का दूसरा स्नान पर्व मकर संक्राति 14 जनवरी को है। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व में 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान संपन्न कराने के बाद अब मेला प्रशासन ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए कमर कस ली है। इसके लिए स्नान घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, इसके लिए घाटों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान का प्रशासन का अनुमान है।

पिछले माघ मेला-2024 में इस पर्व पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। इस बार लगभग तीन गुना अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान को देखते हुए मेला प्रशासन ने भी भीड़ प्रबंधन का मेगा प्लान तैयार किया है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है भीड़ प्रबन्धन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत इस बार 42 अस्थायी पार्किंग विकसित की गयी है, जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। माघ मेला 2025-26 में कुल 12100 फीट लम्बाई में घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं चेंजिंग रूम, पुआॅल, कॉसा, शौचालय आदि उपलब्ध हैं। मेला अधिकारी के अनुसार माघ मेले में गंगा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर के गंगा बैराज से प्रतिदिन 8000 क्यूसेक जल छोड़ा जा रहा है। प्रयागराज में दोनों नदियों में गिरने वाले सभी 81 नालों की टैपिंग की जा चुकी है। निरंतर गंगा जल की मॉनिटरिंग हो रही है। शासन के निर्देश ● शेष पेज 11 पर

# सुप्रीम कोर्ट के जज भ्रष्टाचार कानून पर बंटे

एजेंसी

❐ जस्टिस नागरत्ना बोलीं- धारा 17ए असंवैधानिक, न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने धारा 17 ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए की संवैधानिक वैधता पर विभाजित फैसला सुनाया। यह धारा किसी लोक सेवक के खिलाफ उसके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान लिए गये निर्णयों को लेकर जांच शुरू करने से पहले सरकार की पूर्व अनुमति को अनिवार्य बनाती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की दो-न्यायाधीशों की पीठ इस प्रावधान पर एकमत नहीं हो सकी। यह धारा वर्ष 2018 में किए गए संशोधन के जरिए अधिनियम में जोड़ी गई थी। मतभेद के कारण मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया गया है, जो इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय के लिए उपयुक्त पीठ का गठन करेंगे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने धारा 17 ए को असंवैधानिक बताते हुए इसे निरस्त करने की राय दी। उन्होंने कहा कि यह प्रावधान ईमानदार अधिकारियों की रक्षा करने के बजाय भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने का काम करता है।



उनके अनुसार, पूर्व अनुमति की शर्त जांच की प्रक्रिया को शुरू में ही रोक देती है, जो भ्रष्टाचार निरोधक कानून के उद्देश्य के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस तरह के संरक्षण को उच्चतम न्यायालय पहले ही विनीत नारायण और सुब्रमण्यम स्वामी मामलों में खारिज कर चुका है, और धारा 17 ए उन्हीं अमान्य प्रावधानों को फिर से लागू करने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर, न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने धारा 17 ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, लेकिन इसकी सीमित व्याख्या की। उन्होंने कहा कि जांच की अनुमति देने का फैसला सरकार या कार्यपालिका के पास न होकर स्वतंत्र संस्था के पास होना चाहिए, जैसे केंद्र में लोकपाल और राज्यों में लोकायुक्त। इस हद तक उन्होंने इस प्रावधान को ● शेष पेज 11 पर

### 'कुत्ते ने काटा तो राज्य सरकार देगी मुआवजा'

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर समेत देश के कई शहरों में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। आज (13 जनवरी 2026) सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस मामले पर सुनवाई के दौरान बड़ा फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कुत्ते के काटने पर मुआवजा देने का आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई बच्चा या बुजुर्ग कुत्ते के काटने से जख्मी हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है, तो राज्य सरकारें उसे मुआवजा देगी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ ने मामले पर पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोग इस घटना के जिम्मेदार होंगे। जस्टिस विक्रम ने कहा, ''एक काम करो, कुत्तों को अपने घर लेकर जाओ। उन्हें इधर-उधर भटकने के लिए क्यों छोड़ा जाए? जिससे कुत्ते लोगों को डराते और काटते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की ये टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी की दलीलों के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि आवारा कुत्तों का मामला एक भावुक मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा, ''ये भावुकता सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिखाई पड़ती है। इसके जवाब में मेनका ने कहा, ''ये बात नहीं है, हमें लोगों की भी उतनी ही चिंता है। बता दें कि कुत्ते के काटने के बढ़ते मामलों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। वहीं, कोर्ट ने सरकारी और सार्वजनिक स्थानों में कुत्तों को प्रवेश न देने के लिए कहा था। सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश का कई लोगों ने विरोध किया था।

# मुख्यमंत्री योगी की परिकल्पना के अनुसार तैयार की गई हैं टेंट सिटी : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मकर संक्रांति सहित अन्य प्रमुख स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए संगम तट पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त टेंट सिटी बसाई गई है। संगम की पुण्य धारा में डुबकी लगाने देश-दुनिया से श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन हो रहा है। इसी क्रम में आगंतुकों को सुरक्षित और यादगार अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने संगम तट की रेत पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित टेंट कॉलोनी बसाई है, जो कल्पवासियों और पर्यटकों के लिए आस्था के साथ-साथ आकर्षण का नया केंद्र बनकर उभरी है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज के अरैल सेक्टर-7 में त्रिवेणी पुष्प से पहले विकसित टेंट कॉलोनी में कुल 50 अत्याधुनिक कॉटेज बनाए गए हैं, जिनकी ऑनलाइन बुकिंग यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। टेंट कॉलोनी को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें 15 हजार रुपये किराए वाला प्रीमियम, 11 हजार 500 रुपये का लग्जरी और 7 हजार 500 रुपये का डीलक्स कॉटेज शामिल है। यहां कुल 12 प्रीमियम, 8 लग्जरी और 30 डीलक्स टेंट बने हैं, जिनमें ठहरने वाले श्रद्धालुओं के लिए उसी शुल्क में सात्विक भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। टेंट कॉलोनी परिसर में यज्ञशालाएं बनाई गई हैं, जहां लगातार भजन-कीर्तन हो रहा है। सांस्कृतिक रंग देने के लिए कलाग्राम भी विकसित किया गया है, जहां स्थानीय शिल्प और लोककला को बढ़ावा दिया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि माघ मेले में रोजगार और नवाचार को विशेष बढ़ावा मिला है, जहां संगम टेंट कॉलोनी में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रदर्शनी के जरिए प्रयागराज की पारंपरिक मूंज कला के भी स्टॉल लगे हैं। यहां के कारीगरों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। माघ मेला 2026 न केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रहा है, बल्कि उद्यमियों और हस्तशिल्पियों के लिए व्यापार का बड़ा मंच भी बन गया है, जहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु मूंज से बने डलिया, पेन स्टैंड, रोटी रखने के बर्तन, गमले और सजावटी सामान जैसे उत्पाद पसंद कर रहे हैं। नैनी क्षेत्र के महेवा इलाके की यह पारंपरिक कला, जिसे चांद जैसी कारीगर वर्षों से आगे बढ़ा रही हैं, अब आधुनिक रूप में सामने आकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना पा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि पर्यटन, रोजगार और स्थानीय कला को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। यूपीएसटीडीसी द्वारा विकसित संगम टेंट कॉलोनी इसका बेहतरीन उदाहरण है, जहां श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत मूंज कला जैसे पारंपरिक शिल्प को मंच देकर स्थानीय कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। योगी जी की सोच है कि प्रदेश का हर आयोजन रोजगार, नवाचार और संस्कृति से जुड़े, और माघ मेला 2026 इसी सोच को जमीन पर उतारता हुआ दिखाई दे रहा है।

# कर्तव्य पथ पर उप्र की 42 ग्राम पंचायतों की होगी 'ऐतिहासिक' मौजूदगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों की ऐतिहासिक सहभागिता होने जा रही है। प्रदेश से चयनित 42 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ग्राम प्रधान अपने जीवनसाथी/अभिभावक के साथ इस राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेंगे।

इसके साथ ही केन्द्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल द्वारा संस्तुत 20 विशिष्ट अतिथि, राज्य एवं जनपद स्तर के नोडल अधिकारियों को मिलाकर उत्तर प्रदेश से कुल 93 प्रतिभागी इस राष्ट्रीय समारोह में सहभागिता करेंगे। यह सहभागिता इस तथ्य को रेखांकित करती है कि ग्राम पंचायतें अब केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करते हुए राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। जानकारी के अनुसार, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर उत्तर प्रदेश से 42 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को नामित किया गया है। यह अवसर ग्राम पंचायतों के लिए सम्मान, उपलब्धि और प्रेरणा से भरा हुआ बताया जा रहा है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि गांवों की मेहनत, पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनभागीदारी को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिलना पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह आमंत्रण उन पंचायत प्रतिनिधियों के समर्पण का परिणाम है, जिन्होंने विकास को जन-आंदोलन का रूप दिया। वहीं निदेशक, पंचायती राज विभाग अमित कुमार सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा क्षमता निर्माण, पारदर्शिता और नवाचार के माध्यम से पंचायतीराज व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। दिल्ली में पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति इस बदलाव का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश की पंचायतें अब राष्ट्र निर्माण की मजबूत कड़ी बन चुकी हैं।

## वोट बैंक ही नही, सरकार बनाना और गिराना भी जानते हैं : संजय निषाद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद समाज किसी का वोट बैंक नहीं है। हम केवल नदी–तालाब में मछली नहीं पकड़ते, सरकार बनाना और गिराना भी जानते हैं। उन्होंने फूलन देवी और स्व. जमुना निषाद की हत्या की सीबीआई जांच की मांग दोहराई। मंगलवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) का 13वां संकल्प दिवस डॉ. बी.आर. आंबेडकर सभागार, राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ।

## लखनऊ मेट्रो की अपील : मेट्रो कॉरिडोर के पास न उड़ाएं पतंग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यात्री सुरक्षा और मेट्रो सेवाओं के निर्बाध संचालन को ध्यान में रखते हुए लखनऊ मेट्रो ने मकर संक्रांति पर्व पर होने वाली पतंगबाजी को लेकर शुभकामनाएं देते हुए आमजन से मंगलवार को एक अपील की है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के जनसंपर्क विभाग की ओर से मंगलवार को जारी पत्र में कहा गया है कि वे मेट्रो कॉरिडोर के आसपास पतंग उड़ाने से परहेज करें। पूर्व में पतंगबाजी से मेट्रो परिचालन प्रभावित हुआ है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि चीनी मांझा अथवा धातुयुक्त धागा विद्युत का सुचालक होता है। इसके उपयोग से शॉर्ट सर्किट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे जान–माल की हानि की आशंका के साथ–साथ मेट्रो की ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन (ओएचई) प्रणाली को भी गंभीर क्षति पहुंच सकती है। धातुयुक्त धागा ओएचई में फंसने पर ट्रिपिंग की स्थिति बनती है, जिसके परिणामस्वरूप मेट्रो सेवाएं बाधित हो सकती हैं। ऐसी घटनाओं में पतंग उड़ाने वाले व्यक्तियों के घायल होने के मामले भी सामने आए हैं। प्रचलित नियमों के अंतर्गत मेट्रो संपत्ति को क्षति पहुंचाने पर मेट्रो रेलवे अधिनियम, 2002 की धारा 78 के तहत बिना वारंट के 10 वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। इसी को ध्यान में रखते हुए लखनऊ मेट्रो नागरिकों से अपील करता है कि वे चीनी मांझा अथवा तांबे के तार का प्रयोग न करें और मेट्रो कॉरिडोर के निकट पतंग उड़ाने से बचते हुए सुरक्षित एवं निर्बाध मेट्रो संचालन में सहयोग प्रदान करें।

## मेरठ मुद्दे को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मेरठ में युवक रोहित उर्फ सोनू उर्फ रोनू कश्यप की हत्या के मामले को लेकर राजधानी में सियासत गरमा गई है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज चौराहे पर जुटकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बिगड़ती कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की व तीखी नोकझोंक भी हुई। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने मांग की कि सोनू कश्यप हत्याकांड के सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। प्रदर्शन में शामिल सपा कार्यकर्ता जीतू कश्यप ने आरोप लगाया कि शासन के दबाव में पुलिस कार्रवाई से बच रही है। उन्होंने कहा कि नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है, लेकिन तीन–चार अन्य आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे पीड़ित परिवार दहशत में है। मृतक के भाई ने भी अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। सपा नेताओं ने सरकार पर दोहरे रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि बाहरी घटनाओं पर कड़ा रुख दिखाया जाता है, लेकिन प्रदेश में ऐसी घटनाओं पर सरकार चुप्पी साध लेती है। इस दौरान स्थिति को बिगड़ने से पहले पुलिस ने तेजी दिखाते हुए सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और उन्हें बसों में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया।

## डिजिटल शिक्षा अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता : असीम अरुण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल शिक्षा अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। तकनीक के माध्यम से छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नई जानकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग मिलेगा।
उन्होंने कहा कि यह प्रयास बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर बनेंगी। मंगलवार को छात्राओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाकर उन्हें शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने एक नई पहल शुरू की है। इसी क्रम में मंगलवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में समन्वय बैठक एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग और मदद फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।
कार्यक्रम के तहत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, गोरखपुर और महाराजगंज के प्रधानाचार्यों को कुल 40 टैबलेट सौंपे गए। प्रत्येक विद्यालय को 20–20 टैबलेट दिए गए हैं, ताकि छात्राएं इनका उपयोग पढ़ाई, डिजिटल लर्निंग और शैक्षणिक गतिविधियों में कर सकें। यह पहल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की गई है, जिसकी सफलता के बाद अन्य जनपदों के विद्यालयों को भी टैबलेट दिए जाने की योजना है। मदद फाउंडेशन के फाउंडर राजेश मणि ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के साथ यह साझेदारी शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सार्थक पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रयास से छात्राओं में तकनीकी कौशल विकसित होगा और वे डिजिटल दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकेंगी।

# बेटियों के उत्तराधिकार में भेदभाव, कानूनों का विरोधाभास बना बड़ी बाधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की रिसर्च एवं डेवलपमेंट योजना 2021-22 के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा किए गए एक महत्वपूर्ण अध्ययन ने बेटियों के उत्तराधिकार अधिकारों की वास्तविक स्थिति को सामने ला दिया है।

रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि कृषि भूमि और पैतृक संपत्ति में बेटियों को बराबरी का अधिकार दिलाने की बात तो की जाती है, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर आज भी उन्हें संपत्ति से वंचित किया जा रहा है। यह शोध परियोजना ह्लमिशन शक्ति के अंतर्गत बेटियों के कृषि एवं पैतृक सम्पत्ति में उत्तराधिकार की स्थिति का विधिक मूल्यांकनङ्क विषय पर तैयार की गई।

परियोजना के प्रधान अन्वेषक प्रो. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कृषि भूमि के उत्तराधिकार की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश भू-राजस्व संहिता, 2006 के तहत संचालित होती है। इस कानून में केवल अविवाहित पुत्री को ही पिता की कृषि भूमि में हिस्सेदारी का अधिकार दिया गया है, जबकि विवाहिता पुत्री का अधिकार स्वतः समाप्त मान लिया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रावधान बेटियों को शादी और संपत्ति के बीच कठिन निर्णय लेने को मजबूर करता है और समान अधिकार की अवधारणा के विपरीत है।

अध्ययन में यह भी कहा गया है कि इसके विपरीत हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 बेटियों को जन्म से ही पैतृक संपत्ति में समान अधिकार देता है। इतना ही नहीं, सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला विनीता शर्मा बनाम राकेश शर्मा भी बेटियों के बराबरी के अधिकार को पूरी मजबूती से स्थापित करता है। ऐसे में राज्य के भू-राजस्व कानून और केंद्र के उत्तराधिकार कानून में मौजूद यह विरोधाभास अनेक स्तरों पर विवादों और असमानता को जन्म देता है। रिपोर्ट में लखनऊ जनपद की बक्शी का तालाब तहसील में कराए गए सर्वे का उल्लेख भी किया गया है। सर्वे के निष्कर्ष बेहद चौंकाने वाले रहे। इसके मुताबिक लगभग 90 प्रतिशत बेटियों को पिता की संपत्ति में हिस्सा नहीं दिया गया। इसके साथ ही बड़ी संख्या में बेटियां अपने अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से भी अनजान पाई गईं। रिपोर्ट ने सरकार को कई ठोस सुझाव दिए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि विवाहिता पुत्री की वास्तविक हिस्सेदारी विवाह के समय ही तय कर दी जानी चाहिए, ताकि आगे विवाद की स्थिति न बने। साथ ही यह भी सिफारिश की गई है कि पति के परिवार में भी महिला को पति के बराबर अधिकार सुनिश्चित किए जाएं। बेटियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा पारिवारिक संपत्ति विवादों के त्वरित निस्तारण के लिये अलग विशेष न्यायालय गठित करने का सुझाव भी दिया गया है। रिपोर्ट के निष्कर्ष में कहा गया है कि सामाजिक दबाव, गलत धारणाएं और वसीयत जैसी प्रक्रियाओं के जरिए बेटियों को संपत्ति से वंचित किया जा रहा है। ऐसे में सरकार से अपेक्षा जताई गई है कि कानूनों में आवश्यक संशोधन कर बेटियों को उत्तराधिकार में वास्तविक न्याय और समान अधिकार सुनिश्चित किया जाए।

## रद्द मैच की टिकट के पैसे वापस करने के लिये यूपीसीए ने फिर खोली खिड़की

लखनऊ। पिछले साल 18 दिसंबर को लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर कोहरे और खराब रोशनी के कारण भारत दक्षिण अफ्रीका के बीच रद्द मैच की टिकट के पैसे वापस करने के लिये उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने एक बार फिर अपना टिकट काउंटर खोला है। यूपीसीए के मीडिया कोर्डिनेटर मोहम्मद फहीम ने मंगलवार को बताया कि पिछली 18 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मुकाबला खराब मौसम के कारण रद्द करना पड़ा था। उन्होने दर्शकों से अपील की कि जिन्होने अब तक अपने टिकट वापसी का भुगतान नहीं लिया है। वे 12 से 22 जनवरी के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम के गेट नंबर दो स्थित बॉक्स आफिस में आकर अपने टिकट के एवज में पैसा ले सकते हैं। यह टिकट खिड़की सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक इस अवधि में हर रोज खुलेगी। उन्होने साफ किया कि दर्शकों को टिकट वापसी का यह अंतिम मौका दिया जा रहा है।

## फैमिली ड्रामा महादेव एंड संस के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे शक्ति आनंद, स्नेहा वाघ और मानसी साल्वी




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ में शक्ति आनंद, स्नेहा वाघ और मानसी साल्वी का प्रोड्यूसर सौरभ तिवारी के साथ स्वागत किया गया। यह कलर्स के नए फैमिली ड्रामा महादेव एंड संस के प्रमोशन के लिए लखनऊ आए और मीडिया से रूबरू हुए। मीडिया से बात करते हुए बताया कि इसकी शूटिंग बीकेटी स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर व हरदोई में हुई है। जिसकी कहानी उत्तर प्रदेश के हरदोई पर आधारित है। मुखिया महादेव का किरदार निभा रहे शक्ति आनंद ने कहा कि लोगों ने महादेव एंड संस के लिए जिस तरह का प्यार दिखाया है, वह दिल को छूने वाला है। उन्होंने कहा कि एक पिता के किरदार को इतनी सराहना मिली है। जिसका लिए सबका आभारी हू। वहीं विद्या के किरदार के बारे में बात करते हुए स्नेहा वाघ ने बताया कि विद्या उन सभी प्यारी माँओं का मिश्रण है जिन्हें मैंने अपनी ज़िंदगी में देखा है, ऐसी महिलाएँ जो प्यार के साथ खड़ी रहती हैं, दर्द सहती हैं, झगड़ों को शांत करती हैं, और करुणा के साथ परिवारों को एक साथ रखती हैं। ये गुण भारतीय घरों में बहुत गहराई से बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उस राज्य में आना जहाँ महादेव एंड संस की नींव पहली बार रखी गई थी, एक एक्टर के तौर पर मेरी यात्रा में एक खूबसूरत पूरा चक्र जैसा पल लगता है। वहीं इस मौके पर भानु के किरदार पर दर्शकों के रिएक्शन के बारे में बात करते हुए मानसी साल्वी ने कहा कि एक एक्टर के तौर पर, दर्शकों को एक ग्रे कैरेक्टर की तारीफ करते देखना बहुत संतोष देता है। भानु का घमंड ही उसकी ताकत और उसकी कमजोरी है, और उसका गुस्सा क्रूरता से नहीं, बल्कि इमोशनल ज़ख्मों से आता है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में यह कहानी सेट है, वहीं के दर्शकों का इस कॉम्प्लेक्सिटी को समझना और उसकी तारीफ करना, मेरे लिए सबसे बड़ी तारीफ है।

## नीरज, सुधांशु और नरेश को उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स संघ में अहम जिम्मेदारी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स संघ द्वारा लखनऊ के तीन खेल पदाधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत किया गया है। संघ की ओर से नीरज श्रीवास्तव को लखनऊ मंडल का कोऑर्डिनेटर, सुधांशु गौड़ को उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन का संयुक्त सचिव तथा नरेश सागर को लखनऊ जिले का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्तियां नोएडा के सेक्टर-104 स्थित छवि होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की विशेष सामान्य बैठक में की गईं। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संदीप भटनागर ने की, जबकि जनरल सेक्रेटरी धर्मेंद्र सिंह राठौड़ भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से लखनऊ के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक नीरज श्रीवास्तव को लखनऊ मंडल का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। नीरज श्रीवास्तव को लखनऊ जिले में स्केटिंग खेल की शुरुआत करने वाले प्रमुख प्रशिक्षकों में गिना जाता है। वहीं सुधांशु गौड़ को प्रदेश स्तर पर संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई और नरेश सागर को लखनऊ जिले का कोऑर्डिनेटर बनाया गया। इन नियुक्तियों पर लखनऊ रोलर स्पोर्ट्स से जुड़े मनोज वर्मा, अंजनी, डॉ. अभय सिंह, गौरव, लक्ष्मी, सविता सिंह, सुनील शुक्ला, प्रकाश मिश्र, आदित्य बाजपेई सहित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों ने खुशी जताते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# हम सिर्फ संभावनाओं की बात नहीं करते, परिणाम भी देते हैं : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सिर्फ उत्तर प्रदेश में निहित संभावनाओं की ही बात नहीं करते, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति से संभावनाओं के अनुरूप परिणाम भी देते हैं। सरकार के करने की इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, दंगामुक्त होकर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

योगी ने मंगलवार को गोरखपुर महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के करने की इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, दंगामुक्त होकर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

गोरखपुर स्थिति रामगढ़ताल के सामने चंपा देवी पार्क में आयोजित गोरखपुर महोत्सव के मुख्य मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सरकार के प्रयासों से नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन हो रहा है। उद्यमियों, व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण में कारोबार को आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। बहन-बेटियों को मुस्कुराते हुए स्कूल-बाजार जाने का माहौल मिल रहा है। आज यदि किसी ने बहन-बेटियों की राह में बाधा डालने का दुस्साहस किया तो अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने को तैयार मिलेगा। यह तभी संभव हो रहा है जब सरकार में करने की दृढ़ इच्छाशक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी ताकत धैर्य और अनुशासन है। हमने कभी धैर्य नहीं खोया। उपेक्षा हुई तो संघर्ष का रास्ता अपनाया। इंसेफ़ेलाइटिस की समस्या पर तत्कालीन सरकारों द्वारा की जा रही उपेक्षा का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि तब सड़कों पर आंदोलन किया और जब सरकार में आए तो पूरी जिम्मेदारी की भावना के साथ दो वर्षों में इंसेफ़ेलाइटिस का खात्मा कर दिखाया। उन्होने कहा कि आज गोरखपुर और उत्तर प्रदेश विकास की नई बुलंदियों पर है। 2017 के पहले भी जब देश आगे बढ़ रहा था तो गोरखपुर पीछे छूट गया था। तुलना की जाए तो 2017 के पहले और इसके बाद के उत्तर प्रदेश और गोरखपुर में जमीन-आसमान का अंतर दिखेगा। 2017 तक प्रदेशभर की तरफ गोरखपुर भी उपद्रव, गुंडागर्दी की चपेट में था। गुंडा टैक्स वसूला जाता था। सड़कें जर्जर थीं, बिजली नहीं मिलती थी। गंदगी, बीमारी और इंसेफ़ेलाइटिस का कहर था। योगी ने कहा कि मच्छर और माफिया एक दूसरे के पूरक होते हैं। एक शरीर को अस्वस्थ करता है तो दूसरा समाज को। उन्होंने कहा कि जब समाज हर प्रकार की स्वच्छता शारीरिक और सामाजिक, के प्रति जागरूक नहीं होता है तो उसे दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के वर्तमान और पूर्व की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि कभी गोरखपुर माफियाराज और गुंडाराज के लिए कुख्यात था। प्रदेश की भी यही स्थिति थी। हर दूसरे-तीसरे दिन प्रदेश में दंगा होता था। व्यापारी, बहन, बेटियां सुरक्षित नहीं था। व्यापारी गुंडा टैक्स देने को मजबूर थे। इंसेफ़ेलाइटिस बीमारी चरम पर थी और नौनिहालों को इससे बचाने के लिए कोई पुरसाहाल नहीं था। नौजवान पलायन को मजबूर थे। इसके साथ बदलाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कायाकल्प के लिए जो अभियान शुरू किया, उसके परिणाम आज जमीनी धरातल पर नजर आ रहे हैं। उन्होने कहा कि आठ साल पहले आया व्यक्ति यदि आज गोरखपुर आएगा तो यहां विकास से आए बदलाव के चलते शहर को पहचान नहीं पाएगा। ऐसी ही स्थिति अयोध्या, काशी, प्रयागराज को लेकर होगी। आठ साल बाद लखनऊ आए एक व्यक्ति द्वारा बताए गए संस्मरण को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह व्यक्ति लखनऊ को पहचान ही नहीं पाए। उन्होंने बताया कि आठ साल पहले जब वह लखनऊ आए थे तब बहुत गंदगी गंदगी थी, सड़कें संकरी थीं। और, उन्हें सूर्यास्त के बाद घर से न निकलने की सलाह दी गई थी। अब वह देर रात में भी भयमुक्त होकर निकल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलाव ही समृद्धि और खुशहाली का आधार है। इसी मंत्र को अपनाते हुए आज जब भारत आगे बढ़ रहा है तो उसमें उत्तर प्रदेश और गोरखपुर भी पीछे नहीं है। आज बिना मांगे विकास की योजनाएं लोगों तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि पहले कोई सोचता था कि गोरखपुर का खाद कारखाना चल पाएगा, गोरखपुर में एम्स बन पाएगा या बीआरडी मेडिकल कॉलेज फिर से चिकित्सा का बेहतरीन केंद्र बन सकेगा। पर, आज यह सारी बातें हकीकत हैं। कभी अपराध के लिए बदनाम रहा रामगढ़ताल आज पर्यटन का बेहतरीन केंद्र बन चुका है।

उन्होने कहा कि आज गोरखपुर में शानदार कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर है। यहां फोरलेन और सिक्सलेन सड़कों का संजाल है। 10 वर्ष पूर्व गोरखपुर से लखनऊ जाने में 8 से 10 घण्टे, अयोध्या और काशी जाने में 6 घण्टे लग जाते थे। आज शानदार रोड कनेक्टिविटी होने से गोरखपुर से लखनऊ की दूरी साढ़े तीन घण्टे में, काशी की दूरी ढाई घण्टे में और अयोध्या की दूरी डेढ़ घण्टे में पूरी हो जाती है। 2017 के पहले गोरखपुर से सिर्फ एक वायु सेवा थी वह भी कभी कभार ही मिलती थी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियन्ता / नि०–चतुर्थ / लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहरबन्द **निविदा दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर, उप मुख्य अभियंता निर्माण, चतुर्थ, के अधीन प्रस्तावित, जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी, लखनऊ में 200–सीटर ऑडिटोरियम (हरित / सामग्री अनुपालन भवन) का निर्माण तथा अधिकारियों के हॉस्टल, बैरक आदि के मौजूदा अधोसंरचना का उन्नयन / आधुनिकीकरण एवं संबद्ध विद्युत कार्य आदि। | | |
| निविदा फॉर्म मूल्य | शून्य | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹2207.16 लाख | | |
| धरोहर राशि | ₹12,53,600/- | निविदा प्रकार | कोम्पोजीट |
| ई निविदा जमा करने की तारीख / समय एवं निविदा खुलने की तारीख | क | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.02.2026 समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in | |
| | ख | निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि 21.01.2026. निविदा के कार्य की समान प्रकृति और इवैल्यूएशन के लिए विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र शर्तों के साथ तिथि 14.01.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। | |
| | ग | निविदा दिनांक 04.02.2026 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। | |

सं.: 85–टेण्डर / उप–मुख्य अभियन्ता / नि०–चतुर्थ / लखनऊ
दिनांक: 12.01.2026 123/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

यूपीएसआईएफएस में अपराध स्थल प्रबंधन पाठ्यक्रम का पहला बैच सफलतापूर्वक संपन्न

# 87 पुलिस अधिकारी बने फॉरेंसिक विशेषज्ञ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवाओं के सौजन्य से आयोजित ङ्कअपराध स्थल प्रबंधनङ्क विषयक विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का पहला बैच मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न पुलिस आयुक्तालयों एवं जनपदों से आए आरक्षी से लेकर उपनिरीक्षक स्तर तक के कुल 87 पुलिस अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर फॉरेंसिक विशेषज्ञ के रूप में संस्थान से विदा हुए।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी रहे, जिन्हें उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 45 दिनों तक चला, जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा अपराध स्थल से जुड़े वैज्ञानिक और कानूनी पहलुओं का गहन अध्ययन कराया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. जी.के. गोस्वामी ने प्रशिक्षित अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस विवेचना तभी प्रभावी होगी जब उसे कानून से जोड़कर किया जाएगा। यदि विवेचना वैज्ञानिक और विधिक आधार पर नहीं होगी तो न्यायालय में अभियोजन विफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी अपने कार्यों को विधि के अनुरूप करेंगे तो पीड़ित को न्याय दिलाना संभव होगा। उन्होंने अधिकारियों से अपने अच्छे कार्यों का लिखित अभिलेख रखने की आदत डालने पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य में यही दस्तावेज़ उनके लिए सबसे बड़ा प्रमाण बनेंगे। डॉ. गोस्वामी ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया का युग भले ही प्रभावशाली हो, लेकिन आंख मूंदकर उस पर भरोसा करना खतरनाक हो सकता है। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण में सीखी गई विधाओं को ईमानदारी, निष्ठा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ फील्ड में लागू करने की शपथ दिलाई। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए परीक्षित शर्मा, रोहित कुमार और मिंटू तोमर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि छह सप्ताह तक चले इस पाठ्यक्रम में अपराध स्थल के संरक्षण, साक्ष्य संकलन, वैज्ञानिक परीक्षण और विधिक प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी प्रशिक्षु यूपीएसआईएफएस में अर्जित ज्ञान को अपने कार्यक्षेत्र में लागू कर आम जनता को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. सपना शर्मा, डॉ. श्रुतिदास गुप्ता, डॉ. वाष्णेय, डॉ. पोरवी सिंह, डॉ. स्नेहा, स्नेहिल, गिरिजेश राय, प्रतिसार उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, अमर सिंह तथा कार्तिकेय सहित अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टकराई बाइक, युवक घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, अल्ट्राटेक प्लांट के सामने एक तेज रफ्तार बाइक के सामने अचानक नीलगाय आ जाने से यह दुर्घटना हुई। गनीमत रही कि हादसे में युवक को गंभीर चोटें नहीं आईं।कैसे हुआ हादसा मंगलवार को सुबह करीब 10:00 बजे पुलिस को सूचना मिली कि अल्ट्राटेक प्लांट के सामने मुख्य मार्ग पर एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। सूचना मिलते ही थाना मोहनलालगंज पुलिस टीम बिना विलंब किए मौके पर पहुँची। जांच में पता चला कि प्रदीप, पुत्र स्वर्गीय शीतल निवासी गौरा, थाना मोहनलालगंज, अपनी बाइक संख्या UP32 PW 0395 से जा रहे थे। तभी अचानक सड़क पर एक नीलगाय आ गई। रफ्तार होने के कारण प्रदीप बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सके और बाइक सीधे नीलगाय से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।पुलिस की त्वरित कार्रवाई मौके पर पहुँची पुलिस टीम और डायल 112 की सहायता से घायल प्रदीप को तत्काल उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचित किया और उनकी मौजूदगी में प्रदीप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार, प्रदीप को हल्की चोटें आई हैं और उनकी स्थिति अब स्थिर है।यातायात व्यवस्था सामान्य हादसे के बाद सड़क पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था, लेकिन पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए क्षतिग्रस्त बाइक को किनारे कराया। थाना प्रभारी ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद पुलिस टीम मौके पर पहुँच गई थी। वर्तमान में मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है और यातायात सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। किसी भी प्रकार के जाम की स्थिति नहीं है। सावधानी की अपीलः क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर नीलगायों और लावारिस पशुओं का आतंक बना रहता है। पुलिस और प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे प्लांट के आसपास और रिहायशी इलाकों में वाहन की गति नियंत्रित रखें ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## संगठन की मजबूती पर लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) का जोर

**काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लेबर सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पासवान का लखनऊ में मंगलवार को कार्यकर्ताओ के साथ अहम बैठक किया। इस कार्यक्रम में उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला कुमारी एवं राष्ट्रीय सचिव के बी भारती विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। आये हुए पार्टी के पदाधिकारियों को पूर्व जिलाध्यक्ष शंभूनाथ गुप्ता व मुकेश कुमार गुप्ता ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, श्रमिक हितों, एवं आगामी पंचायत चुनाव व 2027 के चुनावों से संबंधित चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश (मध्य) में लेबर सेल के कार्यकारिणी का गठन भी किया गया । प्रदेश अध्यक्ष के निष्कासन के बाद खाली चल रहे प्रदेश अध्यक्ष पद को लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष (मध्य) पद पर विकास चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी गई वही, वही जिलाध्यक्ष को पदोन्नति करते हुए प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी के साथ नागेंद्र पासवान के साथ अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पासवान ने पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया, साथ में आम जन मानस की समस्याओं पर ध्यान देने को कहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र कठेरिया, अनिल कठेरिया, दिनेश सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 80 वर्षीय वृद्धा ने बेटे व बहू के विरुद्ध दिया शिकायती पत्र

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली में एक अस्सी वर्षीय वृद्ध महिला की ओर से खुद की बहु और बेटे की शिकायत की गई है।पुलिस ने उस महिला के परेशानी के देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया। इंस्पेक्टर डी के सिंह के अनुसार 13 जनवरी 2026 को कस्बा गोसाईगंज के वार्ड सदरपुर करोरा निवासिनी वृद्ध महिला कौशल्या पत्नी राम गुलाम की ओर प्रार्थना पत्र देकर कहा गया है कि वह अपने कुल्हे का इलाज करवाना चाहती थी। इलाज के लिए वह वृद्धा अपने जेवर बेचना चाहती है लेकिन जेवर उसके बेटे महा ने अपने पास रख लिया है। एस एस एच ओ के अनुसार उस बूढ़ी महिला ने मौखिक रूप से यह भी बताया कि उसके दो बेटे है। दूसरे बेटे का नाम राजेश है। उसकी आमदनी बहुत कम है। इसी लिए वह उसका इलाज करवा पाने में सक्षम नहीं है । एस एच ओ के अनुसार उन्होंने वृद्ध महिला की पूरी बात सुनकर तथा उसके के शरीर की जर्जर स्थिति को देखते हुए उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर इलाज कराए जाने के लिए प्राइवेट एंबुलेंस से मोहनलालगंज के निजी अस्पताल विद्या हॉस्पिटल भेज दिया। एस एच ओ के मुताबिक उस वृद्धा का कूल्हा वर्ष 2025 में अप्रैल माह में टूट गया था। लंबे समय से आर्थिक अभाव व बच्चों की निष्क्रियता के कारण उसका इलाज नहीं हो पाया। आज पुलिस द्वारा इलाज कराए जाने की बात सुनकर वह महिला भावुक हो उठी और उसकी आंखों से आंसू बहने लगे। इस पूरे मामले को जो भी सुनता है वही गोसाईगंज पुलिस के कार्य की सराहना करता है।

## अर्धमानसिक युवक ने ट्रेन के सामने लेटकर की आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के शेखनखेड़ा गांव निवासी एक अर्धमानसिक विक्षिप्त युवक ने मंगलवार को टिकरा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शेखनखेड़ा निवासी तेज नारायण ने बताया कि उनका 18 वर्षीय छोटा बेटा सूरज, जो अर्धमानसिक विक्षिप्त था, मंगलवार सुबह बिना बताए घर से निकल गया था। परिजन उसकी तलाश में जुटे ही थे कि इसी दौरान लोको पायलट ने रेलवे ट्रैक पर युवक के कटने की सूचना जीआरपी को दी। सूचना मिलते ही जीआरपी और निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, परिजन खोजते हुए निगोहां थाने पहुंचे, जहां उन्हें सूरज की मौत की जानकारी मिली। खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक सूरज परिवार में सबसे छोटा था। उसके एक बहन और तीन भाई हैं। बड़े भाई संजय व संदीप मजदूरी करते हैं, जबकि पिता तेज नारायण एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं।

## उत्तरायणी कौथिग का आगाज आज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पर्वतीय महापरिषद की ओर से उत्तरायणी कौथिग के रजत जयंती समारोह का आगाज बुधवार से होगा। 15 दिवसीय कौथिग 2026 का शुभारंभ बुधवार शाम को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। मंगलवार को कौथिग स्थल पर महापौर सुषमा खर्कवाल पहुंचीं। उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। सभी जरूरी कार्य तेजी से कराने के निर्देश दिए। साथ ही पर्वतीय समाज की महिलाओं के बीच बैठक पहाड़ी घुघुते तले। कौथिग स्थल पर मंगलवार दिन में महापौर पहुंचीं। महापौर ने स्थल का जायजा लिया।

# सौरभ वर्मा का उत्तर प्रदेश अंडर-14 स्टेट टीम में चयन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ। लखनऊ के होनहार खिलाड़ी सौरभ वर्मा का चयन उत्तर प्रदेश अंडर-14 राज्य क्रिकेट टीम में हुआ है। यह उपलब्धि सौरभ की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर शानदार प्रदर्शन का परिणाम है, साथ ही इसके पीछे हेड कोच हर्ष सिंह का महत्वपूर्ण योगदान भी रहा है।सौरभ वर्मा पिछले कुछ वर्षों से कोच हर्ष सिंह के अंडर नियमित अभ्यास कर रहे हैंऔर उन्होंने अपनी तकनीक,फिटनेस और मैच टेम्परामेंट में काफी सुधार किया है।राज्य टीम में चयन उनके क्रिकेट करियर का एक बड़ा पड़ाव है,जो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरी अकादमी के लिए गर्व की बात है।इस सफलता में अकादमी के हेड कोच हर्ष सिंह की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।उनके द्वारा बनाए गए सुनियोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम, खिलाड़ियों पर व्यक्तिगत ध्यान और आधुनिक कोचिंग पद्धतियों ने सौरभ के खेल को नई दिशा दी है। कोच हर्ष सिंह हमेशा बुनियादी तकनीक, मानसिक मजबूती और मैच की समझ पर विशेष जोर देते हैं, जिसका लाभ सौरभ को राज्य स्तर तक पहुंचने में मिला।

इस अवसर पर हर्ष सिंह ने सौरभ को बधाई देते हुए कहा कि यह तो केवल शुरुआत है और आगे उन्हें और भी कड़ी मेहनत करनी होगी।उन्होंने विश्वास जताया कि सही मार्गदर्शन और समर्पण के साथ सौरभ भविष्य में उच्च स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी का प्रबंधन और समस्त कोचिंग स्टाफ ने सौरभ वर्मा को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं और उज्वल भविष्य की कामना करते है।

बीकेटी में धड़ल्ले से संचालित होती मांस दुकानें

# शिकायतें, नियम और आदेश—सब बेअसर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ। राष्ट्रीय राजमार्ग सीतापुर रोड़ के किनारे नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से मछली/मांस की दुकानें संचालित हो रही,यह दुकानें न केवल यातायात सुरक्षा के लिए खतरा बन रही हैं,बल्कि जनस्वास्थ्य के साथ भी खुला खिलवाड़ कर रही हैं।संबंधित विभागों की लापरवाही के चलते यह अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।सीतापुर रोड़ बख्शी का तालाब बड़ी बाजार के किनारे सातों दिन खुलेआम सजने वाली इन दुकानों में न तो खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही स्वच्छता का कोई इंतज़ाम है।धड़ल्ले से खुले में मांस काटा और बेचा जा रहा है,जिससे दुर्गंध फैलने के साथ-साथ संक्रमण का खतरा भी बना रहता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन दुकानों के पास न तो नगर पंचायत की अनुमति है और न ही पशु चिकित्सा विभाग से प्रमाणित जांच।इसके बावजूद ये दुकानें दिनदहाड़े संचालित हो रही हैं।इन दुकानों के आसपास मांस के अवशेष पड़े रहते हैं,जिससे आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।स्थानीय निवासियों ने कई बार तहसील समाधान दिवस में शिकायत की,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।नियमों के अनुसार हाईवे के निर्धारित दायरे में इस प्रकार की दुकानों का संचालन प्रतिबंधित है,लेकिन ज़मीनी स्तर पर नियम केवल काग़ज़ों तक ही सीमित नजर आ रहे हैं।

स्थानीय निवासी रईस अली,सुभाष वर्मा सहित अन्य ने बीकेटी बड़ी बाज़ार के किनारे नियमों को दरकिनार कर सजने वाली इस अवैध मांस मंडी को हाइवे से हटाने व मांस बेचने वाले दुकानदारों के दुकान के प्रपत्रों की जांच कर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की मांग किया है।

बीकेटी में अभी तक नहीं संचालित हुई एसीपी कोर्ट, अधिवताओं में रोष

# न्यायिक कार्यों से आज भी पूर्ण रूप से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ। मंगलवार सुबह बी0के0टी0 बार एसोसिएशन बख्शी का तालाब के कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक आशीष कुमार सिंह एडवोकेट ''अध्यक्ष'' की अध्यक्षता में आयोजित हुई,जिसका संचालन महामंत्री जितेन्द्र बहादुर सिंह अधिवक्ता के द्वारा किया गया,जिसमे पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई कि उपजिलाधिकारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी व लेखपाल लगभग 02 माह से तहसील में मौजूद नहीं रहते है।जिससे तहसील के अधिकतर कार्य बाधित हो रहे है,अधिकारी व राजस्व कर्मचारी नियमित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे है।जिससे कि धारा 80 व अन्य पत्रावलियों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है,वादकारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है तथा उपजिलाधिकारी साहिल कुमार की कार्यशैली व भाषा शैली सभी के प्रति बहुत ही खराब है,12.01.2026 को अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा लिपिक अरूणवीर को दूरभाष के माध्यम से बात करके उपजिलाधिकारी बी0के0टी0 से मिलने के लिए समय मांगा गया लेकिन मिलना उचित न समझते हुए उपजिलाधिकारी तहसील से चले गये।सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी का न्यायालय तहसील परिसर में संचालित होना था और भवन भी उपलब्ध करा दिया जा चुका है,लेकिन उपजिलाधिकारी द्वारा अभी तक फर्नीचर आदि की व्यवस्था नहीं की गयी है,जिस कारण न्यायालय संचालित नहीं हो सका है,ऐसी शीतलहर व ठण्ड में वादकारियों को बांसमण्डी, डालीगंज,लखनऊ जाना पड़ता है.जिस कारण बी0के0टी0 बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं में व आमजन में काफी रोष व्याप्त है।बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशीष कुमार सिंह ने कहा कि एसडीएम साहिल कुमार का तत्काल स्थानान्तरण नहीं किया जाता है तो बी0के0टी0 बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्तागण अन्दोलन के लिए बाध्य होंगे।

# बड़ी संख्या में विचाराधीन हैं किसानों के मुकदमे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। तहसील मोहनलालगंज कार्यालय में लगभग 1 वर्ष से बड़ी संख्या में किसानों के मुकदमे विचाराधीन पड़े हुए है। यह सब नायब तहसीलदार की नियुक्ति न होने के कारण हुआ है।मुकदमे विचाराधीन पड़े हुए हैं। इस बात को कोई भी अधिकारी संज्ञान में नहीं ले रहा है । यह बात राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की पंचायत में संगठन के जिला महामंत्री राम सिंह की ओर से कही गई। उन्होंने कहा कि मुकदमो से संबंधित आने वाले किसान आए दिन न्यायिक तहसीलदार के न्यायालय के चक्कर लगाकर वापस चले जाते हैं।उन सभी के हिस्से में केवल अगली तारीख ही आती है। इस बात से तो सनी देओल वाली कहावत लागू हो जाती है कि तारीख पर तारीख ही किसानों के हाथ लगती है। न्याय के लिए दौड़ रहे पीड़ित तहसील के चक्कर लगाते लगाते न्याय मिलने की उम्मीद ही छोड़ देते है। संगठन के जिला महामंत्री ने कहा कि इस मामले पर उनके संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी से मंडल बात कर न्यायिक तहसीलदार की नियुक्ति का अनुरोध करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से निर्णय लिया गया है कि यदि इतना सब होने के बाद भी तहसीलदार पद पर किसी की नियुक्ति न हुई तो उनका संगठन तहसील कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना लगाने के लिए बाध्य होना। सभी लोगों ने इस बिना पर एक मत होकर समर्थन दिया कि किसानों का तहसील दौड़कर जाना और वहां परतारीख पर तारीख मिलना यह सब ज्यादा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ जिला महामंत्री राम सिंह ने बताया कि इसी तरह एसडीएम कार्यालय में जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन आवेदनों का भंडार लगा हुआ है और लोग परेशान हैं। जिला जिलाधिकारी से बात कर अलग स्टाफ और अकाल विंडो के जरिए इन समस्याओं का शीघ्र ही निर्धारण कराया जाए ।

# सरदार पटेल संयुक्त क्रिकेट टूर्नामेंट में निलमथा बनी चैंपियन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के असलम नगर स्थित मैदान में आयोजित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकरऽसरदार पटेल संयुक्त क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ भव्य समापन हुआ। सात दिनों तक चले इस क्रिकेट महाकुंभ में 16 टीमों ने भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में शिव सिंह एलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में 176 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में मदारी खेड़ा की टीम 127 रन पर ही ढेर हो गई। इसके बाद खेले गए फाइनल मुकाबले में निलमथा और शिव सिंह एलेवन आमने-सामने रहीं। निलमथा टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए 106 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव सिंह एलेवन की पूरी टीम महज 72 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह निलमथा टीम ने टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के आयोजक कुलदीप कुमार टिंकू, ग्राम प्रधान सुनील पटेल एवं दीपक पटेल रहे, जबकि कमेटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी नवीन वर्मा ने निभाई। ग्राम प्रधान सुनील पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेलों से जोड़कर उनकी प्रतिभा को निखारना है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भावी जिला पंचायत सदस्य विकास पटेल एवं ग्राम प्रधान सुनील पटेल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुलशन कुमार, अभिषेक, रजत पटेल, रंजीत पासी, रमाकांत, कुंदन सिंह, श्यामजी पटेल, सर्वेश कुमार, अमित, भानू, रामपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन से पूरे क्षेत्र में खेल भावना और उत्साह का माहौल बना रहा।

पिछले नौ सालों में मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास में पूरी तरह से पिछड़ा : राजबाला रावत

# प्रदेश में चारों ओर अराजकता का माहौल व्याप्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



काकोरी लखनऊ। समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं मलिहाबाद विधानसभा की अति लोकप्रिय पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत ने जनता के बीच भ्रमण करते हुए प्रदेश की लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था पर गहरा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार रागद्वेष से प्रेरित होकर समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कर रही हैं जो सर्वदा निंदनीय है।कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए राजबाला रावत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा की योगी सरकार से प्रदेश की आम जनता त्रस्त हो चुकी है,आज महिलाओं की आबरू इज्जत सुरक्षित नहीं है,प्रदेश में हर रोज हत्याओं का सिलसिला जारी है।लूट जैसे जघन्य अपराधों को नियंत्रित करने में सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं कानून व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ समाजवादी पार्टी निरंतर संघर्ष कर रही है।राजबाला रावत ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसका एक साधारण कार्यकर्ता भी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से जब चाहे तब मिल सकता है।उन्होंने कहा कि विकास विरोधी भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश पिछड़ गया है।उत्तर प्रदेश अराजकता का प्रदेश बन गया है।भयमुक्त सरकार का नारा देने वाली सरकार प्रदेश के सभी मूलभूत मुद्दों पर अबतक विफल साबित हुयी है।

सपा कार्यकर्ता संघर्ष शील है।प्रदेश के नौजवान इस विकास विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर जनता को जगाने का कार्य कर रहें हैं।उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी,महंगाई,भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया हैं।अब समय आ गया है कि इस सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना है।अब जनता ने यह मन बना लिया है कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस जुल्मी सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंकने का काम करेगी तथा उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी।इस बार 300 सीटों से अधिक सीटों पर सपा प्रत्याशियों की जीत पीडीए के कार्यकर्ता सुनिश्चित करेंगे।पिछले नौ सालों में मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास में कितना पिछड़ गया है ये किसी से छिपा नहीं है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: जिलाधिकारी**

सीतापुर। जिलाधिकारी राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

विशेष रूप से नामान्तरण, वरासत, सीमांकन, भू-अधिग्रहण, भूमि विवाद निस्तारण, राजस्व वसूली एवं जनशिकायतों के निराकरण की प्रगति पर विभागवार चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक तहसील स्तर पर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राजस्व कार्यों में शिथिलता कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामान्तरण एवं वरासत से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करते हुए शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि राजस्व वसूली की प्रगति नियमित रूप से मॉनिटर की जाए तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाए। भूमि विवाद एवं अन्य जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु राजस्व अधिकारियों को जनता से संवाद बढ़ाने और मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों की समीक्षा लगातार की जाएगी और प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय किया जाएगा।जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपने-अपने न्यायालयों में अवश्य बैंठें। साथ ही एक साल से अधिक लम्बित वादों का निस्तारण जल्द से जल्द सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बड़े बकायदारों की सूची तैयार करते हुये उन पर कार्यवाही की जाये। तालाबों का पट्टा आवंटन मानकों के अनुरूप किया जाये तथा जिनका पट्टा आवंटन हो चुका है, उनको कब्जा दिलाया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि गरीब व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार की प्लाटिंग न होने पाये, यह सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि आई0जी0आर0एस0 का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुये कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों पर जो भी आख्या लगायी जाये, वह स्पष्ट होने के साथ ही संबंधित अधिकारी उस आख्या पर स्वयं जांच अवश्य करें एवं शिकायतकर्ता से वार्ता भी करें। ससमय सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में न आने पाये। जिलाधिकारी कड़े निर्देश दिये कि शिकायकर्ताओं से मधुर वाणी का प्रयोग किया जाये, यदि किसी शिकायतकर्ता द्वारा की गयी शिकायत किसी और स्तर की होती है तो उसको मधुर वाणी का प्रयोग करते हुये उसको जानकारी दी जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय सभी उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की टैक्स चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने जीएसटी की बोगस फर्म बनाकर 10 करोड़ 77 लाख रुपए की टैक्स चोरी कर व्यापारियों को आटीसी का लाभ पहुंचाने वाले गिरोह में वांछित चल रहे 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। पकड़े गए अभियुक्त जनपद गाजियाबाद के थाना मोदी नगर क्षेत्र के रहने वाले संजीव गुप्ता पुत्र रामदास और जनपद अमेठी के थाना गौरीगंज क्षेत्र के रहने वाले वरूण शर्मा उर्फ गोलू पुत्र रामबरन शर्मा हैं।पुलिस पूछताछ में अभियुक्त संजीव गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात गौरव यादव से हुई थी, गौरव के कहने पर दिल्ली पीतमपुरा में यस बैंक में वरूण शर्मा, प्रिन्स शर्मा, आकाश के करेंट खाता खोले थे, जो ओवर लिमिट के कारण बन्द हो गए थे। बताया कि गौरव यादव के जरिए उसकी मुलाकात सिद्धार्थ पाण्डेय से हुई थी। सिद्धार्थ पाण्डेय और गौरव यादव अपने साथियों से मिलकर फर्जी जीएसटी फर्म बनाते हैं। बताया कि उसने दोनों को 23-23 हजार रूपया नगद दिया और उनसे करीब 90 फर्जी फर्म ली। उन फर्जी फर्मों को वो ग्राहकों को बेच देता था। वहीं, अभियुक्त वरूण शर्मा ने बातया कि वो गौरव यादव के यहां काम करता है। गौरव लोगों के करेन्ट खाता बैंक में खुलवाता है तथा उन खाता से खुद ही लेन-देन करता है।पुलिस के अनुसार, बीती 28 मई 2025 को थाना रौजा में भावना चन्द्रा सहायक आयुक्त राज्यकर ने फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मेजवान पुल के पास से बोगस जीएसटी फर्म बनाने वाला गिरोह के 02 सदस्यों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने महिन्द्रा कार और भारी मात्रा में कूटरचित प्रपत्र, मोबाईल फोन आदि बरामद किए। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को लोन दिलाने का लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल आदि लेता था और उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित रेंट एग्रीमेंट तैयार करके फर्जी जीएसटी फर्म बनाता था। इसके बाद उन बोगस फर्मों के नाम से बैंको में करंट खाते खुलवाकर बड़े पैमाने पर धनराशि का फर्जी लेन-देन कराकर टैक्स चोरी कराता था।

# मनरेगा में खुला भ्रष्टाचार: सुरजनपुर ग्राम पंचायत में सरकारी धन की खुली लूट

जमीन पर मजदूर कम, कागजो में ज्यादा, सुरजनपुर पंचायत में मनरेगा घोटाले का पर्दाफाश

मनरेगा के नाम पर फर्जी हाजिरी लगाकर गरीब मजदूरों के हक पर खुला डाका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मछरेहटा, सीतापुर। विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सुरजनपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सरकारी कागजों में जहां विकास की तस्वीर पेश की जा रही है। वही जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कराए जा रहे मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर फर्जी हाजरियां लगाई जा रही है। कई ऐसे नाम मस्टर रोल में दर्ज हैं, जो कभी काम पर गए ही नही लेकिन हाजरी लगाई जा रही है ।सबसे गंभीर आरोप यह है कि यह खेल एक-दो लोगों तक सीमित नहीं, बल्कि एपीओ से लेकर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की कथित मिलीभगत से चल रहा है। बिना उच्च स्तर की अनदेखी के इस तरह का संगठित भ्रष्टाचार संभव नहीं माना जा सकता।जिससे साफ जाहिर होता है कि भ्रष्टाचारियों को संरक्षण प्राप्त है।मनरेगा जैसी गरीबों को रोजगार देने वाली योजना को लूट का जरिया बना दिया गया है। जिन मजदूरों के हाथों में काम होना चाहिए था, वे आज भी बेरोजगार हैं।ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम पंचायत सुरजनपुर में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यो की उच्च स्तरीय जांच कर कार्यवाही की जाए। अब सवाल यह है कि प्रशासन इस खुली लूट पर कब शिकंजा कसता है और क्या मनरेगा को भ्रष्टाचार से मुक्त कराने का दावा सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहेगा?

## बंदरों के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल

पीलीभीत। जनपद के कलीनगर में मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे हादसे की खबर सामने आई है। कलीनगर निवासी महारानी पत्नी नन्हे लाल (उम्र लगभग 40 वर्ष) अपने घर की छत पर कपड़े सुखाने गई थीं। उसी दौरान अचानक बंदरों का एक झुंड छत पर आ गया। बताया जा रहा है कि बंदरों को देखकर महिला घबरा गईं, तभी एक बंदर ने उन पर हमला कर दिया।

हमले के दौरान घबराई महिला छत से नीचे घर के आंगन में गिर पड़ीं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। महिला के गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में लाया गया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने महिला को प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो पुलिसकर्मी सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।दरअसल, शहर के जीआईसी तिराहे पर सेल्फी प्वाइंट के पास ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिसकर्मी मुख्य आरक्षी योगेंद्र सिंह और आरक्षी जयवेंद्र सिंह को सड़क पर एक एंड्राइड मोबाइल फोन पड़ा मिला था। उस मोबाइल की बैटरी मात्र 18 प्रतिशत शेष थी।

दोनों पुलिस कर्मियों ने उसे मोबाइल फोन को चार्ज किया। इसी दौरान मोबाइल स्वामी का कॉल आया। पुलिस कर्मियों ने अपना परिचय दिया और मोबाइल स्वामी को जीआईसी तिराहे बुलाया। दोनों पुलिस कर्मियों ने मोबाइल स्वामी की विधिवत पहचान सुनिश्चित की और उसका मोबाइल दिया। इस उत्कृष्ट कार्य करने पर एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।एसपी ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, त्वरित प्रतिक्रिया और जनहित के प्रति उच्च स्तर की कार्यशाला की प्रदेश के उच्च अधिकारियों ने प्रशंसा की और उनकी ओर से दोनों पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रेषित किए गए। एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों के दायित्व निष्ठा, अनुकरणीय एवं सेवाभाव से परिपूर्ण आचरण की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य और जनसेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरूण, एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार और सीओ सिटी पंकज पंत मौजूद रहे।

# टीजीटी परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क डीएम-एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी। जनपद में 17 जनवरी को आयोजित होने वाली टीजीटी (प्रारंभिक) परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में बनाए गए कुल 24 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रक्रिया पूरी सख्ती और संवेदनशीलता के साथ कराई जाए। इस परीक्षा में कुल 10,080 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी केंद्रों पर समय से अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराई जाए तथा पहचान पत्रों की गहन जांच की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।डीएम ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, कक्ष निरीक्षकों की जिम्मेदारी और गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री केंद्र के भीतर ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कानून-व्यवस्था को लेकर कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। परीक्षा अवधि के दौरान केंद्र परिसर में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर सख्त रोक रहेगी। संवेदनशील केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी और निरंतर पुलिस निगरानी रखी जाएगी।इसके साथ ही परीक्षा के दिन यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने, बिजली-पानी, साफ-सफाई एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा, ताकि टीजीटी (प्रारंभिक) परीक्षा जनपद में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई जा सके।

# धौरहरा में ऐप्जा की बैठक, चीफ कॉर्डिनेटर अनुराग सारथी ने किया मार्ग दर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



धौरहरा खीरी। धौरहरा में ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) की एक अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में प्रमुख रूप से ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के चीफ कॉर्डिनेटर अनुराग सारथी ने उपस्थित पत्रकारों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने संगठन की भूमिका, उद्देश्य और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए संगठन निरंतर सक्रिय है। उन्होंने सभी पत्रकारों से एकजुट होकर निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता करने का आह्वान किया।इस अवसर पर ऐप्जा के जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला, ऐप्जा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम नारायन शुक्ला तथा (ऐप्जा) लोक सारथी बोर्ड के जिलाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने बैठक में मुख्य भूमिका निभाई। वक्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, सदस्यता विस्तार तथा पत्रकारों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाने पर जोर दिया।बैठक में जिला सचिव ऐप्जा विनोद जयसवाल, रामसुमेर शर्मा, दीपक तिवारी, अनूप मिश्रा अलर्ट, बलराम पांडे,धर्मपाल सिंह, कुलदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में अन्य पत्रकार साथी भी उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की एकता बनाए रखने और पत्रकार हितों के लिए मिलकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में नियमित रूप से बैठकों का आयोजन कर संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि पत्रकारों से जुड़े मुद्दों का समय पर समाधान हो सके।

## बकाया वसूली में प्रशासन सख्त, कर्जदार किसान के खेत पर लगी लाल झंडी



सकरन, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बैंक ऋण की वर्षों से अदायगी न करने वाले कर्जदारों के खिलाफ शासन के निर्देश पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में लहरपुर तहसील क्षेत्र के सिरकिड़ा गांव में एक कर्जदार किसान के खेत पर लाल झंडी लगाकर बकाया वसूली की कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार सिरकिड़ा निवासी कौशिक कुमार मिश्रा पुत्र सत्यनारायण मिश्रा ने एसबीआई शाखा सिंहनापुर से वर्षों पूर्व 6 लाख 93 हजार रुपये का ऋण लिया था, जिसे लंबे समय तक वापस नहीं किया गया। बार-बार नोटिस और अवसर दिए जाने के बावजूद जब ऋण की अदायगी नहीं हुई, तो बैंक और तहसील प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बकायेदार के खेत पर लाल झंडी लगा दी।इस कार्रवाई के दौरान एसबीआई शाखा प्रबंधक सिंहनापुर जय प्रकाश राठौर, क्षेत्रीय अमीन सर्वेश कुमार, लेखपाल विमल कुमार कुशवाहा सहित रिकवरी टीम के सदस्य विपिन कुमार शुक्ला और प्रियांक दीक्षित मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बकाया ऋण की वसूली के लिए आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य बकायेदारों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं बैंक अधिकारियों ने इसे सरकारी धन की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम बताया है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड बिसवां का किया निरीक्षण



सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा जनपद सीतापुर के विकास खंड बिसवां का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय में संधारित विभिन्न अभिलेखों, पंजिकाओं एवं फाइलों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के समय अभिलेखों के संधारण, अद्यतन स्थिति तथा रिकॉर्ड प्रबंधन में कुछ कमियां पाई गईं।निरीक्षण के उपरांत संबंधित कमियों को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेखों का समयबद्ध रूप से अद्यतनकरण कराया जाए तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं संधारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन किया जाए।निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, योजनाओं से संबंधित प्रगति रिपोर्ट एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो सके।निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विकास खंड स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अभिलेखीय कार्यों में सुधार लाना तथा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा।

# मानसिक दबाव से टूटे युवक ने खाया जहर, हालत गंभीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। थाना भीरा क्षेत्र में पुलिस कस्टडी के दौरान युवक द्वारा जहर खा लेने का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दबंग युवक और उसकी गर्लफ्रेंड से परेशान होकर सुजीत मिश्र नामक युवक ने पहले डायल 112 पर कॉल कर आत्महत्या करने की बात कही और इसके बाद जहर खा लिया।

बताया जा रहा है कि सुजीत मिश्र ने डायल 112 पर फोन कर कहा था कि वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है और आत्महत्या कर सकता है। सूचना मिलने पर थाना भीरा के प्रभारी निरीक्षक ने युवक को समझाते हुए थाने आने को कहा, लेकिन वह थाने आने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पीआरवी 112 टीम युवक को खोजते हुए थाने ला रही थी। थाने के गेट पर पहुंचते ही युवक ने पुलिस को बताया कि वह पहले ही जहर खा चुका है।इसके बाद आनन-फानन में युवक को बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। सीएचसी में बनाए गए एक वीडियो में युवक सुजीत मिश्र यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि उसने थाने में जहर खाया है। हालांकि पुलिस सूत्रों के अनुसार युवक ने थाने पहुंचने से पहले ही पीआरवी को जानकारी दे दी थी कि वह जहर खा चुका है।युवक की पहचान सुजीत मिश्र पुत्र हरिशंकर मिश्रा (उम्र लगभग 40 वर्ष), निवासी ग्राम मड़ईपुरवा, थाना भीरा के रूप में हुई है। बताया गया है कि युवक का किसी अन्य महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि एक दबंग युवक और उसकी गर्लफ्रेंड द्वारा सुजीत मिश्र पर लगातार पैसे मांगने और शादी का दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान था।

# अपहरण व पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना कलान पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण व पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 29 दिसम्बर 2025 को थाना कलान क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज किया। बीती 11 जनवरी को पुलिस ने अपहृता को बरामद किया। उसका मेडिकल कराया और पीड़िता के बयान दर्ज किए। अपहृता के बयान में थाना कलान क्षेत्र के गांव पुन्नीनगला निवासी रंजीत पुत्र देव सिंह का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट और पीड़िता के बयान तथा शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के आधार पर अभियोग में धारा दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में थाना कलान पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर ग्राम रुकनपुर पुल के पास से अभियुक्त रंजीत पुत्र देव सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रंजीत को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कलान के उपनिरीक्षक रामकुमार शर्मा के साथ हेड कां. बृजपाल सिंह मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर के पास दो बाइकों की भिड़ंत में दंपति सहित चार घायल

पूरनपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर में सोमवार की रात लगभग आठ बजे दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दंपति सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार निजामपुर निवासी रविंद्र अपनी पत्नी आरती देवी के साथ बाइक से किसी काम से जा रहे थे। उसी समय मुजफ्फरनगर निवासी जतिन और मनोज दूसरी बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। जैसे ही दोनों बाइकें गांव मुजफ्फरनगर के पास पहुंची तभी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत 07 डग्गामार वाहनों समेत 18 वाहनों के किए चालान



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देश पर 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक जनपद में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके क्रम में विभिन्न चौराहों पर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण कर पम्प संचालकों व कर्मचारियों को हिदायत दी जा रही है कि हेलमेट का उपयोग न करने वालों को पेट्रोल न दिया जाए। अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में मंगलवार को परिवहन विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया तथा नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। एआरटीओ ने बताया कि मंगलवार को अभियान के तहत 07 यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग तथा 09 वाहनों पर परावर्ती टेप न लगे होने के कारण सहित कुल 18 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम, यात्री/माल कर अधिकारी आरपी गौतम सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड के तहत किये गये विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रगति कम को लेकर जिलाधिकारी ने नाराज की व्यक्ति की एवं संबंधित अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। जनपद के कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने समीक्षा बैठक की प्रमुख बिंदुओं के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया जिसमें एनआरएलएम, जिला पंचायती राज विभाग, उद्योग विभाग की प्रगति कम होने को लेकर रैंकिंग खराब होने के विषय में अवगत कराया जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि तीन दिवस में स्पष्टीकरण का जवाब तलब किया जाए।

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रगति कम को लेकर जिलाधिकारी ने नाराज की व्यक्ति की एवं संबंधित अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। और जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन बिंदुओं पर प्रगति खराब है उन्हें बिंदुओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए नहीं तो कार्यवाही संज्ञान में लाई जाएगी। दशमोत्तर छात्रवृत्ति की प्रगति खराब होने को लेकर संबंधित को निर्देशित किया एवं आईसीडीएस विभाग की प्रगति रिपोर्ट कम पाई गई जिसमें जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की जिसमें लोक निर्माण की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा कि जनपद की जो नई सड़कों का निर्माण कार्य किया गया है उनका अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरीक्षण लगाया जाए ताकि सड़कों की गुणवत्ता चेक की जा सके। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी से छात्रवृत्ति के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति के कार्यों में और सुधार लाया जाए।

ग्राम गजेटियर एवं जनपद गजेटियर के विषय में जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की और संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक कराई जाए एवं एक मासिक बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में संपन्न कराई जाए जिससे कार्य में गति आ सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा की ग्राम गजेटियर बनाने के लिए एक ऐप बनवाया जाए जिससे गजेटियर की रिपोर्ट आसानी से भरी जा सके। एकीकृत बागवानी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, आर ई डी विभाग के अन्तर्गत भवन निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत एम्बुलेंस सेवा 102 एवं 108 की समय सीमा को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दशा निर्देश दिए जल जीवन मिशन को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा एफएसटीसी के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग, सामाजिक वानिकी,अण्डा उत्पादन, गौवंश संरक्षण, मत्स्य उत्पादन, सेतु निर्माण, पोषण अभियान, कन्या सुमंगला, प्रोजेक्ट अलंकार तथा राजकीय विद्यालय को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्रम विभाग विभाग के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न प्रकार की योजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ओडीओपी के अन्तर्गत रैंक कम रहने पर संबंधित अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत शासनम अनुशासन के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के इस माह आये शासनादेशों पर चर्चा की गयी।

# शुक्र आदित्य व पंचग्रही के दुर्लभ संयोग में होगी मकर संक्रांति

**इस बार संक्रांति पर खिचड़ी सेवन वर्जित दान रहेगा पुण्यदायी: आचार्य ऋतुपर्ण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी। इस वर्ष मकर संक्रांति 14 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी इस संबंध में श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने बताया कि ज्योतिष की दृष्टि से यह संक्रांति अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है 13 जनवरी को शुक्र 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने से शुक्र आदित्य योग बन रहा है साथ ही जनवरी में मकर राशि में सूर्य मंगल बुद्ध शुक्र और चंद्र अलग-अलग समय पर एकत्र होने से पंचग्रही योग बन रहा है जिसका प्रभाव कैरियर स्वास्थ्य व धन पर अनुकूल रहने की संभावना में दर्शाता है।

इस वर्ष मकर संक्रांति पर षटतिला एकादशी का भी संयोग बना रहा है जो लगभग 23 वर्षों बाद प्राप्त हो रहा है सूर्य देव व भगवान विष्णु की संयुक्त उपासना का यह अवसर दान जप करने के लिए विशेष फल प्रदान करने माना जाता है आचार्य ऋतुपर्ण ने कहा कि मकर संक्रांति केवल ऋतु परिवर्तन ही नहीं बल्कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा के स्थानांतरण का काल है। इस वर्ष सूर्य शुक्र की युति जहां व्यक्ति का जीवन में उन्नति के द्वार खोलती है वही भूत जाती की संक्रांति बाघ घोड़े का वाहन और गुरु शनि की चुनौती पूर्ण स्थित विश्व के संपन्न वर्गों के लिए चेतावनी भी है जून 2026 तक संयम दान साधना और नीति सुधार में स्थिरता का मार्ग है आचार्य जी के अनुसार इस वर्ष संक्रांति की जाती भूत वाहन बाघ और उपवाहन घोड़ा है यह स्वरूप आक्रमक माना जाता है जिसका प्रभाव सत्ता संरचनाओं आर्थिक प्रणालियों और वैश्विक संतुलन पर पड़ जाता है आर्थिक मंदी सत्ता परिवर्तन और आंतरिक स्थिरता के संकेत इससे जुड़े बताएं मकर संक्रांति से उत्तरायण का आरंभ होता है शास्त्रों में से सूर्य देव का देवलोक की ओर गमन कहा गया है यह कल साधना के लिए शुभ है पर भौतिक स्तर पर गृह संघर्ष तनाव बढ़ा सकता है देवगुरु बृहस्पति अतिचार अवस्था में पूर्ण शुभ फल में विलंब शनिदेव मीन राशि में कर्म धर्म और न्याय में कठोर अनुशासन राहु का कुंभ और केतु का सिंह राशि में होना वैचारिक संघर्ष धार्मिक कट्टरता और सत्ता टकराव को उभार सकता है जून 2026 तक सावधानी आवश्यक है जून में गुरु के कारक उच्च में प्रवेश से कुछ राहत पर अक्टूबर 2026 में गुरु के सिंह में जाने से पुनः अस्थिरता संभव इस वर्ष 14 जनवरी 2026 बुधवार को मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी का दुर्लभ सहयोग बना रहा है ऐसे में आम जन के बीच यह प्रश्न उठ रहा है कि संक्रांति पर परंपरागत रूप से खाई जाने वाली चावल दाल की खिचड़ी का सेवन और दान किया जाए या नहीं इस पर आचार्य ऋतुपर्ण ने कहा कि शास्त्रीय समाधान करते हुए एकादशी तिथि में चावल एवं चावल से बने सभी पदार्थ का सेवन वर्जित माना गया है तथा षट्तिला एकादशी के कारण खिचड़ी या चावल का सेवन नहीं किया जाना चाहिए चावल का दान निषिद्ध नहीं है मकर संक्रांति पर अन्न दान का विशेष महत्व इसलिए कच्चे चावल तेल घी दाल कंबल एवं खिचड़ी की सामग्री का दान शास्त्र सम्मत और पुण्यदायी माना गया है पक्की खिचड़ी का दान एकादशी समाप्त होने के बाद अर्थात 15 जनवरी द्वादशी तिथि में व पारण काल में करना श्रेष्ठ रहता है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत बिना मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस निर्गत करने की प्रक्रिया के संबंध में आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जिलाधिकारी ने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में No-Mapping श्रेणी वाले मतदाताओं को नोटिस निर्गत करने को दिये निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। बहजोई में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया द्वारा समस्त विधान सभा क्षेत्रों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (अतिरिक्त एईआरओ) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा सभी एईआरओ एवं अतिरिक्त एईआरओ को गणना प्रपत्र के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र में अपना स्वयं का वर्ष 2003 का विवरण भरा है, वे सभी ''Marked as Self'' श्रेणी के हैं, जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र में अपने संबंधी यथा पिता, माता, दादा, दादी का वर्ष 2003 का विवरण भरा है, वे सभी ''Marked as Progeny'' श्रेणी के हैं तथा जिन मतदाताओं द्वारा अपना स्वयं का अथवा अपने संबंधी का वर्ष 2003 का विवरण नहीं भरा है, वे सभी No Mapping की श्रेणी के हैं। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा बताया गया कि '' No Mapping'' की श्रेणी वाले मतदाताओं को ही सभी एईआरओ एवं अतिरिक्त एईआरओ द्वारा नोटिस निर्गत की जायेगी। सभी नोटिस ई0सी0आई0 नेट पर संबंधित ए0ई0आर0ओ0 के लॉगईन से जेनरेट होंगे तथा इनका प्रिन्ट निकालकर संबंधित बूथों के बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए मतदाताओं को तामिल कराये जाने हैं। ई0सी0आई0 नेट पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उप जिलाधिकारी) द्वारा सभी एईआरओ एवं अतिरिक्त एईआरओ हेतु बूथ आवंटित करते हुए लॉगईन बनाये जा चुके हैं। सभी एईआरओ एवं अतिरिक्त एईआरओ अपने-अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को अपने ईआरओ से सम्पर्क कर प्राप्त कर लें तथा लॉगईन कर लें। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि '' No Mapping'' की श्रेणी वाले मतदाताओं को निम्नलिखित श्रेणियों के आधार पर अभिलेख उपलब्ध कराने होंगे। यदि 01.07.1987 से पहले भारत में जन्म हुआ हो तो दी गई सूची में से स्वयं के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जिससे जन्म तिथि या जन्म स्थान का पता चलता हो। यदि 01.07.1987 और 02.12.2004 के बीच भारत में जन्म हुआ है, दी गई सूची में से स्वयं के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्म तिथि और/या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो। नीचे दी गई सूची में से पिता या माता के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्म तिथि और/याजन्म-स्थान को प्रमाणित करता हो। यदि 02.12.2004 के बाद भारत में जन्म हआ है । दी गई सूची में से स्वयं के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्म तिथि और, या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो। । सूची में से पिता के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्म तिथि और/या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो। सूची में से माता के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध करायें, जो जन्म तिथि और/या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो। यदि अभिभावक में से कोई भारतीय नहीं है, तो अपने जन्म के समय उनके वैध पासपोर्ट और वीज़ा की एक प्रति उपलब्ध करायें। यदि भारत के बाहर जन्म हुआ है (विदेश में भारतीय मिशन द्वारा जारी जन्म पंजीकरण का प्रमाण संलग्न करें),यदि पंजीकरण/ नागरिकीकरण द्वारा भारतीय नागरिकता प्राप्त की है (नागरिकता पंजीकरण प्रमाणपत्र संलग्न करें)दस्तावेजों को इंगित करने वाली (निःशेषकारी नहीं) सूची (स्वयं, पिता और माता के लिए अलग-अलग स्व-सत्यापित दस्तावेज़ जमा करने होंगे)

बताते चले कि किसी केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/पीएसयू के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को जारी कोई पहचान पत्र/पेंशन संदाय आदेश। भारत में 01.07.1987 से पूर्व सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों/बैंकों/डाकघर/एलआईसी/पीएसयू द्वारा जारी कोई पहचानपत्र/प्रमाणपत्र/दस्तावेज या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोडों/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिक/शैक्षिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अ.पि.व/अनु. जाति/अनु. जनजाति या अन्य कोई जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ भी विद्यमान हो)।, राज्य/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर। सरकार द्वारा कोई भी भूमि/गृह आवंटन प्रमाणपत्र या आधार के लिए, आयोग के पत्र संख्या 23/2025-ईआरएस /Vol. दिनांक 09.09.2025 (अनुलग्नक ) के तहत जारी निर्देश लागू होंगे। या दिनांक 01.07.2025 के संदर्भ में बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण की निर्वाचक नामावली का अंश। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि नोटिस की पावती पर मतदाता / प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर एवं प्राप्तकर्ता का फोटो लेकर, उसे बीएलओ-ऐप पर अपलोड किया जायेगा। पावती को छोडकर नोटिस का शेष भाग मतदाता को प्राप्त कराया जाना है।

## आगामी पर्व को लेकर जनपद में धारा 163 लागू

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवादददाता। जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 लागू आगामी पर्व मकर संक्रान्ति, बसंत पंचमी, गणतंत्र दिवस, संत रविदास जयंती, शबे बरात, महाशिवरात्रि आदि एवं जनपद मुरादाबाद में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित होने की दृष्टि से लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह ने अपनी पूर्ण संतुष्टि उपरांत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी की है। जोकि दिनांक 26 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। कोई भी व्यक्ति निषेधाज्ञा का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## पेट्रोल पंप के मैनेजर को सीने में लगी गोली, हालत गंभीर



बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवादददाता। संभल जिला निवासी राजीव शर्मा बदायूं में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पेट्रोल पंप पर मैनेजर की नौकरी करते हैं। मंगलवार दोपहर वह घायल अवस्था में हाईवे किनारे खेत में पड़े मिले। उनको गोली लगी है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के पेट्रोल पंप के मैनेजर राजीव शर्मा को किसी ने गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गए। राजीव शर्मा मंगलवार दोपहर घायल अवस्था में खेत में पड़े मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल भिजवाया। संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के दुबारी कलां निवासी राजीव शर्मा बदायूं में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के पेट्रोल पंप पर मैनेजर की नौकरी करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे बदायूं-मेरठ हाईवे पर एक ढाबे के सामने स्थित खेत में लोगों ने राजीव शर्मा को गोली लगी हालत में पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं एसएसपी डा0 बृजेश कुमार सिंह ने मेडिकल कॉलेज पहुंच कर परिजनों से वार्ता कर करवाई करवाने का आश्वासन दिया है। वहीं हर एंगल से जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। वही पेट्रोल पंप मैनेजर की हालत अभी स्थिर बताई जा रही है, वहीं परिजनों का आरोप है कि उनकी हत्या करने की कोशिश की गई है। वही दो दिन पहले बबराला के एक व्यक्ति से कहां सुनी हुई थी, वहीं एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि अली पेट्रोल पंप मैनेजर के रूप में कार्यरत है, यह सुबह जो है सूचना मिली उनके सीने में गोली लगी हुई है, और पास में तमंचा भी पड़ा हुआ है, और उनके पास से जिंदा कारतूस भी प्राप्त हुआ है, तत्काल पुलिस पहुंच करके इनका इलाज कराया, वहां से रेफर करके मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है, वहीं हालात अभी स्टेबल है जैसे ही थोड़ा सा और ठीक होते हैं, जानकारी की जाएगी, और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक भोज में शामिल हुए सांसद भोला सिंह

अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवादददाता। सरस्वती विद्या मंदिर में सांसद डा. भोला सिंह द्वारा आयोजित सामूहिक भोज कार्यक्रम में कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, कार्यकर्ताओं में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना है।मंगलवार को श्री कांति प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर में सांसद डा. भोला सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सामूहिक भोजन किया। कार्यकर्ता अपने-अपने घर से टिफिन लेकर आए और एकसाथ बैठकर भोजन किया। सांसद डा. भोला सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, कार्यकर्ताओं में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना है। जिससे जातियों के भेदभाव को दूर कर सभी वर्गों के कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर भोजन किया है। उन्होंने कहा कि एक साथ बैठकर भोजन करने से आपस में प्रेम व सद्भाव बढ़ता है। इसलिए आज के भागदौड़ के परिवेश में ऐसे कार्यक्रम का आयोजन जरूर होना चाहिए। इस प्रकार के आयोजनों से ऊंच-नीच और जातिवाद की भावना खत्म होती है। ये कार्यक्रम विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और विपक्ष के जातिगत आरोपी का जवाब देने की रणनीति का हिस्सा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुनेश शर्मा, जहांगीराबाद चेयरमैन किशन पाल सिंह, पूर्व चेयरमैन गोपाल शर्मा, अर्चना शर्मा, रिंकू राणा, दामिनी गौड़, विनीत बंसल, सीपी सिंह, अंकुर शर्मा, बुंदू सैफी, दिनेश शिवा, होमनिधि वार्ष्णेय, ओमप्रकाश दिवाकर, विकास सूर्यवंशी, राहुल सूर्यवंशी, चंचल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डीपीबीएस कालेज द्वारा सामुदायिक रसोई कार्यक्रम के तहत बांटे गया चाय बिस्किट

अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवादददाता। डीपीबीएस कालेज द्वारा सामुदायिक रसोई कार्यक्रम के अंतर्गत कड़ाके की ठंड में राहगीरों को चाय-बिस्किट वितरित किये।मंगलवार को डीपीबीएस के प्राचार्य प्रो. जीके सिंह ने बताया कि सेवा सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के उद्देश्य को प्रोत्साहित करने के लिए सामुदायिक रसोई कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रसोई जैसे कार्यक्रम न केवल आपसी सद्भाव और सहयोग को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी बोध कराते हैं। उन्होंने इस पहल को महाविद्यालय की सकारात्मक परंपराओं का प्रतीक बताया। इस मौके पर प्रो. पी.के. त्यागी, प्रो. चंद्रावती, यजुवेंद्र सिंह, अनिल कुमार, दीक्षित कुमार आदि ने विद्यार्थियों व रास्ते में चलते राहगीर एवं कर्मचारियों को चाय एवं बिस्किट वितरित किए।

## हिंदू धर्म सम्मेलन के लिए निकली प्रभात फ़ेरी

अनूपशहर , कैनविज टाइम्स संवादददाता । हिंदू धर्म सम्मेलन को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए गंगा बस्ती में संघ कार्यकर्ताओं ने जागरूकता प्रभात फ़ेरी निकाली। मंगलवार को सुबह लगभग 5:30 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने मुहल्ला पोखर, छपेटी, गंगाद्वार, खिड़की, पवित्र पुरी, छत्ता में हिंदू जागरूकता रैली निकाली। जिसमें धर्म ध्वज लेकर संघ कार्यकर्ता धार्मिक एकता के नारे लगा रहे थे। और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक करने की बात कह रहे थे। कार्यकर्ताओं ने पूरे क्षेत्र में जागरूकता प्रभात फ़ेरी के माध्यम से आगामी 8 फरवरी को जीडीएवी कन्या विद्यालय में होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए लोगों को जागरूक करना प्रारंभ कर दिया है। इस प्रभात फ़ेरी के माध्यम से लगातार 8 फरवरी तक लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग धर्म के प्रति जागरुक होकर हिंदू सम्मेलन में एकत्र हो सके। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर से संचालक नीरज रॉयल, नगर कार्यवाह पुलकित बंसल, अनुभव बालियान सह नगर कार्यवाह, अभिनव बंसल नगर शारीरिक प्रमुख, माधव, सजल, लकी आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# 25 लाख के 120 मोबाइल बरामद मोबाइल पाकर लोगों के खिले चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। सर्विलांस सेल, विभिन्न थानों की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए गुमशुदा मोबाइल खोजकर उनके स्वामियों को किये सुपुर्द। वहीं सीईआईआर ( सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल व प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए विभिन्न कम्पनियों के कुल 120 अदद गिरे/खोये मल्टीमीडिया मोबाइल फोन किये बरामद, बरामदशुदा मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत पच्चीस लाख रुपये, एसएसपी द्वारा बरामद शुदा मोबाइलों को उनके स्वामियों को किया गया वितरित अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे, पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए किया हृदय से धन्यवाद, आपको बता दें कि बदायूँ पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 120 अदद गिरे/खोये विभिन्न कंपनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद, बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये, एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में सर्विलांस टीम बदायूँ व विभिन्न थाना पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर खोये/गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के कुल 120 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है ।एसएसपी द्वारा पुलिस कार्यालय में बरामद शुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया गया मोबाइल स्वामियों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, वहीं एसएसपी व स्वाट/सर्विलांस टीमों को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# पालिकाध्यक्ष ने पुन: शुरू कराई शुद्ध पानी की सप्लाई, लिपिक निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शहर के दातागंज तिराहे के समीप अंबेडकर छात्रावास के पीछे आज नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने अपनी मौजूदगी में ओवरहैड टैंक के माध्यम से पुनः शुद्ध पेयजल आपूर्ति शुरू कराई। स्थानीय नागरिकों ने पालिका चेयरमैन का जोरदार ढंग से स्वागत किया।इधर,पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने भ्रष्टाचार के मामले में कंजरवेंसी लिपिक सुमित सिंह को निलंबित कर दिया।

वहीं जलकल विभाग के सहायक अभियंता जल नितिन सक्सेना का जवाब तलब किया है।पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने अंबेडकर छात्रावास के नलकूप को बिजली सप्लाई देहात फीडर से हटा कर शहरी फीडर से जोड़ने के लिए प्रमुख सचिव ऊर्जा को पत्र भेजा है। आपको बता दे शहर के आंबेडकर छात्रावास के पीछे स्थित नगर पालिका के ओवरहेड टैंक की सफाई व मरम्मत का कार्य जल निगम द्वारा कराया जा रहा है। मरम्मत कार्य के चलते छह दिन से संबंधित क्षेत्र में पानी की आपूर्ति ओवरहेड टैंक के माध्यम की बजाय नलकूप से सीधे की जा रही थी। डायरेक्ट पानी की आपूर्ति होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार कई दिनों तक पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोगो को दिक्कत हो रही थी। मंगलवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष फात्मा रज़ा मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों से वार्ता कर अपनी मौजूदगी में जलापूर्ति को पुनः शुरू कराया। जैसे ही पानी सप्लाई बहाल हुई, स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्रवासियों ने पालिकाध्यक्ष का जोरदार ढंग से स्वागत किया।

# एचपी इंस्टीट्यूट में मकर संक्रांति व लोहड़ी का भव्य आयोजन

**कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक रजत पटेल, प्रधानाचार्य डॉ. रितिका चावला, और एचपी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। एचपी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में आज मकर संक्रांति और लोहड़ी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलन से हुई, जिसमें मूंगफली, रेवड़ी और अन्य पारंपरिक सामग्री अर्पित कर लोक परंपराओं का निर्वहन किया गया।

इस अवसर पर निदेशक रजत पटेल, प्रधानाचार्य डॉ. रितिका चावला, और एचपी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों के साथ मिलकर पर्व की सांस्कृतिक महत्ता साझा की कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक नृत्य और उमंग से भरे प्रदर्शनों ने दर्शकों का मन मोह लिया। उत्सव के समापन पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसे प्रबंधन, शिक्षकगण और छात्रों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।निदेशक रजत पटेल ने छात्रों को निरंतर उत्साह के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी, जबकि प्रधानाचार्य डॉ. रितिका चावला ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी और छात्रों को संस्थान का नाम वैश्विक पटल पर रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एचपी इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप पांडेय और उप-प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता सहित दोनों संस्थानों के शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया।

# मेंथा फैक्टरी में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। उझानी क्षेत्र में एक मेंथा फैक्टरी में तीन सुरक्षाकर्मियों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मंगलवार को सुबह तीनों के शव केबिन में पड़े मिले, जिससे सनसनी फैल गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने फैक्टरी मालिक समेत तीन नामजद के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आपको बता दे कि उझानी थाना क्षेत्र के गांव कुड़ा नरसिंहपुर स्थित मेंथा फैक्टरी में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। तीनों के शव मंगलवार को सुबह केबिन में मिले। जानकारी मिलने पर परिजनों के साथ ग्रामीणों की भीड़ फैक्टरी परिसर में जुट गई और हंगामा कर दिया।

सूचना मिलते ही उझानी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इसके बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। एक मृतक के परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक तीनों कर्मचारी सोमवार रात केबिन में अंगीठी जलाकर सोए थे। इससे दम घुटने से मौत होने की आशंका है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की सही वजह स्पष्ट पाएगी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने फैक्टरी मालिक समेत तीन नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फैक्टरी परिसर को सील कर दिया गया है। यह वही फैक्टरी है, जिसमें कुछ महीने पहले भीषण आग लगी थी। जानकारी के मुताबिक गांव कुड़ा नरसिंहपुर स्थित मेंथा फैक्टरी बैंक ऑफ बड़ौदा में बंधक है। फैक्टरी कर्मचारियों ने मंगलवार को सुबह केबिन में सिक्योरिटी गार्ड जोगेंद्र यादव (30 वर्ष) पुत्र रामबहादुर निवासी बसावनपुर मुजरिया थाना, भानु यादव (26 वर्ष) पुत्र श्रीपाल निवासी मुड़सैना थाना दातागंज और विवेक यादव को मृत अवस्था में पड़ा देखा। तीनों के शव जमीन पर पड़े थे। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतकों के परिजन और ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। काफी देर तक शव नहीं उठने दिए। जोगेंद्र यादव के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस के मुताबिक तीन शवों पर चोट के निशान नहीं हैं। केबिन में अंगीठी रखी मिली है। आशंका जताई जा रही है कि दम घुटने से तीनों की मौत हुई होगी। एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने बताया कि मेंथा फैक्टरी में तीन कर्मचारी अंगीठी जलाकर सोए थे। मंगलवार सुबह देखा गया तो दो कर्मचारियों की मौत हो चुकी थी। तीसरे को अस्पताल भेजा गया, जहां उसे भी मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जांच कराई जा रही है।

# भ्रष्टाचार करने के लिए भगवान राम के नाम लाई गई योजना: सांसद तनुज पुनिया

**भ्रष्टाचार करने को ई चांस नहीं बल्कि भ्रष्टाचार करने के लिए ही स्कीम बनाई गई है यह मेरा सीधा-सीधा आरोप है: तनुज पुनिया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले की एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे बाराबंकी से कंग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने वीबी राम-जी बिल को लेकर कहा कि भगवान राम के नाम से हमको ज्यादा दिक्कत नहीं है राम के नाम पर अगर आपको बिल रखना था तो आप दूसरी योजना ले आते हमें दिक्कत नहीं है जिस तरीके से आप रोजगार लोगों का छीन रहे हैं।

इनके ग्यारह बारह साल की सरकार में औसतन 43 दिन ही है रोजगार दे पाए हैं सौ दिन भी यह लोग नहीं पूरा कर पाए हैं तो यह लोग 125,दिन की कौन सी गारंटी दे रहे हैं भगवान राम के नाम पर यह लोग भ्रष्टाचार करने जा रहे हैं अभी मैंने क्लियर रूप से स्पष्ट किया है यह पूरी भ्रष्टाचारी स्कीम है। भ्रष्टाचार करने का को ई चांस नहीं बल्कि भ्रष्टाचार करने के लिए ही स्कीम बनाई गई है यह मेरा सीधा-सीधा आरोप है। भगवान श्री राम के नाम पर भ्रष्टाचार करने के लिए यह स्कीम केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह का आरोप सबरी माला में सोना नहीं बचा पाए तो क्या धर्म बचाएंगे इस पर पलटवार करते हुए कंग्रेस सांसद ने कहा कि केरल सरकार का मामला कोर्ट का मामला था कोर्ट ने जो आदेश दिया था उसके हिसाब से वहां पर हुआ है। सोना बचाने की बात नहीं है धर्म से कोई आपत्ति नहीं है यह लोग धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं इससे हमें आपत्ति है राजनीति में धर्म को घुसा करके इन लोगों ने धर्म का अपमान करने का काम किया है।वही अहमदाबाद में जर्मन के कुलपति के साथ पीएम मोदी द्वारा किए गए पतंग बाजी को लेकर कंग्रेस सांसद ने कहा कि पतंग बा जी के बजाय अगर कोई काम भी कर लेते तो टैरिफ जैसी स्थिति आज ना होती।डोनाल्ड ट्रंप ने कितना भारत का अपमान किया है एक भी शब्द पीएम नरेंद्र मोदी के जुबान से उनके खि लाफ नहीं निकला है।ट्रंप ने पाकिस्तान के जन रल मुनीर की तारीफ की एक भी शब्द हमारे प्रधानमंत्री का नहीं निकला अगर वह मित्र है तो इतनी सारी टैरिफ क्यों लग रहे है खबर तो यह भी है कि पांच सौ प्रतिशत तक टैरिफ जा सकती है।उनकी विदेश नीति कितनी बुरी तरी के से फ़ेल है चीन ने फास्पोरस देने से मना कर दिया है खाद की जितनी कंपनियां है हजारों करोड रुपए के घाटे में जा रही है।खाद किसा नों को नहीं मिल रही है तो यह विदेश नीति का ही फ़ेलियर है बांग्लादेश में कितनी विदेश नीति का बड़ा फ़ेलियर है हिंदू समाज के लोग मारे जा रहे हैं हम लोग कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। यह भारत सरकार का सबसे बड़ा फ़ेलियर है कि बांग्लादेश में अपने हिंदू भाइयों को नहीं बचा पा रहे हैं अंतरराष्ट्रीय दबाव नहीं बन पा रहे हैं कि वहां पर स्थिति वहां पर बदले सरकार को और करना चाहिए। जितना सरकार कर रही है उतना पर्याप्त नहीं है अभी भी वहां पर अत्या चार हो रहा है कभी हमारा मित्र देश भी हुआ करता था। ऐसा अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाएं कुछ एक्शन ले जिससे बांग्लादेश में जो हमारे हिंदू भाई बहन हैं अल्पसंख्यक कहीं भी है उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़नी चाहिए।

### एससी समाज के ज्यादा वोट कटे

सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि एसआईआर के तहत सबसे ज्यादा एससी समाज के लोगों के वोट कटे है जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं दिया है।क्योंकि मुसलमान के अंद र खौफ था कि हमको बांग्लादेश भेज देंगे इसी लिए उन लोगों ने दौड़ दौड़ करके अपना फॉर्म भरा है अपना नुकसान करके उन लोगों ने फॉर्म भरा है।एससी समाज में जो एजुकेशन का अ भाव है और पेपर वर्क में भी थोड़ा कमजोर है कागज नहीं है तो उनके नाम बहुत ज्यादा करते हैं अगर यही दो-तीन महीना अलग से समय मिलता तो शायद वह लोग अपना फॉर्म भर लेते।

### महिलाएं सुरक्षित नहीं

केजीएमयू में महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के साथ हुए हुए प्रकरण को लेकर के कां ग्रेस सांसद तनुज पूनिया ने कहा कि वह बहुत ही गंभीर घटना है।महिलाएं अगर हमारे यहां सु रक्षित नहीं हो रही है और उसके साथ बदतमी जी हो रही है और खुलेआम लोग घूम रहे हैं लो गों के ऊपर कारवाई नहीं हो रही है।महिला सुर क्षा को लेकर योगी की सरकार बिल्कुल विफल है जो अपराधी है उसी के साथ भारतीय जनता पार्टी खड़ी नजर आती है।वहीं कांग्रेस नेता राहु ल गांधी द्वारा अयोध्या श्री राम मंदिर के दर्शन किए जाने पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि देखिए राहुल गांधी ने स्पष्ट किया था जब तक मंदिर नहीं बन जाता है।पूरा और जब तक शिखर ध्वज की पूजा नहीं हो जाती है औ र जब पूजा हो जाएगी तभी हम जाएंगे।तो ज ल्द ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी राम मंदिर जाएं गे मेरे ख्याल से आप ध्वज भी कंप्लीट हो गया है अधूरी मंदिर में कोई पूजा करने नहीं जाता है

# इटियाथोक में मनरेगा योजना का बंटाधार..!

**अयाह,निसारुपुर,रुदापुर,सिसई बहलोलपुर व सोमरही गाँव में मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। मनरेगा योजना में धांधली रोकने के लिए श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू होने के बावजूद फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है।हालात ऐसे हैं कि कार्य स्थलों प र श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए ए क ही ग्रुप फोटो बार-बार अपलोड की जा रही है।

ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी भी इस गड़ बड़ी को नजरअंदाज कर रहे हैं इटियाथोक ब्लॉ क की अयाह ग्राम पंचायत में अलग - अलग मस्टर रोल में बार - बार एक ही ग्रुप फोटो अप लोड की गई हैं।ऐसे ही निसारुपुर गाँव के मस्टर रोल में खेल किया जा रहा हैं। फोटो वही पुरानी अपलोड किया जा रहा हैं इसी तरह सिसई बह लोलपुर और रुदापुर ग्राम पंचायत में भी गड़ बड़ी किया जा रहा हैं।ऐसे में बीडीओ,एपीओ व ग्रामप्रधान और रोजगार सेवक के द्वारा भ्रष्टाचा र का एक नाया तरीका निकाला गया है,जिसमें कार्य किसी और से कराया जाता है,या होता ही नहीं है,और फोटो किसी और की या बनाई हुई एडिटेड,कॉपी की गई अपलोड कर दी जाती है यह संगठित फर्जी वाड़ा सरकारी धन को सीधे दोहन का प्रयास है।जिले के उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा हैं।ग्राम प्रधान पर आरोप है कि वह उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर फर्जी हाजिरी लगवा रहे हैं और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं।ग्राम पंचायत का वास्तविक विकास हो या न हो,प्रधान अप ना विकास करने में जुटे हुए हैं। प्रधान की इस करतूत से सरकार की जनकल्याणकारी योज नाओं की साफ-सुथरी छवि धूमिल हो रही है।इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने के लिए प्रधान व रोजगार सेवक के द्वारा तस्वीरें बनवाकर फर्जी फोटो मेट की आईडी से मनरेगा पटल पर अप लोड किया गया है। कहीं सड़क का कार्य तो कहीं तालाब का कार्य भूमि विकास कार्य को दिखाया गया है।

# 59वीं वाहिनी एसएसबी ने सीमावर्ती युवाओं के लिए शुरू किया 15 दिवसीय भर्ती पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम

**इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 30 युवक एवं युवतियाँ प्रतिभाग कर रहे हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच । सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशस्त्र सीमा बल की 59वीं वाहिनी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज सलारपुर में 15 दिवसीय भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 12 जनवरी को किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 30 युवक एवं युवतियाँ प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को शारीरिक दक्षता बढ़ाने, लिखित परीक्षा की तैयारी तथा विभिन्न सैन्य भर्तियों से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ दी जाएंगी, जिससे वे भविष्य में होने वाली भर्तियों में आत्मविश्वास के साथ शामिल हो सकें। कार्यक्रम का आयोजन 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के कमाण्डेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंकज कुमार ठाकुर ने युवाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को सकारात्मक दिशा देना तथा उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना सशस्त्र सीमा बल की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को अनुशासित जीवन अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही प्रशिक्षण में भाग ले रही युवतियों को बल में कार्यरत महिला कार्मिकों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों सहित सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी एवं कार्मिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने 59वीं वाहिनी द्वारा किए जा रहे इस जनकल्याणकारी प्रयास की सराहना की। यह 15 दिवसीय भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पच्चीस हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में नगर कोतवाली पुलिस और एस ओजी टीम ने मुठभेड़ के बाद पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश दौलत खान को गिर फ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है।पुलिस ने उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल और चालीस हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

दौलत खान 24 दिसंबर को तिवारी बाजार स्थित एक ज्वेलर्स की दुका न में हुई चोरी की घटना का मुख्य आरोपी था। इस मामले में गोंडा के नगर कोतवाली में मुकद मा दर्ज किया गया था।उसकी गिरफ्तारी के लि ए गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।देर रात नगर कोतवाली क्षेत्र के विमौर के पास पुलिस और एसओजी टीम ने दौलत खान को पकड़ने का प्रयास किया।इस दौरान आरो पी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से दौलत खान घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल दौलत खान को इलाज के लिए गोंडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल चालीस हजार रुपए नकद और चांदी के आभू षण बरामद हुए हैं।दौलत खान बरेली जिले का निवासी है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि दौलत खान अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जिले में कई दुकानों और घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था।उस के खिलाफ रामपुर,शाहजहांपुर, उत्तराखंड के उधमसिंह नगर, गोंडा की नगर कोतवाली और देहात कोतवाली में कुल सात गंभीर मुकदमे द र्ज हैं,नगर कोतवाली पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### खिचड़ी का त्योहार मनाने मामा के घर जा रहा चार वर्षीय मासूम सड़क दुर्घटना मे घायल

रायबरेली। क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खिचड़ी का त्योहार मनाने मामा के घर जा रहा चार वर्षीय मासूम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्षेत्र के पूरे रानी मजरे ओथी गांव निवासी नीलम अपने भाई मुकेश के साथ मोटरसाइकिल से मायके चंदापुर के बगहा गांव जा रही थीं। नीलम के साथ उनका चार वर्षीय बेटा अक्षत भी था। जैसे ही उनकी बाइक पूरे सधई गांव के पास निर्माणाधीन पुल के पास पहुँची, अचानक एक वनरोज सामने आ गया। रफ्तार में होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर वनरोज से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर बैठा मासूम अक्षत छिटक कर दूर जा गिरा। अक्षत के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

# सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । लखनऊ मुख्य मार्ग पर ओवरलोड वाहन मौत बनकर दौड़ रहे हैं। यातायात सुरक्षा अभि यान महज खानापूर्ति बनकर रह गया है।दावा है कि सुरक्षा को लेकर सड़क सुरक्षा सप्ताह, यातायात माह अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता है।

फिलहाल इस क्षेत्र में हवा - हवाई ही दिख रहा है। यातायात सुरक्षा अभियान का सड़कों पर कोई असर नहीं दिख रहा है।सड़कों पर चालक बेखौफ होकर ओवर लोड वाहनों को बिना किसी रोकटोक के दौड़ा रहे हैं। नो इंट्री वाले क्षेत्रों में भी धड़ल्ले से भारी व ओवरलोड वाहन चल रहे हैं। सड़क सुरक्षा माह मात्र खानापूर्ति नजर आया।नियम तोड़ने वालों पर कार्यवाही तो दूर धड़ल्ले से चल रहे ओवरलोड वाहनों को रोका - टोका तक नहीं गया।इन वाहनों की चेकिग की जिम्मेदारी पुलिस,परिवहन,खनन और वाणिज्यकर विभा ग की है। लेकिन इन विभागों की लापरवाही के चलते कस्बे में दिन के समय भी मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राली मोरंग से ओवरलोडट्रक डंपर समेत अन्य ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से गुजरते हैं। बहरहाल कारण चाहे जो हो यदि प्रशासन ने कार्यवाही के प्रति उदासीनता बरती तो दुर्घटना ओं पर नियंत्रण की बात करना बेमानी होगी ।

# विवेकानंद जयंती पर सामाजिक समरसता का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । महामना मालवीय मिशन (अवध) के तत्वावधान में गायत्री चेतना केंद्र (गायत्रीपुरम) डिगीहा परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। उपस्थित लोगों ने स्वामी जी के व्यक्तित्व एवं कृतत्व से प्रेरणा लेकर समाज में सामाजिक समरसता जन जागरण अभियान चलाए जाने हेतु सामूहिक संकल्प भी लिया ।

गायत्री चेतना केंद्र मैदानी बाबा आश्रम में उपस्थित अधिवक्ता, पर्यावरणविद, समाजसेवी व गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए संघ विचारक अशोक कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युग पुरूष थे जिन्होंने अल्प आयु में ही समूचे विश्व में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर सदैव के लिए युवाओं के प्रेरणा स्रोत बन गए उनके पदचिन्हों पर चलकर हमे भारत को विश्व गुरु बनाना है। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सनातन धर्म के प्रवर्तक थे जिन्होंने सामाजिक जन जागरण अभियान चलाकर ऊँच नीच छुआ छूत व सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने का प्रभावी कार्य किया जिसके चलते समूचे भारत में सनातन धर्म का विस्तार होता गया उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन जन तक पहुचाने के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की प्रभावी योजना बनाई गई है। गायत्री चेतना केंद्र अध्यक्ष प्राचार्य आर0पी0एन0 श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्रीय शोषित व वंचित समाज के बच्चों को शिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दूरगामी योजना बनाई जा रही है ताकि युवकों का पलायन रोक सके और हमारा समाज मजबूत बने तथा राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका अदा करे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी इंजीनियर राधेश्याम श्रीवास्तव ने किया। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता किशोरी लाल चौधरी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव ने किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गायत्री परिजन पंडित जगदीश मिश्र, समाजसेवी प्रेमचंद श्रीवास्तव, संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी, मंजू मिश्रा, डी0एल0वर्मा, मिश्री लाल यादव, शांतनु श्रीवास्तव, पर्यावरणविद अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### न्यायिक प्रतिष्ठानों के लिए स्थानीय अवकाशों की सूची जारी

बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता । वर्ष 2026 में न्यायिक प्रतिष्ठान बहराइच में 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 26 अगस्त को बारावफात, 28 अगस्त को रक्षाबन्धन, 19 अक्टूबर को दुर्गा नवमी तथा 11 नवम्बर को चित्रगुप्त जयन्ती/भैय्यादूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा। जिला बार एसोसिएशन बहराइच द्वारा स्थानीय अवकाश के सम्बन्ध में प्रेषित पत्र का संज्ञान लेते हुए जनपद न्यायाधीश द्वारा स्थानीय अवकाशों के लिए प्रशासनिक आदेश जारी किया गया है।जनपद न्यायाधीश की ओर से जारी प्रशासनिक आदेश में यह भी जानकारी दी गयी है कि वर्ष 2026 में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि तथा 08 नवम्बर को दीपावली अवकाश के दिन रविवार पड़ने के कारण उनके एवज़ में क्रमशः 26 नवम्बर को कार्मिक पूर्णिमा तथा 10 नवम्बर 2026 को दीपावली के अवसर पर भी स्थानीय अवकाश रहेगा।

### कोहरे में पलटी वरिष्ठ समाजसेवी राव मोहतरम अली की कार, बाल-बाल बचा परिवार



सहारनपुर। सर्दियों की शाम ढलते ही सड़कों पर कोहरे की मोटी चादर फैल जाती है- रफ्तार थमने के बावजूद हादसे रुक नहीं रहे- ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा देर रात छुटमलपुर से बेहट जाते समय मुज़फ्फराबाद के पास हुआ- जब वरिष्ठ समाजसेवी राव मोहतरम अली परिवार के साथ उत्तराखंड से अपने गांव लौट रहे थे- घना कोहरा उनकी कार के लिए काल बन गया और मुजफ्फराबाद के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 15 फुट नीचे जा पलटा- हादसा भयावह था, लेकिन सौभाग्यवश राव मोहतरम अली और उनके परिजन बाल-बाल बच गए- सभी को हल्की चोटें आईं, पर जान सुरक्षित रही- इस हादसे ने उन्हें अंदर से झकझोर दिया, क्योंकि 15 जनवरी को उन्हें बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होना था- जिसकी पूरी तैयारी और टिकट बुकिंग पहले ही हो चुकी है- घटना के बाद राव मोहतरम अली और उनका परिवार सदमे में है- स्थानीय लोगों का कहना है कि वरिष्ठ समाजसेवी राव मोहतरम अली की गरीबों के लिए निस्वार्थ सेवा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है- वे बिना भेदभाव हर वर्ग के साथ खड़े रहते हैं-शायद यही वजह है कि इतनी बड़ी दुर्घटना के बावजूद उनका परिवार सुरक्षित बच सका- राव मोहतरम से अभी कोई सम्पर्क नही हो पाया है कि उन्हें घटना में कितनी क्षति पहुची है।

### नाथ बाबा धाम पर उमड़ा जनसैलाब, विशाल खिचड़ी भोज व रजाई वितरण ने रचा सेवा का नया इतिहास

रायबरेली , कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्र के राजापुर जमोलिया गांव स्थित प्राचीन नाथ बाबा के मंदिर परिसर में ग्राम प्रधान अंजनी गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित विशाल खिचड़ी भोज एवं रजाई वितरण कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सेवा और जनकल्याण का अनुपम उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।इस भव्य आयोजन में ग्राम सभा के पांच सौ से अधिक जरूरतमंद परिवारों को ठंड से राहत देने हेतु रजाइयां वितरित की गईं, जिससे गरीब एवं असहाय परिवारों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। प्रधान अंजनी गुप्ता द्वारा एक ही स्थान पर सभी वर्गों को एकत्र कर समरसता भोज आयोजित करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जनता के सुख-दुख में सहभागी बनता है।

# नववर्ष पर अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट, समिति ने दी शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी नवाबगंज डॉ. राहुल पाण्डेय, एडीओ पंचायत विकास अवस्थी तथा सीडीपीओ नवाबगंज संजय सचान से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं।

समिति पदाधिकारियों ने बीडीओ एवं एडीओ पंचायत नवाबगंज से उनके कार्यालय में भेंट कर समिति की डायरी, पेन एवं कैलेंडर भेंट किए तथा नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वहीं समिति कार्यालय बाबागंज पर सीडीपीओ नवाबगंज संजय सचान को नववर्ष एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए डायरी, पेन एवं कैलेंडर भेंट किए गए। इस अवसर पर बीडीओ नवाबगंज डॉ. राहुल पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए नववर्ष की शुभकामनाओं के लिए उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नववर्ष नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए अवसर लेकर आता है। मजबूत प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच के साथ सभी क्षेत्रवासी विकास खंड नवाबगंज के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं ।इसके अतिरिक्त समिति पदाधिकारियों द्वारा बाबागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवेश शुक्ला को भी डायरी एवं कैलेंडर भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद गिरि, अरविंद वर्मा, बद्री सिंह, अरुण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, शाहिद हुसैन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिया निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददात



बहराइच । बहराइच-गोण्डा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के अन्तर्गत इन्दिरा स्टेडियम के निकट निर्माणाधीन पुलिया का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान डीएम त्रिपाठी ने लो.नि.वि. तथा सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के कारण आमजनमानस को हो रही असुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कराएं।

डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि निर्माण स्थल पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कि आमजन को कम से कम असुविधा हो तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे। निरीक्षण के समय अधि.अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह ने बताया कि बहराइच-गोण्डा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित पुलिया को 7.50 मीटर से बढ़ाकर 15 मीटर किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि पुलिया निर्माण को शीघ्र ही पूरा करा दिया जायेगा ताकि आमजनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

# डीएम की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी 26 जनवरी 2026 को जनपद में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के संबंध में तैयारी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी, प्रधानाचार्य, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, पत्रकार बन्धु,व्यापारी मण्डल के प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे बैठक में जिलाधिकारी ने 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रमों/आयोजनों के संयोजन एवं समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये है गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, सांस्कृतिक

**इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी, प्रधानाचार्य, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, पत्रकार बन्धु,व्यापारी मण्डल के प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे**

कार्यक्रम, खेल-कूद, वृक्षारोपण सहित अन्य विविध कार्यक्रम शामिल किये गये है जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ विशेष रूप से महापुरूषों के प्रतिमाओं की रंगाई पुताई एवं साफ-सफाई करा ली जाए

अपर जिलाधिकारी ने बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा करते हुए गणतत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से सम्बंधित जिम्मेदारी एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों मे जो दायित्व सौपे जा रहें हैं, वे अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रह कर कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेगें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातःनिर्धारित समय के अनुसार सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण,वृक्षारोपण,पुलिस परेड,जनपद मुख्यालय पर महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं समस्त शिक्षण संस्थाओं, पंचायत भवनों तथा सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण, जिला चिकित्सालय में मरीजों में फल वितरण सहित विविध कार्यक्रम के आयोजन की रूप रेखा तय करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों को गौरवशाली बनाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों एवं स्वंय सेवी संगठनों से अपील की है पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस को राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ मनाने की अपील करते हुये कहा कि इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि झण्डा साफ सुथरा हो, निर्धारित आकार का हो एवं झण्डे को सीधा फरहाया जाये, जिसमें सबसे ऊपर केशरिया, बीच में सफ़ेद तथा नीचे हरा रंग रहे इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी,एसडीएम, उप जिलाधिकारी केलेक्ट्रेट पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सदर,उप कृषि निदेशक,उपायुक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी,सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा,वरिष्ठ समाज सेवी, सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## रूदपुर, कुँवरपुर चौथा महान नगर कीर्तन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न

पूरनपुर। गुरुद्वारा पंजवी पातशाही श्री गुरु अर्जन देव जी सेवा ट्रस्ट, कुँवरपुर रूद्पुर के तत्वावधान में मंगलवार शाम 5 बजे चौथा महान नगर कीर्तन श्रद्धा, अनुशासन और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। गुरु ग्रंथ साहिब महाराज जी की शत शैया में, पंज प्यारों की पावन निगरानी में नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी गुरप्रीत सिंह जी ने अरदास कर संगत को आशीर्वाद प्रदान किया। महान नगर कीर्तन में देश-विदेश से आई संगतों के साथ नगर वासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। संगतों ने अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों को आकर्षक रूप से सजाकर नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाई। जगह-जगह फूलों की वर्षा, शबद कीर्तन और सेवा भाव ने वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। सेवादारों ने तन, मन और धन से सेवा कर आयोजन को सफल बनाया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा पंजवी पातशाही श्री गुरु अर्जन देव जी सेवा ट्रस्ट से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा सिंह सभा केंद्र रूद्पुर, गुरुद्वारा बाबा देश भगत संत बाबा वैशाख सिंह जी, वरोसाए होए संत बाबा सुखा सिंह जी एवं संत बाबा हाकम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## धनाराघाट शारदा नदी तट पर 14 जनवरी राम नगरिया मेले को लेकर चल रही तैयारियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । तहसील क्षेत्र के धनाराघाट स्थित शारदा नदी के तट पर हर वर्ष परंपरागत रूप से लगने वाला प्रसिद्ध रामनगरिया मेला है। मकर संक्रांति के अवसर पर मेला आयोजित किया जाएगा। मंगलवार दोपहर एक बजे प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 14 जनवरी को रामनगरिया मेले का आयोजन होगा। मेले को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आसपास के ग्रामीणों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

रामनगरिया मेला धार्मिक आस्था और लोक संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। मकर संक्रांति के दिन श्रद्धालु शारदा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इसके साथ ही संत-महात्माओं की उपस्थिति, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से मेला क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग जाता है। परंपरा के अनुसार बड़ी संख्या में कल्पवासी यहां प्रवास करते हैं, जिससे मेले का महत्व और बढ़ जाता है। मेले के आयोजन को लेकर संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। पंचायतों की ओर से मेला स्थल और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कूड़ा निस्तारण, अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और स्नान घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

वहीं, आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रास्तों की मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त की जा रही है। स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि मेले के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के मेले में शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ उठा सकें। रामनगरिया मेले को लेकर पूरे क्षेत्र में रौनक लौटने लगी है और लोग 14 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## जिला पंचायत अध्यक्ष पति एक बार फिर सुर्खियों में पीड़ित ने मुख्यमंत्री से की शिकायत, मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत । जिला पंचायत पीलीभीत वैसे तो काफी दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ है।कभी भ्रष्टाचार को लेकर कभी किसी अन्य मामले को लेकर लेकिन इस बार चर्चा का विषय बना जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरुभाग सिंह द्वारा करोड़ों रुपए हड़पने को लेकर पूरनपुर नगर की अशोक कॉलोनी निवासी भीमसेन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजें पत्र में कहा कि मेरी एक राइस मिल जो की बडा रोड पर स्थित है। जिस पर पंजाब नेशनल बैंक पूरनपुर का लोन है।

पीलीभीत की जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर और उनके पति गुरुभाग सिंह ससुर भजन सिंह से राइस मिल का सौदा 6 करोड़ रुपए में तय हुआ था। जिसका एक एग्रीमेंट पूरनपुर तहसील में हुआ था। एग्रीमेंट के मुताबिक 11 माह में हम 6 करोड रुपए देकर रजिस्ट्री करबा लेंगे उन्होंने बैंक खाते में 2 करोड़ 28 लाख

**सत्ता के गलियारों में हो रही है तरह-तरह की चर्चा पूर्व में भी जिला पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री से की थी जिला पंचायत में घोटाले की शिकायत**

रुपए जमा किया है। उन्होंने एग्रीमेंट कागजों पर हेराफ़ेरी कर 12 महीने कर लिया जबकि एग्रीमेंट 11 महीना का था 12 महीने बीत जाने पर भी हम लोग चुप रहे और 12 माह का समय बीतने के बाद भी बैंक का बकाया बिजली का बिल मंडी शुल्क जीएसटी भी ज्यादा नहीं किया और हमारा बचा बकाया एक करोड़ 40 लाख रुपए भी नहीं दिए अब हमको जबरदस्ती करके रुपए न देकर रजिस्ट्री करवाने की धमकी दे रहे हैं। कि हम लोग जिला पंचायत पीलीभीत के अध्यक्ष हैं। हमारी सरकार है। जबकि हम अग्रवाल परिवार पिछले 50 वर्षों से भाजपा से जुड़े हुए हैं मेरे यहां रोज बैंक वालों से और पुलिस भेज कर प्रताड़ित करते हैं।इसे मेरी बहू की किडनी फ़ेल होने पर उसका इलाज चल रहा है। मेरी भी तबीयत खराब हो गई है। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है।मेरा बकाया रुपया अदा नहीं तब हम अपनी मिल दूसरी जगह बेचकर इसका ब्याज काटकर रुपए वापस कर देंगे उन्होंने मुझसे कहा कि जिला पंचायत के टेंडर होने पर आपको रुपया दे देंगे बहुत बार कहा अब तो टेंडर भी पड़ गए तब रुपया देने को तैयार नहीं है। यह मेरी मिल पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं और अपने स्कूल की बसे भी हमारी मिल में खड़ी करते हैं। और कहते हैं।कि अगर मिल की तरफ आए तो तुमको जान से मार देंगे अगर मुझे तथा मेरी बहू को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी गुरभाग सिंह दलजीत कौर भजन सिंह की होगी पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे भाजपा सरकार की छवि बनी रहे।

## 25वें स्थापना दिवसपर समाजसेवियों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राजकीय जूनियर हाई स्कूल सलाहपुर, भदैया सुल्तानपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्व विश्वास संस्थान द्वारा 25वाँ स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवी जगत के पुरोा स्वविश्वास संस्थान के संस्थापक अयक्ष पानी संस्थान अयोया के मुख्य कार्यकारी भारत भूषण सिंह, संस्थापक सदस्य पूर्व महाप्रबंाक भूमि विकास प्राकिरण( रेलवे) पूर्व विायक लंभुआ देवमणि द्विवेदी, डाक्टर सीताशरण त्रिपाठी (स्वतंत्र निदेशक कोल खनिज विभाग) ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूआत की। उक्त अवसर पर स्वविश्वास संस्थान के सचिव राकेश द्विवेदी ने सभी का सम्मान किया एवं स्वविश्वास संस्थान के 25 वर्षों के सफर को विस्तार से बताया। इस अवसर पर संस्थान ने कुछ समाजसेवियों को सम्मानित किया गया जिसमें 32 वर्ष की कम आयु में ही 42 बार रक्तदान करने वाले रक्त वीर अखिलेश सिंह पर्वत को भारत भूषण ने प्रशस्तपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया, इसी समय पत्रकारिता के क्षेत्र में निर्भीक पत्रकारिता करने का काम करने वाले नौजवान आलोक द्विवेदी को देवमणि द्विवेदी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर कोषायक्ष देशार्थ ने जगदीशपुर के आशिक अली को .षि के क्षेत्र में जलवायु आाारित खेती करने के लिए प्रशसति पत्र देकर सम्मानित किया उक्त अवसर पर संस्थान द्वारा क्षेत्र की किशोरियों को भी सम्मानित किया ग्राम प्राान सलाहपुर सरोजा देवी, जगदीशपुर के प्राान जय प्रकाश यादव, बदस्हीनपुर के प्राान केदारनाथ यादव को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। भदैयाँ सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र के अाक्षिक डाक्टर आर पी सिंह, आशा, ऐनम, सी एच वो को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अयक्षता समाजसेवी रामसहाय शर्मा ने किया एंव संचालन सुरेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर लम्भुआ निवासी व्यापारी नेता जयशंकर तिवारी, अनुपम पाठक, राजेश चतर्वेदी, दुर्गेश मिश्रा, विपिन तिवारी, सुनीता यादव, संजूयादव, वन्दना दुबे उपस्थित थे। ान्यवाद और आभार भाषण श्रीमती गरिमा सिंह ने दिया।

## ओबीसी महासभा ने 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता को राष्ट्रपति को संबोधित 21 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा महासभा ने केंद्र और राज्य सरकारों से ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा तथा संवैधानिक प्रावधानों के पूर्ण अनुपालन की मांग की ज्ञापन में सबसे पहले भारत के संविधान के अनुच्छेद 258 के तहत ओबीसी की जातिगत जनगणना शीघ्र कराने की मांग की गई।

महासभा ने मंडल आयोग की सिफारिशों को पूरी तरह लागू करते हुए लोकसभा और विधानसभाओं में ओबीसी को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की बात कही इसके साथ ही, ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमीलेयर व्यवस्था को असंवैधानिक बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की गई महासभा ने निजीकरण का विरोध करते हुए सरकारी विभागों में निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल रोकने, ईडब्ल्यूएस आरक्षण को समाप्त करने और ओबीसी को 54 प्रतिशत आरक्षण लागू कराने की मांग भी रखी किसानों के मुद्दे पर, गन्ना सहित सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को तीन गुना करने और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग की गई। इसके अलावा, बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार गारंटी बिल, मासिक बेरोजगारी भत्ता, ओबीसी के रिक्त पदों को भरने और अग्निवीर योजना समाप्त कर स्थायी भर्ती लागू करने की मांग भी शामिल थी न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए न्यायिक सेवा आयोग गठित करने की मांग भी की गई। महिलाओं के आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को भी संख्यात्मक सहभागिता के अनुरूप आरक्षण देने पर जोर दिया गया। महासभा ने ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की भी मांग की ज्ञापन में मछुआ समुदाय को जल संसाधनों का आवंटन, मजदूरों का न्यूनतम वेतन 50 हजार रुपये मासिक तय करने और 'वन नेशन-वन एजुकेशन' लागू करने की मांग भी शामिल थी।

## निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

**14 दिन में जुड़वा नवजातों की मौत से हड़कंप परिजनों का हंगामा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद में अवैा रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम और चिकित्सालय एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। चांदा कोतवाली क्षेत्र स्थित पीपी कमैचा में एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। यहां 14 दिनों के भीतर जुड़वा दो नवजात बच्चों की मौत हो गई, जिससे परिजनों में भारी आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार, सराय कल्याण निवासी संदीप वैश्य की पत्नी किरण ने 26 दिसंबर को लंभुआ के एक निजी अस्पताल में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। बच्चों की हालत नाजुक होने पर उन्हें पीपी कमैचा स्थित सहारा बाल चिकित्सालय में ड. आकाश मिश्रा के यहां भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 27 दिसंबर को एक नवजात की मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि दूसरे बच्चे को डक्टर ने स्वस्थ बताकर घर भेज दिया, लेकिन हालत ठीक न होने पर वे रोजाना उसे अस्पताल लेकर आते रहे। मंगलवार को इलाज के दौरान दूसरे नवजात ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि हंगामे के दौरान डक्टर और अस्पताल स्टाफ पिछले दरवाजे से फरार हो गए। मृतक बच्चों के चाचा संदीप उमर वैश्य ने आरोप लगाया कि इलाज पर करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च हो चुके थे। परिजनों ने उच्च आकािरयों के मौके पर आने तक शवों का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। मामले की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस जांच में जुट गई है। परिजनों ने सीएमओ और चांदा कोतवाली में शिकायत पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## घर सुल्तानपुर फाउंडेशन की मुहिम मकर संक्रांति पर नदी में ही स्नान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। मकर संक्रांति भारतीय संस्.ति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर नदियों में स्नान की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। नदी स्नान को शारीरिक शुद्धि के साथ-साथ मानसिक और आयात्मिक शांति का मायम माना गया है।

आज के समय में नदियाँ प्रदूषण की मार झेल रही हैं और समाज, विशेषकर युवाओं का जुड़ाव नदियों व प्र.ति से ाीरे-ाीरे कम होता जा रहा है। इसी चिंता और जिम्मेदारी के भाव से घर सुल्तानपुर फाउंडेशन ने एक जागरूकता अभियान का आह्वान किया है। फाउंडेशन की ओर से अपील की जाती है कि 15 जनवरी, मकर संक्रांति के दिन देश-प्रदेश में जहां भी लोग हों, वहां की नदी में स्नान करें। यह केवल एक ाार्मिक कर्मकांड नह, बल्कि नदियों के महत्व को समझने, उनके संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने का प्रयास है। नदी स्नान का महत्व केवल आस्था तक सीमित नह है। नदियाँ हमारी सभ्यता की जननी रही हैं। .षि, जीवन, संस्.ति और परंपराओं की आाारशिला। जब समाज स्वयं नदियों से जुड़ेगा, तभी उनके संरक्षण की भावना भी मजबूत होगी। इस अभियान के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि वे अपने नदी स्नान की तस्वीरें घर सुल्तानपुर फाउंडेशन के साथ साझा करें, ताकि यह संदेश अाकि से अाकि लोगों तक पहुंचे ।

## पूरनपुर मे व्यापारियों ने मनाया लोहड़ी का हर्षोल्लास से त्यौहार भाईचारे का दिया संदेश

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। व्यापार मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ढोल नगाड़ों की थाप पर लोहड़ी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला और रवि जायसवाल के प्रतिष्ठान पर लोहड़ी पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अग्नि जलाकर उसमें मूंगफली एवं रेवड़ी प्रज्वलित की गई और प्रसाद वितरण किया इस दौरान व्यापारियों ने जमकर लोहड़ी पर्व का आनंद लिया आसाम रोड स्थित प्रतिष्ठान में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर रे ढोलक की थाप पर नृत्य कर खुशियां मनाई गई लोगों ने प्रार्थना कर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में राजकीय जिला पुस्तकालय की वार्षिक योजना, पुस्तकालय में निष्प्रयोज्य सामग्री के निस्तारण, शासन/विभाग द्वारा आवंटित समस्त प्रकार के बजट, व्यय सम्बन्धी निर्णय, पुस्तकालय को सक्रिय सामाजिक स्थान के रूप में स्थापित एवं संबर्धित करने आदि बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रोजेक्ट अंलकार एवं समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जनपद में किए जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं समस्त निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर सुविधाऐं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## धनाराघाट रोड लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस, ट्रक चालक ने बंधक बनाकर मारपीट का लगाया आरोप

पूरनपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरेली के मेला रिछा थाना देवरनिया निवासी मोहम्मद तैयब पुत्र जलील अहमद ने मंगलवार दोपहर तीन बजे बताया कि वह ट्रक चालक हैं। उन्होंने एक ट्रांसपोर्ट, पूरनपुर के याह माल ढुलान का काम किया था, जिसके 41 हजार रुपये बकाया हैं। कई बार रुपये मांगने पर ट्रांसपोर्ट संचालक टालमटोल करता रहा। आरोप है कि आज 13 जनवरी 2026 को ट्रांसपोर्ट संचालक ने हिसाब करने के बहाने धनाराघाट रोड पर स्थित एक शटरिंग की दुकान पर बुलाया। पीड़ित के अनुसार वह संभ्रांत व्यक्ति अलीम खां के साथ वहां पहुंचे, जहां गलत हिसाब बताने का विरोध करने पर ट्रांसपोर्ट संचालक व उसके साथी गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों को दुकान में बंधक बनाकर लकड़ी की फंटी से पीटा गया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान जेब में रखे 90 हजार रुपये भी छीन लिए गए।112 पुलिस को सूचना मिलने पर दोनों की जान बच सकी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## ग्राम पंचायतों में कराये जाने वाले विकास कार्यों का नियमित किया जाय निरीक्षण : डीएम

अमेठी , कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जनपद की ग्राम पंचायतों में संचालित विकास एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने ग्राम पंचायतों में किये जा रहे विकास कार्यों, ग्राम सभाओं की बैठकों के आयोजन, वार्षिक कार्य योजनाओं, पंचायत भवनों के निर्माण की प्रगति, अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, डिजिटल पुस्तकालयों की प्रगति, परिवार रजिस्टर के डिजिटाइजेशन, पंचायत कल्याण कोष की स्थिति सहित ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरा एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए जाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कहीं भी मानकविहीन अथवा लापरवाहीपूर्ण निर्माण न हो। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। इस दौरान बायोगैस प्लांट, एफएसटीपी प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा गोवर्धन योजना के तहत जनपद में संचालित गतिविधियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने इन योजनाओं को और अधिक प्रभावी, टिकाऊ एवं जन उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचे, इसके लिए समन्वय, निगरानी एवं जन सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## पुलिस ने शातिर अपराधी के पचपन लाख रुपये के तीन प्लाट किया जब्त

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस ने शातिर अपराधी मोहम्मद वकील द्वारा चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट से अर्जित की गई सम्पत्ति जमीन को जब्त किया गया है। उन तीन प्लाटों की कीमत पचपन लाख रुपया बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना इन्हौना जनपद अमेठी के मोहम्मद वकील पुत्र स्व. शरीफ निवासी वार्ड कुरैशी मकान संख्या 123 थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी द्वारा चोरी एवं एनडीपीएस एक्ट से अर्जित की गई पचपन लाख रुपये की सम्पत्ति (जमीन) को थाना इन्हौना पुलिस द्वारा जब्त किया गया। उक्त सम्पत्ति मोहम्मद वकील द्वारा मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार से अर्जित की गई थी एवं अपने परिजनों के नाम से बनाई गई थी। क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि मोहम्मद वकील एक शातिर अपराधी है जो गैंग लीडर के रूप में अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये चोरी, मादक पदार्थों के अवैध संव्यवहार एवं समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त है जिसके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट व गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत हैं।

## शिवरतनगंज पुलिस ने पांच वारंटियों को धरदबोचा तिलोई

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने मारपीट एवं दहेज प्रथा के मामले के पांच वारण्टी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित वारण्टी की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को थाना शिवरतनगंज के प्रभारी निरीक्षक दया शंकर मिश्र मय हमराह द्वारा मारपीट के मामले से सम्बन्धित वारण्टी राजकुमार पुत्र रामदास,सुरेश पुत्र राम सेवक,राम केशव पुत्र जोधे निवासीगण पूरे मोहनी मजरे बसंतपुर थाना शिवरतनगंज एवं वारण्टी सियाराम पुत्र राम प्रसाद निवासी तोतानगर मजरे जुगराजपुर व डीपी एक्ट से संबंधित वारण्टी राम बरन पुत्र राम लखन निवासी राजापुर हलीम मजरे अकबरपुर फर्सी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये वारंटियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने दिनदहाड़े बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया बारह दिन बाद

शुकुल बाजार, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के जैनबगंज कस्बे से बीते वर्ष की इकतीस दिसम्बर को दिनदहाड़े हुई बाइक चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाया है।चोरी की पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से कैद होने के बावजूद पुलिस द्वारा अभियोग दर्ज करने में आनाकानी की जा रही थी। आला अधिकारियों की फटकार के बाद घटना के बारह दिन बाद आखिरकार पुलिस ने मुकदमा तो दर्जकर लिया है लेकिन चोरी गये वाहन का खुलासा पुलिस के लिये कड़ी चुनौती साबित हो रहा है। थाना क्षेत्र के गांव मरदानपुर निवासी निजामुदीन ने कमरौली क्षेत्र के गांव बनभरिया निवासी महफ़ूज की पत्नी के नाम की मोटर साइकिल टीवीएस स्टार स्पोर्ट्स यूपी 44 डब्ल्यू 9316 क्रय किया था जिसे लेकर वह कस्बा जैनबगंज में संचालित अपनी सैलून की दुकान पर गया था जहां पर शाम छह बजे बाइक चोरी हो गई जो कि सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित वाहन स्वामी ने स्थानीय पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया लेकिन अपराध छिपाने में माहिर शुकुल बाजार पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ित को बाहर का रास्ता दिखा दिया तो वह अपनी फरियाद लेकर आला अधिकारियों की चौखट की परिक्रमा करता रहा लेकिन पुलिस ने फिर भी बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज नही किया लेकिन इलाके में पुलिस की धूमिल हो रही छबि को भांपते हुये आला अधिकारियों की फटकार पर पुलिस ने घटना के बारह दिन बाद आखिरकार मुकदमा तो दर्जकर लिया है।

## सम्पादकीय

# ईरान में उबाल

ईरान में दशकों से जारी कट्टरपंथी शासन में गाहे-बगाहे प्रतिरोध के स्वर उभरते रहे हैं, जिनका दमन भी शक्ति से होता रहा है। लेकिन मौजूदा विरोध पिछले एक दशक में सबसे तीव्र है। प्रदर्शनकारियों के दमन और प्रदर्शनकारियों को मृत्यु दंड देने की चेतावनी के बाद नहीं लगता है कि जन-अशांति कम होगी। प्रदर्शनकारियों को 'ईश्वर का शत्रु' बताने की ढाल ईरानी सत्ताधीशों को किस हद तक सुरक्षा कवच मुहैया कराएगी,कहना कठिन है। ये महज तात्कालिक उद्देश्य ही किसी हद तक पूरा कर सकता है। इतिहास गवाह है कि दमन से व्यापक असहमति को शायद ही कभी दबाया जा सका हो। जब भी सत्ताधीशों ने ताकत के बल पर जनभावनाओं का दमन किया, फौरी तौर पर भले ही वह दबता दिखता हो, लेकिन वास्तविकता ठीक इसके विपरीत होती है। भीतर-ही-भीतर आक्रोश सुलगता रहता है। कालांतर वह अधिक वेग से वापस लौटकर सत्ता में बदलाव लाता है। दुनिया में तमाम उदाहरण विभिन्न देशों में सामने आते हैं। वास्तव में ईरान का संकट एक एकीकृत धर्म आधारित सत्ता और खुलेपन की ओर बढ़ते समाज का टकराव है। विशेष रूप से सत्ता और युवा वर्ग के बीच खाई लगातार चौड़ी हुई है। ईरान के युवा दूसरे इस्लामिक व मध्यपूर्व के अन्य देशों में खुले समाज और विकास की नई ऊंचाइयों से प्रभावित हैं। वे अपने देश में ऐसा ही प्रगतिशील शासन देखने के आकांक्षी हैं। ये युवा गरिमामय जीवन, अधिक आर्थिक उन्नति के अवसर और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं। निस्संदेह, मौजूदा लोकतांत्रिक विश्व में सत्ता द्वारा संवाद के बजाय शक्ति पर निर्भरता, उसकी उस वैधता को ही कमजोर करती है, जिसे वह अपने हित में संरक्षित करना चाहती है। शासन द्वारा जनता की आवाजों को दबाने का उपक्रम अस्थायी शांति तो ला सकता है, लेकिन शासन के प्रति अविश्वास को बढ़ाता है और अलगाव की खाई को गहरा करता है। वहीं दूसरी ओर ईरान सरकार की दमनकारी नीतियों से वैश्विक समुदाय असहज महसूस कर रहा है। हालांकि, ईरान लंबे समय से पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका के दुराग्रहों का शिकार रहा है, वे जब-तब ईरान सरकार की नीतियों की आलोचना करते रहे हैं। जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों के बजाय भू-राजनीतिक हितों से ज्यादा प्रेरित रही है। ईरान की परमाणु नीति के चलते उस पर व्यापक प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जिससे धीरे-धीरे ईरान की आर्थिक स्थिति बदतर होती चली गई। फलस्वरूप महंगाई की मार से त्रस्त जनता सड़कों पर उतर आई। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव से स्थितियों में कोई सार्थक सुधार नहीं हुआ है। लेकिन आम लोगों की जिंदगी ज्यादा कष्टकारी हो चली है। तेहरान के साथ भारत के कूटनीतिक व आर्थिक संबंध बेहतर रहे हैं, मौजूदा स्थिति में भारत को ईरान के साथ सावधानी के साथ संतुलित संबंध बनाये रखने होंगे। ईरान के विदेश मंत्री की प्रस्तावित भारत यात्रा के दौरान बातचीत में इस नाजुक संतुलन की परीक्षा होगी। जिसे ईरान के आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

प्रदर्शनकारियों के दमन और प्रदर्शनकारियों को मृत्यु दंड देने की चेतावनी के बाद नहीं लगता है कि जन-अशांति कम होगी। प्रदर्शनकारियों को 'ईश्वर का शत्रु' बताने की ढाल ईरानी सत्ताधीशों को किस हद तक सुरक्षा कवच मुहैया कराएगी,कहना कठिन है। ये महज तात्कालिक उद्देश्य ही किसी हद तक पूरा कर सकता है। इतिहास गवाह है कि दमन से व्यापक असहमति को शायद ही कभी दबाया जा सका हो।

# मकर संक्रांति त्योहार के पीछे के वैज्ञानिक सिद्धांत

**मकर संक्रांति का त्योहार एक खगोलीय घटना पर आधारित हैः सूर्य का दक्षिणी से उत्तरी गोलार्ध में स्पष्ट ग्रहण संबंधी बदलाव। विज्ञान के अनुसार, यह सूर्य के खगोलीय भूमध्य रेखा को पार करने का संकेत देता है, जो शीतकालीन संक्रांति के बाद सूर्य के उत्तर की ओर बढ़ने की खगोलीय घटना है। सनातनी सूर्य की पूजा करते हैं और उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उसे एक खगोलीय पिंड और एक सचेत देवता दोनों के रूप में देखते हैं। मकर संक्रांति पर सुबह से शाम तक, चैतन्य चारों ओर व्याप्त रहता है। इसलिए, साधना (आध्यात्मिक अभ्यास) में लगे साधक को अधिक चैतन्य का सबसे बड़ा लाभ मिल सकता है। चैतन्य के परिणामस्वरूप साधकों में परम अग्नि सिद्धांत, या तेजतत्व भी बढ़ता है। मकर संक्रांति साधना के लिए एक उत्कृष्ट दिन है। सूर्य का उत्तर की ओर गमन सर्दियों के अंत और उत्तरी गोलार्ध में अधिक दिन की रोशनी का संकेत देता है। अतीत में, यह कृषि चक्रों के साथ-साथ होता थाः फसलें कट जाती थीं, फसलें भंडारित की जाती थीं और नई खेती की तैयारी शुरू हो जाती थी। अलाव जलाना, पतंग उड़ाना और नदी में नहाना व्यावहारिक मूल के सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के उदाहरण हैं, जैसे गर्मी देना, लंबे दिनों का स्मरण करना और मौसमी नदी प्रवाह और फसल कटाई के बाद खाली समय से जुड़े औपचारिक शुद्धिकरण। मकर संक्रांति उत्सव का एक अनिवार्य घटक छत पर इकट्ठा होना और सूरज के नीचे पतंग उड़ाना है।**

हर साल 14 जनवरी को हम मकर संक्रांति मनाते हैं। यह एकमात्र भारतीय त्योहार है जो सौर कैलेंडर के दिन मनाया जाता है। बाकी सभी भारतीय त्योहार चंद्र कैलेंडर के अनुसार मनाए जाते हैं इसलिए सौर कैलेंडर के अनुसार उनके मनाने के दिन हर साल बदलते रहते हैं। खगोल विज्ञान, गणित और ज्यामिति सहित प्राचीन भारतीय विषयों में संस्कृत तकनीकी शब्द 'संक्रांति' का इस्तेमाल किया जाता था। महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक, मकर संक्रांति भारत के कई क्षेत्रों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन आधिकारिक तौर पर नई फसल का मौसम शुरू होता है। हालांकि, मकर संक्रांति का सांस्कृतिक महत्व इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहाँ रहते हैं; अलग-अलग राज्य इसे अलग-अलग नामों से मनाते हैं लेकिन उसी स्नेह के साथ। मकर संक्रांति का त्योहार एक खगोलीय घटना पर आधारित हैः सूर्य का दक्षिणी से उत्तरी गोलार्ध में स्पष्ट ग्रहण संबंधी बदलाव। विज्ञान के अनुसार, यह सूर्य के खगोलीय भूमध्य रेखा को पार करने का संकेत देता है, जो शीतकालीन संक्रांति के बाद सूर्य के उत्तर की ओर बढ़ने की खगोलीय घटना है। सनातनी सूर्य की पूजा करते हैं और उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उसे एक खगोलीय पिंड और एक सचेत देवता दोनों के रूप में देखते हैं। मकर संक्रांति पर सुबह से शाम तक, चैतन्य चारों ओर व्याप्त रहता है। इसलिए, साधना (आध्यात्मिक अभ्यास) में लगे साधक को अधिक चैतन्य का सबसे बड़ा लाभ मिल सकता है। चैतन्य के परिणामस्वरूप साधकों में परम अग्नि सिद्धांत, या तेजतत्व भी बढ़ता है। मकर संक्रांति साधना के लिए एक उत्कृष्ट दिन है। सूर्य का उत्तर की ओर गमन सर्दियों के अंत और उत्तरी गोलार्ध में अधिक दिन की रोशनी का संकेत देता है। अतीत में, यह कृषि चक्रों के साथ-साथ होता थाः फसलें कट जाती थीं, फसलें भंडारित की जाती थीं और नई खेती की तैयारी शुरू हो जाती थी। अलाव जलाना, पतंग उड़ाना और नदी में नहाना व्यावहारिक मूल के सांस्कृतिक रीति-रिवाजों के उदाहरण हैं, जैसे गर्मी देना, लंबे दिनों का स्मरण करना और मौसमी नदी प्रवाह और फसल कटाई के बाद खाली समय से जुड़े औपचारिक शुद्धिकरण। मकर संक्रांति उत्सव का एक अनिवार्य घटक छत पर इकट्ठा होना और सूरज के नीचे पतंग उड़ाना है। इस प्राचीन प्रथा का वैज्ञानिक महत्व है क्योंकि, लंबी सर्दियों के बाद, सूर्य अंततः हमारी ऊर्जा को फिर से भरता है और हमारे शरीर को बैक्टीरिया और बीमारियों से शुद्ध करता है, हम खुशी-खुशी पतंग उड़ाते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में इस दिन के उत्सवों को अलग-अलग नामों से जाना जाता हैः मध्य भारत में सुकरात, असमिया हिंदुओं में भोगली बिहू, तमिल और अन्य दक्षिण भारतीय हिंदुओं में पोंगल और उत्तर भारतीय हिंदुओं और सिखों में लोहड़ी। जिस तरह भारत के कई हिस्सों में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है, उसी तरह एशिया के अन्य हिस्सों में भी इसे दूसरे नामों से और इसी तरह के कारणों से मनाया जाता है। उदाहरण के लिए, मकर संक्रांति उत्सव को थाईलैंड में सोंगक्रान और कंबोडिया में मोहा संगक्रांता के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा, दुनिया भर के लोग, खासकर भारतीय मूल के लोग, अपनी विरासत से जुड़ाव के कारण मकर संक्रांति मनाते हैं। अनोखे लड्डू बनाने के लिए जो सच में इस मौके को खास बना दें, तिल और गुड़ का एक खास मिश्रण तैयार किया जाता है। इन लड्डुओं को खाने का कारण यह है कि तिल के हर दाने में तेल से मिलने वाले तत्व होते हैं। सर्दियों में त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है और उसे सुरक्षा और मुलायम बनाए रखने के लिए नमी की ज़रूरत होती है। इसलिए, तिल के लड्डू खाना, जो इस उत्सव का एक ज़रूरी हिस्सा है, यह त्वचा को नमी देता है। अक्सर तिल-गुड़ कहे जाने वाली ये मिठाइयाँ मकर संक्रांति उत्सव की परंपराओं को दिखाती हैं और माना जाता है कि ये समुदाय में सद्भाव बढ़ाती हैं। रा स्व संघ जाति, धन और सामाजिक अन्याय के कारण समाज में आई कमियों को दूर करने की कोशिश कर रहा है। छह उत्सवों में से मकर संक्रांति ऐसा उत्सव है जो




समाज में सद्भाव और आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने के लिए छुआछूत और पुरानी गलत परंपराओं को खत्म करने का प्रयास करता है। इस उत्सव का लक्ष्य आंतरिक जागरूकता जगाना और भारत को उसकी पूर्व गरिमा और शान वापस दिलाने के लिए करना है। हिंदू सभ्यता बनाने वाली अलग-अलग जातियों को एक साथ आना होगा। डॉ. हेडगेवार जी के अनुसार, जब तक हिंदू समाज बंटा हुआ है, भारत माता का अस्तित्व खतरे में रहेगा। ये उत्सव डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी ने सामाजिक समता, ममता, समरसता और हिंदू एकता की विशेषताओं के अनुसार मनाना शुरु किया था, जिन्हें वे समाज के लिए ज़रूरी मानते थे। हर उत्सव किसी न किसी गुण का सम्मान करता है। मकर संक्रांति स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन का भी प्रतीक है। संघ कभी भी सतही स्तर पर काम नहीं करता। नेतृत्व और स्वयंसेवकों द्वारा लिया गया हर फैसला समुदाय के हर सदस्य के प्रति करुणा और प्रेम के साथ किया जाता है। सामाजिक सद्भाव के लिए एक सदी की प्रतिबद्धता और काम के बाद, हिंदू एकता के फायदे अब साफ दिख रहे हैं। दबे-कुचले और हाशिए पर पड़े समाजों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने के प्रयासों से संघ में लोगों का भरोसा बढ़ा है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना प्रकृति का सम्मान करने के अलावा मकर संक्रांति मनाना उनके लिए भारतीय परंपरा के प्रति वफादार रहने और मकर संक्रांति के सार को बनाए रखने का एक तरीका है। बायोडिग्रेडेबल पतंग उड़ाना कुछ अनोखी पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं में से एक है जो अब मकर संक्रांति उत्सव का एक अभिन्न अंग बन गई हैं। संघ के लिए, पारंपरिक मूल्यों और मकर संक्रांति के सार का त्याग किए बिना जीवन स्थितियों और सामुदायिक लाभों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न सामाजिक अभियानों में भाग लेना उत्सव का एक और पहलू है। समाज में सद्भाव और प्राकृतिक दुनिया के प्रति श्रद्धा को प्रोत्साहित करने के लिए, हम अपनी ऊर्जा को फिर से भर सकते हैं, अपने मन और आत्मा को खुशी से भर सकते हैं और इस भावना को दूसरों तक फैला सकते हैं। यह मकर संक्रांति के वास्तविक महत्व और उद्देश्य का सम्मान करने में योगदान देता है। **-पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# स्वच्छता में नंबर वन का 'अमृत' और नरक का ड्रेनेज

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

इंदौर में इन दिनों गजब का द्वंद्व चल रहा है। एक तरफ आसमान से टपकती स्वच्छता की 'नंबर वन' की ट्राफियां हैं और दूसरी तरफ जमीन फाड़कर निकलता 'भागीरथपुरा' का सच। प्रशासन ने अपनी चिर-परिचित फुर्ती दिखाते हुए कुछ अधिकारियों का 'स्थानांतरण' कर दिया है। वाह! क्या गजब का इलाज है। जैसे किसी का अपेंडिक्स फट गया हो और डॉक्टर उसका बिस्तर बदल दे। साहब यहाँ से वहाँ हुए नहीं कि सिस्टम का पाप धुल गया! सुना है नए साहब के आते ही पुरानी पाइप लाइन ने शर्म के मारे जहर उगलना बंद कर दिया है। भागीरथपुरा, नाम कितना पवित्र है। महाराज भगीरथ ने गंगा लाने के लिए अंगूठे पर खड़े होकर तपस्या की थी ताकि पूर्वजों को तार सकें, पर हमारे आधुनिक भगीरथों (इंजीनियरों) ने पाइपलाइन बिछाते समय ऐसी 'तपस्या' की कि अमृत योजना की नली को सीधे ड्रेनेज की नाली से 'कनेक्ट' कर दिया। अब पुरखे तरें न तरें, मोहल्ले वाले सीधे इस लोक को छोड़ मोक्ष की यात्रा पर निकल पड़े। यह सरकारी मोक्ष ही है, बस फर्क इतना है कि यह यमराज द्वारा नहीं, बल्कि नगर निगम द्वारा 'स्पॉन्सर्ड' है। इस पूरी त्रासदी के पीछे जो 'महान कलाकार' छिपा है, वह है, सरकारी ठेकेदार। यह वह प्रजाति है जो लोहे के पाइप को कागज की तरह मोड़ सकती है और कंक्रीट में इतनी रेत मिला सकती है कि रेगिस्तान को भी शर्म आ जाए। ठेकेदार साहब का गणित एकदम स्पष्ट है, ''ऊपर की सड़क ऐसी बनाओ कि मुख्यमंत्री का काफिला निकले तो झटका न लगे, और नीचे पाइप ऐसा डालो कि अगली बारिश तक गायब हो जाए।'' टेंडर की मलाई और कमीशन के खेल में पाइपलाइन की मोटाई इतनी कम रह गई कि सीवेज के कीड़ों ने उसे 'डोरस्टेप डिलीवरी' का रास्ता समझ लिया। ठेकेदार के लिए 'अमृत' का मतलब वह 'प्रसाद' है जो उसे फाइल पास होने के बाद मिलता है, जनता का गला सूखे या सड़े, इससे उसके बैंक बैलेंस का 'फ्लो' नहीं रुकता। शहर का चेहरा तो इतना चमकीला है कि आप अपनी शक्ल डिवाइडर पर देख लें। दीवारों पर नाचते मोर हैं, स्वच्छता के गान गाती गाड़ियाँ हैं और हर खंभे पर मुस्कराते नेताओं के पोस्टर हैं। पर इस चमक-धमक के नीचे शहर क्या 'पाल' रहा है, यह तब पता चलता है जब अस्पताल के बेड कम पड़ जाते हैं। यहाँ मोहल्ला राजनीति का भी अपना स्वैग है। ''हमारे भाईसाहब'' का वोट बैंक बना रहे, इसलिए पाइपलाइन चाहे गटर के भीतर से निकले या शौचालय के नीचे से, बस 'नल' चलना चाहिए। पार्षद जी को चिंता इस बात की नहीं थी कि पानी में बैक्टीरिया हैं, उन्हें चिंता इस बात की थी कि उद्घाटन के पत्थर पर उनका नाम बड़ा है या नहीं। चुनावी गणित में 'शुद्ध पेयजल' से ज्यादा जरूरी 'मुफ्त का टैंकर' होता है, ताकि संकट के समय मसीहा बना जा सके। जब जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँचा, तो नेताओं ने अपना अचूक ब्रह्मास्त्र निकाला, 'स्थानांतरण'। कलेक्टर साहब हटा दिए गए, कमिश्नर साहब विदा कर दिए गए। जनता दुख भूल कर फटाफट खुश हो गई! उसे लगा कि 'न्याय' हो गया। अरे भाई, साहब तो बदल गए, पर वह सड़ा हुआ सिस्टम और वह लीकेज वाली पाइपलाइन तो वहीं है जो पिछले दस सालों से ड्रेनेज को चूम रही है। यह तो वही बात हुई कि इंजन खराब है और आप बार-बार ड्राइवर बदल रहे हैं। राजनेता जानते हैं कि पब्लिक की याददाश्त और पानी का स्वाद, दोनों बहुत जल्दी बदल जाते हैं। रही बात समाधान की, तो हुजूर! समाधान किसी फाइल या तबादले में नहीं, बल्कि इस 'स्मार्ट' चश्मे को उतारने में है। जल्दी ही मजबूर जनता जीने के लिए अपने घरों में यूरेका के असरदार वाटर फिल्टर खुद लगा ही लेगी । तब तक बिसलेरी की बोतलों से नहाने का सौभाग्य मिलेगा । पर यह कौन बताए कि असली 'अमृत' जल तब बरसेगा जब ड्रेनेज और पेयजल की लाइनों के बीच की दूरी कम से कम उतनी कर दी जाएगी जितनी एक चुनाव से दूसरे चुनाव के बीच नेता और जनता की होती है। बेहतर होगा कि अगली बार 'स्मार्ट सिटी' का तमगा देने से पहले दीवारों के पेंट की जगह पाइपों के 'प्रेसर' की जाँच की जाए। समाधान तो यह भी है कि जिस ठेकेदार और इंजीनियर ने यह महान 'जुगलबंदी' की है, उन्हें तब तक उसी मोहल्ले का पानी पिलाया जाए जब तक वे खुद न मान लें कि अमृत योजना में 'विष' का मिश्रण सरकारी गाइडलाइन का हिस्सा नहीं है। बड़े अधिकारियों के तबादलों के इस सर्कस को बंद कर अगर 'जवाबदेही' को भी 'नंबर वन' बना दिया जाए, तो शायद किसी और भगीरथ को अपने मोहल्ले के पुरखों को तारने के लिए श्मशान न जाना पड़े। वरना याद रखिए, इतिहास केवल आपके रंगे-पुते डिवाइडर याद नहीं रखेगा, वह उन पाइपों के बारे में भी लिखेगा जिन्होंने शहर की साख को गटर में बहा दिया।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में गाजर को अवश्य करें डाइट में शामिल, मिलेंगे यह जबरदस्त लाभ

सर्दी का मौसम आते ही बाजार में लाल-लाल गाजर बेहद सस्ते दाम में मिलने लगती हैं। इतना ही नहीं, इस मौसम में लोग गाजर की सब्जी से लेकर उसका जूस तक पीना पसंद करते हैं। यूं तो गाजर को कई तहर से खाया जाता है लेकिन क्या आप इससे मिलने वाले फायदों से वाकिफ हैं। नहीं न, तो चलिए जानते हैं गाजर से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? गाजर में कई तरह के पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। खासतौर से इसमें बीटा कैरोटीन, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी 1, कई तरह के खनिज लवण व एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। गाजर का सेवन आंखों के लिए विशेष रूप से लाभदायी माना गया है। ऐसा इसमें मौजूद बीटा कैरोटीन व विटामिन ए की वजह से होता है। इसलिए जो लोग गाजर का सेवन पर्याप्त मात्रा में करते हैं, उनकी आंखों की रोशनी लंबे समय तक दुरूस्त तो रहती है ही, साथ ही रतौंधी व मोतियाबिंद जैसी बीमारियां होने की आशंका भी कम हो जाती है। समय के पहिए को रोक पाना भले ही किसी के लिए संभव न हो लेकिन लंबे समय तक जवां बने रहने के लिए कुछ उपाय तो किए ही जा सकते हैं। इन्हीं में से एक है गाजर का सेवन करना। दरअसल, इसमें बीटा?कैरोटीन और एंटी?ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो विभिन्न कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं और एजिंग के साइन्स को लंबे समय तक आने से रोकते हैं। इतना ही नहीं, गाजर का सेवन रूखी त्वचा, पिंपल्स, पिगमेंटेशन आदि समस्या से भी निजात दिलाते हैं। गाजर हृदय के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। दरअसल, इसमें कैरोटीनॉयड्स पाए जाते हैं जो किसी भी तरह के हृदय रोग की आशंका को कम करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें बीटा?कैरोटीन के साथ?साथ अल्फा कैरोटीन और ल्यूटिन भी पाया जाता है। गाजर का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी नियंत्रित करने में मदद करता है। गाजर प्लैक और खाद्य कणों को मुंह से निकालकर दांतों व पूरे मुंहे की सफाई करने का काम करता है। ठीक उसी तरह, जिस प्रकार एक टूथब्रश व टूथपेस्ट अपना काम करता है। गाजर में पाए जाने वाले मिनरल्स दांतों को किसी भी तरह की क्षति से बखूबी बचाते हैं।

## धर्म मंत्र

# मकर संक्रांति पर तिल से पूजा भी करें और तिल खाएं भी, होगा बड़ा लाभ

हिन्दू धर्म का एक विशेष पर्व माने जाने वाले मकर संक्रांति के अवसर पर लोग सिर्फ पूजा-पाठ, स्नान या दान ही नहीं करते। बल्कि इस दिन तिल खाने और उसे दान करने का एक विशेष महत्व है। यूं तो इस दिन तिल के अतिरिक्त चावल, उड़द की दाल, मूंगफली या गुड़ आदि का भी सेवन किया जाता है परंतु तिल का एक अलग ही महत्व है। लोग अन्य कोई चीज खाएं या न खाएं, लेकिन तिल को किसी न किसी रूप में शामिल अवश्य करते हैं। मकर संक्रांति के दिन तिल की महत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस पर्व को ''तिल संक्रांति'' के नाम से भी पुकारा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वास्तव में इस दिन तिल को इतना महत्व क्यों दिया जाता है। नहीं न, तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं? मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, इसलिए इस पर्व को मकर संक्रांति कहकर पुकारा जाता है और मकर के स्वामी शनि देव हैं। सूर्य और शनि देव भले ही पिता-पुत्र हैं लेकिन फिर भी वे आपस में बैर भाव रखते हैं। ऐसे में जब सूर्य देव शनि के घर प्रवेश करते हैं तो तिल की उपस्थिति के कारण शनि उन्हें किसी प्रकार का कष्ट नहीं देते। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि तिल शनि प्रिय वस्तु है। शनि व्यक्ति के पूर्व जन्म के पापों का प्रायश्चित करवाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन अगर तिल का दान व उसका सेवन किया जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं और उनका कुप्रभाव कम होता है। जो लोग इस दिन तिल का सेवन व दान करते हैं, उनका राहु व शनि दोष निवारण बेहद आसानी से हो जाता है।

## पर्यटन



# अंडमान निकोबार के खूबसूरत बीच, छुट्टियों में जरूर जाएं

दुनिया में घूमने के लिए बहुत से खूबसूरत बीच हैं जहां पर आप अपनी छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं। अगर आप भी वेकेशन में बीच पर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो अंडमान निकोबार आपके लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां पर बहुत सारे बीच हैं जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे। अंडमान जाने के लिए अक्टूबर से मार्च तक का समय सबसे अच्छा माना जाता है। गर्मियों के उमस भरे मौस में यहां पर जाना ठीक नही रहेगा। यात्रा कष्टमयी हो सकती है। राधानगर बीच- हैवलॉक का राधानगर बीच अंडमान निकोबार के बेस्ट बीचेस में से एक है। यह एक मैगजीन द्वारा दुनिया के 7 वें बेस्ट बीच के रैंक में शामिल हो चुका है। यहां की रेत स्पार्क जैसी है जो सनसेट में चमकती है। इसके अलावा यहां पर स्नोर्कलिंग, फिसिंग गेम, स्वीमिंग और स्कूबा डाइविंग आदि काफी फ़ेमस है। इसका आप खूब आनंद ले सकते हैं। एलीफेंट बीच- एलीफेंट बीच भी अंडमान और निकोबार समुद्र तट पर स्थित है। यह भी इन खूबसूरत बीच में से एक है। हैवलॉक द्वीप से इस बीच में जानें के लिए आप नाव से या फिर जंगल के रास्ते से जा सकते हैं। आपको 30 मिनट की दूरी तय करनी पड़ेगी। यहां के समुद्र तट का पानी नेवी है। यहां पर आपको अलग तरह के समुद्री जीव और स्नॉर्कलिंग देखने को मिलेंगे। विजयनगर बीच- हैवलॉक का विजयनगर बीच भी काफी शानदार है। यहां पर आप पानी को हवा में उछलने का अच्छा नजारा देख सकते हैं। यह तैराकी, नौकायन, फोटोग्राफी और वाटर सर्फिंग के लिए यह बीच बहुत परफ़ेक्ट माना जाता है। इस बीच में समुद्र के नीले पानी के किनारे, पेड़ों की छाव का नजारा आप देख सकते हैं। यह जगह बहुत ही खूबसूरत है जो लोगों को अपनी तरफ खिंचता है। काला पत्थर बीच-काला पत्थर बीच का नाम सुनने में थोड़ा अटपटा है लेकिन इसका नजारा बेहद ही खूबसूरत है हैवलॉक आईलैंड में आने वाले पर्यटक यहां पर खूब मस्ती करते हैं।

# मतदाता सूची में छूटे नाम जोड़ें व युवा भरे मतदाता फॉर्म : गोप

## सपा का गांव गांव कैंप आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एस आई आर की जारी ड्रॉप लिस्ट में जिन मतदाताओं के नाम छूट गए हैं इसी के साथ जिनकी 1 जनवरी 2026 को आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई है ऐसे सभी मतदाताओं के फॉर्म भरवा कर इन सभी का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की जिम्मेदारी हम सबको पूरी तन्मयता से निभानी होगी तभी बूथों पर कम हुई समाजवादी समर्थक मतदाताओं की संख्या की भरपाई हो सकेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा सदर के ग्राम पीड़ स्थित पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पंडित रामचंद्र मिश्रा के आवास पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित संवाद एवं समरसता भोज में उपस्थित क्षेत्र वासियों प्रधान बीडीसी पार्टी पदाधिकारियों के बीच व्यक्त किये।

क्षेत्र वासियों से वार्ता करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने उपस्थित प्रधान बीडीसी जनों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी के ग्राम में जिन-जिन मतदाताओं के नाम ड्रॉप लिस्ट में आने से छूट गए हैं या किन्हीं कर्म से कट गए हैं उन सभी के मतदाताओं के के वोट बढ़ाने वाले फॉर्म तत्काल भरवा कर बीएलओ के पास जमा कर दें।जिससे फाइनल लिस्ट में सभी के नाम वोटर लिस्ट में सम्मिलित कराये जा सके। जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने पंडित रामचंद्र मिश्रा जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन्मदाताओं ने अभी तक वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक नहीं किया है वह तत्काल अपना नाम चेक कर ले और अगर उनका नाम छूटा हो तो तत्काल नाम बढ़ाने वाला फॉर्म भरकर बीएलओ के पास जमा कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता फराजुद्दीन किदवाई, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप सिंह, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव नसीम कीर्ति, अजय वर्मा बबलू, रामचंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद कलाम, ब्लॉक अध्यक्ष देवा कमलेश, संदीप प्रजापति, विनोद यादव प्रधान, रमेश यादव, दीपक गुप्ता, मोहम्मद उबेद, मोहम्मद निषाद, राकेश विश्वकर्मा प्रधान, रवि मिश्रा बाबुल मिश्रा सहित क्षेत्र के तमाम बीडीसी प्रधान एवं गणमान्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक ने सभी अतिथियों को फूलमाला भेंट कर स्वागत किया।

# राम बन कुटी में तहरी भोज का भव्य आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्री राम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम में विगत वर्षों की भांति समाजसेवियों ने तहरी भोज का आयोजन किया।

यहां आश्रम में स्वास्थ्य लाभ ले रहे बड़ी संख्या में मरीज एवं उनके तीमारदारों ने भी तहड़ी प्रसाद ग्रहण किया। जिले के अनेक पत्रकार व समाजसेवियों ने भी तहरी प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान कुलदीप रावत द्वारा आयोजित तहरी भोज का शुभारंभ आश्रम के महंत विष्णुदास जी एवं महंत तुलसीदास ने प्रसाद वितरण करके किया।

इस समरसता भोज में वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र मिश्रा, पत्रकार प्रेम अवस्थी, समाजसेवी रत्नेश कुमार हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव ''लल्लू'' गीतकार साहब नारायण शर्मा, शिक्षक हरिनाम सिंह, सनत कुमार, आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा सहित तमाम स्थानीय महिलाएं एवं बच्चों ने समरसता भोज (तहड़ी भोज) में सम्मिलित हुए।

## डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित एम्बुलेंस

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती अर्धरात्रि में एक निजी एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई।, जिससे उसका अगला पहिया क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर ही फंस गया। एम्बुलेंस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक को सीने में गंभीर चोटें आईं और हड्डियां टूटने की आशंका है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायल चालक को एम्बुलेंस से बाहरनिकाला। प्राथमिक उपचार के बाद उसेतत्काल लखनऊ के एक अस्पताल में रेफर किया, जहां उसका इलाज जारी है।स लोगों ने प्रशासन से टिकैतगंज क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## शिशु मंदिर, सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सड़क सुरक्षा को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम भारत एवं प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयास से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से कॉलेज में वंदना सत्र दौरान एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को यातायात से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें बताया कि घर से बाहर निकलते समय दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए, चारपहिया वाहन में सदैव सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए तथा नशे की अवस्था में वाहन चलाना जानलेवा हो सकता है।इसके साथ विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे अपने सगे-संबंधियों और परिजनों को इन नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करें। इस मौके पर भैया-बहनों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। जागरूकता अभियान में सुशील सिंह कक्षा 11,जाह्नवी नाग कक्षा 11, वैष्णवी कक्षा 11,अश्विक जायवाल कक्षा 10तथा संध्या राज कक्षा 11 ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन पर प्रधानाचार्य ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों हेतु शिक्षाप्रद रहा, बल्कि समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुआ।

# महाभारत युद्ध का वर्णन के साथ कथा अवधान

## भंडारे में सैकड़ों ने छका प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। ग्राम बलवन्तपुर भनमतिया में बाबा दास कुटी पर आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के

अंतिम दिवस कथा व्यास वेद प्रकाश सिंह यादव ने महाभारत युद्ध से पहले का प्रसंग सुनाया। बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस विनाशकारी युद्ध को टालने के लिए हर संभव प्रयास किए लेकिन जब सभी प्रयास विफल हुए, तब धर्म की रक्षा के लिए युद्ध अनिवार्य हो गया।सबसे पहले पांडवों को धैर्य, संयम और सहनशीलता का मार्ग दिखाया। उन्होंने युधिष्ठिर को बार-बार समझाया कि वे शांति के लिए अंतिम सीमा तक प्रयास करें। इसके बाद स्वयं श्रीकृष्ण शांति दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे,जिससे बिना युद्ध के समाधान निकल सके।

श्रीकृष्ण ने दुर्योधन को धर्म, नीति और न्याय का उपदेश दिया तथा युद्ध से होने वाले विनाश के परिणामों से अवगत कराया। लेकिन दुर्योधन ने अहंकार वश इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और सुई की नोक भर पांडवों को जमीन देने से इनकार कर दिया। समापन अवसर पर सबसे पहले 251 कन्याओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया उसके बाद हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूड़ी, सब्जी एवं खीर का महाप्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान उमेश कुमार, बृजेश कुमार, पप्पू वर्मा, दयाराम यादव, अनूप कुमार, मोहित, अतुल कुमार, दिलीप कुमार, पप्पू यादव, सहजराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा सर्विसेज दुकान से चार बैट्री चोरी

बेलहरा बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कछुवाहन पुरवा निवासी मोहित सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बेलहरा कस्बे के मौर्य मार्केट बैंक आफ इंडिया के पास मोहित इंटर प्राइजेज के नाम से उनकी दुकान संचालित है जहां पर ई-रिक्शा सर्विस का काम होता है। मोहित के मुताबिक प्रतिदिन की तरह सोमवार की शाम वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। इसी रात दुकान के पिछले दरवाजे का ताला तोड़कर चार कीमती बैट्रियां चोरी हो गईं। सुबह जब मोहित ने दुकान खोली तो इसकी जानकारी हुई। मोहित ने स्थानीय चौकी पर दी गई तहरीर में दुकान पर ही काम करने वाले कस्बे के निवासी सुहेल नामक युवक पर शक जाहिर किया है। स्थानीय चौकी प्रभारी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है,जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# मौथरी गांव रजबहा कटी हजारों बीघा फसलें जलमग्न, पुलिस से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। हरख ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मौथरी व गुलरिहा के मध्य स्थित रजबहा बीती सोमवार व मंगलवार की मध्यरात्रि को कटने की वजह से हजारों बीघा आलू, सरसों गेहूं, टमाटर सहित अन्य फसलें जलमग्न हो गई। मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे खेत पहुंचे किसानों ने अपनी फसलों को जलमग्न देखा तो सभी के होश उड़ गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना नहर विभाग को दिया। सूचना के बाद नहर विभाग द्वारा नगर को बंद कराने के उपरांत बांध बनने का कार्य शुरू किया गया। स्थानीय किसानों ने बताया कि पूर्व प्रधान रामसागर द्वारा केले के अवशेष को नहर की पटरी पर ही छोड़ दिया गया था। जिससे नगर की पटरी जर्जर हो गई। और कटने से हजारों बीघा फसले जलमग्न हो गई। वही इस संबंध में नगर विभाग के जेई हरीश वर्मा ने बताया कि नहर के कटने की सूचना मिली है। बांध बनने के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि नहर के ओवरफ्लो होने की जानकारी सोमवार की शाम को मिली थीं जिससे शाम करीब 6 बजे नहर को बंद करा दिया गया था। जिसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुनः नहर में पानी के प्रवाह को खोल दिया गया। जिससे अधिक पानी के ओवरफ्लो होने के कारण यह घटना हुई है।

## लोक दल नेता की हत्या का प्रयास, झोंका फायर

निंदूरा बाराबंकी।थाना कुर्सी के लोहराहार निवासी मोहम्मद अफसर अली लखनऊ के गौराबाग में रहते हैं। वह राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव भी है, 12 जनवरी की रात पैतृक गांव में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे।करीब 10:35 बजे रात घर के सामने अलाव ताप रहे थे। तभी उनका भाई जुबेर, इरशाद और जुबेर के दो पुत्र उबैद व मुस्लिम पहुंचे और हत्या की नियत से फायर झोंक दिया। छर्रे गर्दन को छूते हुए निकल गए। आरोप है कि उबैद ने अपने भाई पिता व दूसरे चाचा की सह पर हत्या की कोशिश की। वारदात के बाद सीओ फतेहपुर जगतराम कनौजिया ने कुर्सी पुलिस के साथ देर रात तक जायजा लिया और छापेमारी की। कुर्सी थानाध्यक्ष ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।जिसमें से मुख्य आरोपी व उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# व्यापारी संगठन ने किया कोतवाल का स्वागत




कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। स्थानीय कोतवाली परिसर में उद्योग व्यापार संगठन द्वारा नवागत कोतवाल अमित सिंह का स्वागत किया गया।इस मौके पर पुलिस जन संवाद को मजबूत कर क्षेत्रीय समस्याओ पर चर्चा हुई। संगठन के सदस्यों ने कोतवाल ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।संगठन के लोगों ने क्षेत्र की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया इनमें सड़कसुरक्षा, रात्रिगश्त, चोरीकीघटनाओं पर नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने जैसे मुद्दे शामिल थे। कोतवाल ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से अपराध पर प्रभावीनियंत्रण संभव है। इस थानास्तर पर नियमित संवाद और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण उनकी प्राथमिकता रहेगी।इस अवसर पर मुख्य संरक्षक विश्वनाथ गुप्ता, अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, विजय राम जायसवाल,सत्य प्रकाश गुप्ता, अभयपटेल बिंदू श्रीवास्तव आशुतोष श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# खुला हरा-भरा बच्चों का पार्क, रेलवे कर्मचारियों को मिली नई खुशखबरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन की प्रेरणा से इंजीनियरिंग विभाग ने छपरा स्टेशन के पास कृष्णानगर रेलवे कॉलोनी की खाली भूमि को साफ-सुथरा कर बच्चों के पार्क का रूप दे दिया है।

इस हरित पार्क के निर्माण में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (द्वितीय) श्री विनीत कुमार और सहायक मंडल इंजीनियर (छपरा) श्री ए.के. राय ने सक्रिय भूमिका निभाई। पार्क का निर्माण इंजीनियरिंग, पर्यावरण और हाउसकीपिंग विभागों के सहयोग से किया गया है।

नये पार्क में छोटे बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, कर्मचारियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मॉर्निंग वॉक ट्रैक और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। साथ ही इसमें जॉगिंग ट्रैक, खेल का मैदान, विशेष खेल उपकरण, और सुंदर फूल-पौधे लगाए गए हैं, जिससे यह पार्क कॉलोनी के लिए एक नई पहचान बनेगा।

मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कहा, ''यह पार्क रेलवे कर्मचारियों और उनके बच्चों के हित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें उम्मीद है कि यह पार्क पर्यावरण को शुद्धता प्रदान करने के साथ-साथ रेल कर्मचारियों और उनके बच्चों को अच्छा माहौल देगा। उन्होंने कॉलोनी के कर्मचारियों से अपील की कि वे पार्क की स्वच्छता और रखरखाव का ध्यान रखें ताकि यह पार्क लम्बे समय तक सभी के लिए लाभकारी बना रहे। पार्क में पर्यावरण के अनुकूल कूड़ेदान, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और पीने के पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे यह जगह और भी आरामदायक और सुरक्षित बन गई है।

# विकास कार्यों में देरी अब बर्दाश्त नहीं : महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। शहर की मूलभूत सुविधाओं को गति देने के लिए नगर निगम वाराणसी ने मैनपावर बढ़ाने और लंबित कार्यों पर कड़ी निगरानी करने का निर्णय लिया है। यह निर्देश महापौर अशोक कुमार तिवारी ने वाराणसी स्मार्ट सिटी सभागार में मंगलवार को आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए।

महापौर ने साफ कहा कि जनता से जुड़ी परियोजनाओं में देरी अब स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान अस्सी क्षेत्र में पार्किंग की समस्याओं पर जोर दिया गया। महापौर ने कहा कि बीएचयू से ड्राइंग और डिजाइन का अप्रूवल मिलते ही कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो, और इसे 30 अप्रैल तक पूरा किया जाए, अन्यथा संबंधित संस्था पर भारी पेनाल्टी लगेगी।

जल निगम को निर्देश दिया गया कि वे आगामी नौ माह के भीतर लंबित कार्यों को पूरा करें, जबकि रामनगर क्षेत्र में जल परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दिसंबर 2026 तक काम पूरा किया जाए। बैठक में भेलूपुर में 17.5 एकड़ भूमि पर पार्क और पार्किंग प्रोजेक्ट को 14 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया। इसके अलावा, बेनियाबाग, पेट्रोल पंप और शिवपुर कांजी हाउस में निर्माण में देरी पर महापौर ने नाराजगी जताई और कहा कि पूरी तैयारी कर विलंब की गुंजाइश न छोड़ी जाए। चितईपुर की खाली जमीन पर जनोपयोगी परियोजनाओं और रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए म्युनिसिपल बॉन्ड के प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी तैनात करने का आदेश भी जारी किया गया। महापौर ने मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि वे स्वयं निगरानी करें और लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएम ग्रिड और भिटकुरी कान्हा गौशाला निर्माण में तेजी लाने के लिए भी आदेश दिए। बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, संयुक्त नगर आयुक्त जीतेंद्र कुमार आनंद, मुख्य अभियंता आर.के. सिंह, महाप्रबंधक जलकल अनूप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी एस.के. चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर ने अंत में स्पष्ट संदेश दिया कि विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए मैनपावर और संसाधन बढ़ाए जाएं, लेकिन काम में देरी और गुणवत्ता में कमी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने के लिए उतरेगी आत्मविश्वास से भारी भारतीय टीम

एजेंसी



राजकोट। विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। ऋषभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं। भारतीय टीम के पास कई विकल्प हैं लेकिन अगले महीने से शुरू होने वाले टीम टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वह किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहेगी। टी20 टीम में वनडे टीम से बिल्कुल अलग बल्लेबाजी क्रम होगा। लेकिन कुछ नाम दोनों टीमों में समान हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण नाम ऑलराउंडर तिलक वर्मा का है जो ग्रोइन की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम पहले तीन टी20 मैचों में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय टीम की इन चिंताओं के बीच सभी की निगाह कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव में हैं। पहले मैच में कोहली वनडे में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमों में काफी अंतर नजर आता है। कीवी टीम का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत नहीं है और भारतीय बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। पहले मैच में कप्तान शुभमन गिल ने सधी हुई अर्धशतकीय पारी खेली जबकि उप कप्तान श्रेयस अय्यर एक रन से अर्धशतक बनाने से चूक गए। रोहित शर्मा फिर से भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे। कोहली इस समय अलग ही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं और वह आत्मविश्वास से भरे हुए नजर आते हैं। ऐसा लगता है कि वह अपेक्षाओं और आलोचनाओं के बोझ से पूरी तरह मुक्त हैं। कोहली ने शुरुआत से ही न तो आक्रामक बल्लेबाजी करने से परहेज की है और न ही रन बनाने का कोई मौका छोड़ा है। यही कारण है कि उन्होंने वडोदरा में सभी प्रारूपों में सबसे कम पारियों में 28,000 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया।

# भारत सीरीज़ के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेंगी ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली

एजेंसी



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज़ एलिसा हीली ने घोषणा की है कि वह भारत के खिलाफ आगामी घरेलू बहु-प्रारूप श्रृंखला (फरवरी-मार्च) के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लेंगी। हालांकि, वह इस सीरीज़ के टी20 मुकाबलों में हिस्सा नहीं लेंगी, लेकिन वनडे और पर्थ में होने वाले एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करती नजर आएंगी। टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए हीली ने टी20 इंटरनेशनल से दूरी बनाने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर इयान हीली की भतीजी एलिसा हीली ने 2010 में 19 वर्ष की उम्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। अपने करियर के अंत तक वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 162 टी20ऋ 126 वनडे और 11 टेस्ट मैच खेल चुकी होंगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम रिकॉर्ड 126 डिसमिसल दर्ज हैं। मेग लैनिंग के संन्यास के बाद 2023 में एलिसा हीली ने ऑस्ट्रेलिया की पूर्णकालिक कप्तानी संभाली। कप्तान के रूप में उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि इंग्लैंड के खिलाफ 16-0 से एशेज की ऐतिहासिक क्लीन स्वीप जीत रही। उनके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने 2024 महिला टी20 विश्व कप और 2025 महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। महिला क्रिकेट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाज़ों और बेहतरीन विकेटकीपरों में शुमार एलिसा हीली आठ आईसीसी वर्ल्ड कप विजेता अभियानों (छह टी20 और दो वनडे) का हिस्सा रहीं। उनके नाम वर्ल्ड कप फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर और महिला टी20ऋ में विकेटकीपर द्वारा सबसे अधिक डिसमिसल जैसे कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। वह 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में ऑस्ट्रेलिया की स्वर्ण पदक विजेता टीम की भी सदस्य रहीं। व्यक्तिगत पुरस्कारों की बात करें तो हीली को 2019 में बेलिंडा क्लार्क अवॉर्ड से नवाज़ा गया था, जबकि 2018 और 2019 में वह आईसीसी महिला टी20I क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी रहीं। घरेलू क्रिकेट में एलिसा हीली ने सिडनी सिक्सर्स का प्रतिनिधित्व करते हुए विमेंस बिग बैश लीग के 11 सीज़न में 3,000 से अधिक रन बनाए और दो खिताब जीते। इसके अलावा, उन्होंने विमेंस प्रीमियर लीग के दो सीज़न खेले और यूपी वॉरियर्स की कप्तानी भी की। अपने संन्यास की घोषणा करते हुए एलिसा हीली ने एक आधिकारिक बयान में कहा कहा, मिश्रित भावनाओं के साथ मैं यह कह रही हूं कि भारत के खिलाफ आगामी सीरीज़ ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी होगी। मैं अब भी अपने देश के लिए खेलना पसंद करती हूं, लेकिन वह प्रतिस्पर्धी धार, जिसने मुझे इतने वर्षों तक

# संक्षिप्त समाचार

## अंडर-19 विश्व कप के अंतिम अभ्यास मैच में इंग्लैंड ने भारत को 20 रन से हराया

**बुलावायो।** अंडर-19 विश्व कप 2026 से पहले अपने अंतिम अभ्यास मुकाबले में भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ 20 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच सोमवार को बुलावायो एथलेटिक क्लब में खेला गया, जिसे बारिश के कारण डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति के तहत समाप्त किया गया। इंग्लैंड की ओर से कप्तान थॉमस रियू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 66 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाए। बारिश से खेल रोके जाने तक इंग्लैंड ने 34.3 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बना लिए थे, जबकि उस समय पार स्कोर 177 रन था, जिससे इंग्लैंड की जीत तय हो गई। 295 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को शुरुआती झटका तब लगा, जब हेनिल पटेल ने दूसरे ओवर में ओपनर बेन डॉकिन्स को आउट कर दिया। इसके बाद जोसेफ मूरस और बेन मेयस ने दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़ते हुए पारी को संभाला। भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर खिलान पटेल ने दोनों बल्लेबाजों को आउट कर इंग्लैंड को 19वें ओवर में 104/3 पर रोक दिया। हालांकि इसके बाद कप्तान रियू ने मोर्चा संभालते हुए 6 चौके और 3 छक्के लगाए। कालेब फाल्कनर ने भी 43 गेंदों पर 29 रन की अहम पारी खेली, जिससे इंग्लैंड मजबूत स्थिति में पहुंच गया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को आयुष म्हात्रे ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने 40 गेंदों में 49 रन बनाए, लेकिन शीर्ष क्रम उनका साथ नहीं दे सका। वैभव सूर्यवंशी सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि विहान मल्होत्रा और वेदांत त्रिवेदी क्रमशः 10 और 14 रन ही बना सके। 79 रन पर चार विकेट गिरने के बाद भारत संकट में था, लेकिन विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने शानदार 82 रन की पारी खेलकर टीम को संभाला। उन्होंने आर.एस. अम्बरीश के साथ पांचवें विकेट के लिए 97 रन की अहम साझेदारी की। अंत में कनिष्क चौहान ने मात्र 36 गेंदों पर नाबाद 45 रन बनाकर भारत को 50 ओवर में 8 विकेट पर 295 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से जेम्स मिंटो ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में 34 रन देकर 5 विकेट झटके। भारतीय अंडर-19 टीम अब अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 15 जनवरी को क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, बुलावायो में अमेरिका के खिलाफ करेगी। वहीं इंग्लैंड की टीम 16 जनवरी को हरारे में पाकिस्तान से भिड़ेगी।

## प्रमुख टूर्नामेंटों के बीच अधिक वनडे न होने से इस श्रृंखला का महत्व बढ़ गया है: निकोल्स

**राजकोट।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स ने मंगलवार को यहां कहा कि विश्व स्तर पर कई टूर्नामेंट के आयोजन के बीच सीमित संख्या में एक दिवसीय क्रिकेट होने के कारण भारत के खिलाफ मौजूदा वनडे श्रृंखला का महत्व और बढ़ गया है। वनडे विश्व कप अभी 22 महीने दूर है और इसलिए मौजूदा वनडे श्रृंखला की प्रासंगिकता और संदर्भ को लेकर फिर से सवाल उठने लगे हैं क्योंकि सभी का ध्यान अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप पर केंद्रित है। निकोल्स ने बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे से पूर्व न्यूजीलैंड के अभ्यास सत्र से पहले मीडिया से कहा, ''जैसा कि आपने कहा कि कई प्रमुख प्रतियोगिताओं के आयोजन के बीच वनडे क्रिकेट में उतने मैच नहीं हो रहे हैं और इसलिए मुझे लगता है कि इस तरह की श्रृंखलाएं और भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। उन्होंने कहा, ''हममें से कुछ लोग अपने देश में लिस्ट ए क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए हमें इस प्रारूप का थोड़ा अनुभव है। लेकिन यह एक ऐसा प्रारूप है जिसे खेलना हमें पसंद है। इस प्रारूप में सीमित संख्या में मैच होने के कारण यह श्रृंखला पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। निकोल्स ने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम को अगर भारत को हराना है तो उसे अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी क्योंकि पहले वनडे में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, ''बल्लेबाजी के नजरिए से देखें तो हमने कई चीजें काफी अच्छी तरह से कीं और बात सिर्फ इतनी है कि क्या हम उन चीजों को थोड़ी देर और जारी रख सकते हैं। डेवोन (कॉनवे) और मैंने अच्छी साझेदारी की। अगर हम में से कोई एक लंबे समय तक बल्लेबाजी कर पाता है तो यह टीम के लिए अच्छा होगा। निकोल्स ने कहा, ''वनडे क्रिकेट में हमेशा ऐसा होता है। अगर आपके पास विकेट बचे हों और कोई एक बल्लेबाज क्रीज पर लंबे समय से टिका हो तो डेथ ओवरों में उसका फायदा मिलता है। निकोल्स से जब पूछा गया कि क्या न्यूजीलैंड की टीम में मौजूद कम अनुभवी खिलाड़ियों को विराट कोहली और रोहित शर्मा के खिलाफ खेलने से कुछ सीखने को मिला, तो उन्होंने कहा कि वे निश्चित रूप से कुछ दबाव बनाने में सक्षम थे। उन्होंने कहा, ''जब आप यहां आते हैं तो यही चुनौती होती है। चाहे फिर युवा खिलाड़ी हों या अनुभवी खिलाड़ी उन्हें उन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना होता है जिनके पास अपार अनुभव है। निकोल्स ने कहा कि 34वें ओवर के बाद एक गेंद का नियम होने से बल्लेबाजी निश्चित रूप से मुश्किल हो जाती है। उन्होंने कहा, ''हमने अपनी पारी के आखिर में भी देखा कि गेंद काफी ज्यादा नरम थी, जिससे उसे खेलना मुश्किल हो सकता है। इसीलिए अंतिम चरण में खेल को थोड़ा और कठिन बनाने के लिए एक गेंद चुनने का नियम लागू किया गया। इसलिए उससे पहले ही थोड़ा आक्रामक रुख अपनाना बेहतर होगा।

## जीआरई रीन्यू इनरटेक का आईपीओ लॉन्च 21 जनवरी को होगी लिस्टिंग

**नई दिल्ली।** सोलर एनर्जी सेक्टर में काम करने वाली कंपनी जीआरई रीन्यू इनरटेक का 39.56 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 16 जनवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 19 जनवरी को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 20 जनवरी को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 21 जनवरी को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 100 रुपये से लेकर 105 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। जीआरई रीन्यू इनरटेक के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स दो लॉट यानी 2,400 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 2,52,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 37.68 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। आईपीओ खुलने से एक कारोबारी दिन पहले 12 जनवरी को जीआरई रीन्यू इनरटेक ने 9 एंकर इनवेस्टर्स से 11.15 करोड़ रुपये जुटाए। इन एंकर इनवेस्टर्स में स्ट्रेटजिक सिक्स्थ सेंस कैपिटल फंड सबसे बड़ा इनवेस्टर रहा। इसने कंपनी से 176.40 लाख रुपये में 1.68 लाख शेयर खरीदे हैं। इसी तरह विनय ग्रोथ फंड 171.36 लाख रुपये में कंपनी से 1,63,200 शेयर खरीद कर दूसरा सबसे बड़ा एंकर इनवेस्टर बना है।

# आइस हॉकी लीग सीजन 3 के साथ लद्दाख में शानदार वापसी, उभरती प्रतिभाओं को मिलेगा सशक्त मंच

एजेंसी



लेह। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग अपने तीसरे सीजन के साथ एक बार फिर लद्दाख में लौट रही है। यह लीग 29 जनवरी से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। रॉयल एनफील्ड सोशल मिशन के तहत, लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन और आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लद्दाख के सहयोग से आयोजित यह लीग न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि हिमालयी क्षेत्रों में आइस हॉकी के दीर्घकालिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। इस सीजन में लीग का दायरा और अधिक व्यापक हो गया है। विस्तारित राउंड-रॉबिन फॉर्मेट के तहत पुरुष वर्ग की 11 और महिला वर्ग की 6 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनके बीच कुल 75 मुकाबले खेले जाएंगे। यह संरचना खिलाड़ियों को अधिक मैच अनुभव देने और प्रतिस्पर्धात्मक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने पर केंद्रित है। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 3 एक व्यापक तकनीकी विकास कार्यक्रम का प्रतिस्पर्धात्मक चरण है, जिसकी नींव दिसंबर 2025 में रखी गई थी। अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक डैरिल ईसन के नेतृत्व में आइस हॉकी कोचों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसके बाद प्रशिक्षित कोच अपने-अपने समुदायों में लौटकर स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान और टीमों की व्यवस्थित तैयारी में जुटे। इस तरह, लीग जमीनी स्तर के प्रशिक्षण और उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिस्पर्धा के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करती है। लेह में आयोजित यह टूर्नामेंट दूरदराज के हिमालयी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को संरचित लीग फॉर्मेट और पेशेवर रूप से प्रबंधित प्रतियोगिता का अनुभव देता है। वर्ष 2026 संस्करण में लेह, नुब्रा, कारगिल, ज़ांस्कर, चांगथांग और आसपास के क्षेत्रों की टीमें भाग लेंगी। इस सीजन में खारू क्षेत्र से दो नई टीमें–खारू ईगल्स (महिला) और खारू फाल्कन्स (पुरुष)–लीग में पदार्पण करेंगी, जो लीग के निरंतर विस्तार और समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाता है। खेल के इकोसिस्टम को और मजबूत करते हुए, दिसंबर 2025 में पहली बार एक समर्पित रेफरी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका नेतृत्व इंटरनेशनल आइस हॉकी फ़ेडरेशन के ऑफिशिएटिंग इंस्ट्रक्टर पीटर गेबी ने किया। इस पहल का उद्देश्य मैच संचालन के मानकों को बेहतर बनाना, पेशेवर गेम डिलीवरी सुनिश्चित करना और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित रेफरी तैयार करना है।

## विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने संन्यास लिया

ओटावा। विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फ़ेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे। उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। वह उस वर्ष अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग तीन पर भी पहुंचे थे। राओनिच ने एक्स पर लिखा, ''अपने सपनों को साकार करने और उन्हें पूरा करने का मौका पाकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति मानता हूं। लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं टेनिस से संन्यास ले रहा हूं।

अपनी तीखी सर्विस के कारण 'मिसाइल' नाम पाने वाले राओनिच ने 2011 में पेशेवर बनने के बाद आठ एटीपी एकल खिताब जीते।

# दिसंबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़ी: सियाम

एजेंसी



नई दिल्ली। यात्री वाहनों की थोक बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़ी है। उद्योग निकाय सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि दिसंबर में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 3,99,216 इकाई रही, जो दिसंबर 2024 की 3,14,934 इकाई की तुलना में 26.8 फीसदी अधिक है। सियाम के मुताबिक दिसंबर महीने में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 11,05,565 इकाई के मुकाबले 39 फीसदी की बढ़ोत?तरी के साथ 15,41,036 इकाई हो गई। वहीं, तिपहिया वाहनों की कुल बिक्री 61,924 इकाई रही है, जो दिसंबर 2024 की 52,733 इकाई की तुलना में 17 फीसदी अधिक है। सियाम ने बिक्री के परिदृश्य पर कहा कि वाहन उद्योग वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मजबूत गति के साथ प्रवेश कर रहा है, क्योंकि 2025 के अंत में सभी वाहन खंडों में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गयी। चौथी तिमाही के दौरान वाहनों की थोक एवं खुदरा बिक्री की मात्रा में स्थिर वृद्धि की उम्मीद है। उद्योग जगत ने कहा, ''भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर नजर रखते हुए उद्योग निकाय को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 सकारात्मक वृद्धि के साथ समाप्त होगा। इसमें नीतिगत रूप से समर्थित कारक मजबूती से मौजूद रहेंगे जिससे हाल के वर्षों के मजबूत प्रदर्शन को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# वेनेजुएला के घटनाक्रमों से तेल की कीमतें प्रभावित होने के आसार नहीं: क्रिसिल रेटिंग्स

एजेंसी

नयी दिल्ली। क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रमों से कच्चे तेल की कीमतों पर निकट भविष्य में कोई ठोस प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है क्योंकि वैश्विक आपूर्ति में इस लातिन अमेरिकी देश की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत बेहद कम है। जनवरी की शुरुआत में अमेरिकी सैन्य अभियान के परिणामस्वरूप वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को मादक पदार्थों से जुड़े आरोपों में पकड़ लिया गया था। इस घटना ने देश में अनिश्चितता उत्पन्न कर दी। वेनेजुएला के पास दुनिया के कुछ सबसे बड़े प्रमाणित कच्चे तेल के भंडार मौजूद हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने बयान में कहा कि यदि स्थिति बिगड़ती भी है और वेनेजुएला में कच्चे तेल का उत्पादन बाधित होता है, तब भी वैश्विक तेल कीमतों पर इसका प्रभाव सीमित रहने का अनुमान है क्योंकि वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति में इस देश की हिस्सेदारी केवल 1.5 प्रतिशत है। ब्रेंट क्रूड की कीमतें हाल के दिनों में काफी हद तक स्थिर रही हैं जो 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के ठीक ऊपर बनी हुई हैं। भारत के संदर्भ में, वेनेजुएला के घटनाक्रमों का उसके वैश्विक व्यापार या भारतीय कंपनियों की साख पर कोई खास प्रभाव पड़ने का अनुमान नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया कि वेनेजुएला के साथ भारत का प्रत्यक्ष व्यापारिक संपर्क न्यूनतम है। इस दक्षिण अमेरिकी देश से होने वाला आयात भारत के कुल आयात का 0.25 प्रतिशत से भी कम है। वित्त वर्ष 2024-25 में हुए लगभग 14,000 करोड़ रुपये के आयात में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से अधिक थी। हालांकि वेनेजुएला, भारत की कच्चे तेल की आवश्यकता का करीब एक प्रतिशत ही आपूर्ति करता है।

# पीएम मोदी के विजन के अनुरूप व्यापारियों को सशक्त बनाने वाला हो केंद्रीय बजट: कैट

एजेंसी

नई दिल्ली। कारोबारी संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि आने वाला केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप व्यापारियों को सशक्त बनाने वाला होना चाहिए। कैट ने मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को देशभर के व्यापारिक समुदाय की ओर से व्यापक एवं दूरदर्शी सुझाव प्रेषित किए हैं। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त, पारदर्शी और आत्मनिर्भर भारत के विज़न के अनुरूप कैट ने वित्त मंत्री सीतारमण को ऐसे सुझाव दिए हैं, जो व्यापार को सम्मान, सरलता, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करते हैं। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश के व्यापारिक वातावरण को नई दिशा दी है। अब जरूरत है कि आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 में इन पहलों को और मजबूत किया जाए। उन्होंने बताया कि कैट द्वारा दिए गए प्रमुख सुझावों में ट्रस्ट आधारित व्यापार व्यवस्था के तहत छोटे व्यापारियों के लिए सिंगल विंडो कंप्लायंस सिस्टम, अनावश्यक नोटिस एवं निरीक्षण पर रोक तथा व्यापारिक कानूनों के डिक्रिमिनलाइज़ेशन को तेजी से लागू करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पार्टिसिपेटरी गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में अधिकारियों एवं व्यापारियों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है, जिससे व्यापारिक समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही हो सके। खंडेलवाल ने कहा कि कैट ने वन नेशन-वन लाइसेंस-वन रजिस्ट्रेशन की अवधारणा को लागू करने, सभी व्यापारिक लाइसेंसों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म से जारी करने तथा ऑटो-रिन्यूअल की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया है। उन?होंने कहा कि? प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न को आगे बढ़ाते हुए कैट ने पारंपरिक व्यापार को आधुनिक बनाने के लिए टेक्नोलॉजी एडॉप्शन इंसेंटिव स्कीम, व्यापार को डिजिटल करने वाले उपकरणों पर सब्सिडी एवं टैक्स छूट तथा डिजिटल दुकान मिशन शुरू करने की सिफारिश की गई है। खंडेलवाल ने कहा कि ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स में भारी डिस्काउंटिंग, प्रीडेटरी प्राइसिंग और विदेशी फंडिंग से होने वाली अनुचित प्रतिस्पर्धा पर तत्काल नियंत्रण आवश्यक है। इसके लिए वाणिज्य मंत्रालय से हर ई-कॉमर्स एवं क्विक कॉमर्स कंपनी को अनिवार्य पंजीकरण, समान नियम, कड़ी निगरानी तथा फ़ेयर ट्रेड कोड लागू करने का सुझाव दिया गया है, ताकि छोटे रिटेलर्स के हित सुरक्षित रह सकें। कैट ने ईमानदार टैक्सपेयर्स को प्रोत्साहन देने के लिए टैक्सपेयर रेटिंग सिस्टम, कम स्क्रूटनी, फास्ट ट्रैक रिफंड और सस्ते ऋण की सुविधा देने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि व्यापार भी एक कौशल है- इस सिद्धांत को अपनाते हुए व्यापारियों और उनके कर्मचारियों के लिए नेशनल ट्रेडर्स स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया जाना चाहिए, जिसमें डिजिटल स्किल्स, अकाउंटिंग, साइबर सिक्योरिटी और कस्टमर मैनेजमेंट शामिल हों। उन्होंने बताया कि कैट ने छोटे व्यापारियों के लिए पेंशन व बीमा सुरक्षा को मजबूत करने, व्यापारी पेंशन योजना को व्यावहारिक बनाने तथा पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और पीएम-एसवाईएम जैसी योजनाओं को और सुदृढ़ करने का आग्रह किया है। खंडेलवाल ने तेज़ी से बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए साइबर फ्रॉड प्रोटेक्शन फंड, त्वरित मुआवज़ा व्यवस्था, सख्त डेटा प्रोटेक्शन कानून और बैंकिंग तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर डेटा दुरुपयोग पर रोक अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा, हर व्यापारी तक सरकारी योजना अभियान चलाकर व्यापारिक संगठनों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी, सरल गाइडबुक, ऐप और हेल्पलाइन उपलब्ध कराने का सुझाव भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि कैट ने एमएसएमई और छोटे व्यापारियों के लिए डेडिकेटेड ट्रेड फाइनेंस पालिसी समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून, बाजारों के आधुनिकीकरण, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स पार्क और स्मार्ट मार्केट्स विकसित करने की भी सिफारिश की है।

खंडेलवाल ने कहा, व्यापारिक समुदाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यदि व्यापारियों को सम्मान, सुरक्षा, सरलता और समान अवसर मिलते हैं, तो भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव?यवस?था और विकसित भारत अ2047 बनने से कोई नहीं रोक सकता।

सोमनाथ मंदिर को लेकर बोले शाह

# 'सनातन धर्म, सूरज और चांद की तरह शाश्वत और अमर'

एजेंसी

गांधीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। अमित शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए, वो मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी उसी जगह पर पूरे गर्व के साथ खड़ा है।

अमित शाह गुजरात दौरे पर हैं। मंगलवार को अमित शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाह ने कहा, '16 बार तबाह किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर 1000 साल बाद भी पूरे गर्व और सम्मान के साथ खड़ा है और इसके शीर्ष पर धर्मध्वजा लहरा रही है। गृह मंत्री ने कहा, 'ये पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। यह चांद और सूरज की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गर्व का प्रतीक है। बीती 11 जनवरी को पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले और मंदिर के पुनर्निर्माण के 1000 हजार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। महमूद गजनी ने साल 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा।




सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे सालभर देश में मनाया जाएगा। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा। शाह ने कहा, 'एक हजार साल पहले महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और इसे तोड़ा। उसके बाद अन्य हमलावरों जैसे अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने भी हमले किए, लेकिन हर हमले के बाद मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया।

हमलावर तबाही में विश्वास रखते थे और मंदिर बनाने वालों का विश्वास रचना में। आज 1000 साल बाद हमलावर मिट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर अभी भी पूरे गर्व के साथ खड़ा है। गृह मंत्री ने कहा, 'सोमनाथ मंदिर पर हमला सिर्फ एक मंदिर पर हमला नहीं था बल्कि ये हमारी आस्था, विश्वास और आत्म सम्मान पर हमला था। हमले का जवाब दूसरा हमला नहीं हो सकता। इसका उत्तर आत्म-सम्मान में छिपा है।

# भाजपा के खिलाफ 'सूचना के युद्ध' के लिये तैयार रहें युवा : अभिषेक बनर्जी

एजेंसी

कोलकाता/नयी दिल्ली। तृणमूल कंग्रेस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के ''बहुआयामी, लगातार और सोचे-समझे'' हमले का मुकाबला करने के लिए एक आक्रामक, समन्वित डिजिटल अभियान चलाने का आह्वान किया है और युवाओं से इस तरह के 'सूचना युद्ध' में राज्य के अग्रिम पंक्ति के रक्षक बनने की अपील की। तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एबीडीजे कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थानों का राजनीतिकरण कर रही है और सोशल मीडिया ट्रोल सेनाओं तथा ''गोदी मीडिया के एक आज्ञाकारी वर्ग'' के माध्यम से बंगाल के खिलाफ लगातार ''बदनामी अभियान'' चला रही है। श्री बनर्जी ने कहा, ''आज लोकतांत्रिक संस्थानों का राजनीतिकरण हो गया है। उन्हें बंगाल को बदनाम करने और राष्ट्रीय दर्शकों के सामने हमारी उपलब्धियों को बदनाम करने के एक ही एजेंडे के उपकरणों में बदल दिया गया है। बंगाल पर भाजपा का हमला लगातार और सोची-समझी रणनीति के तहत है। हमारी प्रतिक्रिया भी उतनी ही व्यापक, समन्वित और जोरदार होनी चाहिए। श्री बनर्जी ने कहा कि लापरवाही महंगी पड़ सकती है। उन्होंने डिजिटल स्पेस को ''असुरक्षित'' छोड़ने के खिलाफ चेतावनी देते हुए तर्क दिया कि अनियंत्रित गलत सूचना ''जनमत पर अपरिवर्तनीय रूप से गंभीर असर डाल सकती है और उस उपलब्धि को कमजोर कर सकती है जिसे हमने इतनी मेहनत से वापस पाने के लिए संघर्ष किया है। इसलिए बंगाल के युवाओं को अब यह जिम्मेदारी लेनी होगी। एबीडीजे कॉन्क्लेव ने मुझे अपार गर्व और आशा से भर दिया। हजारों डिजिटल योद्धा एक साथ आए। सीखने के लिए उत्सुक, अपने कौशल को तेज करने के लिए उत्सुक, और बंगाल की सच्चाई की रक्षा करने के लिए तैयार। श्री बनर्जी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि कॉन्क्लेव में प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया रणनीति, विकसित हो रहे कंटेंट निर्माण, तथ्य-जांच, बातों को कहने की शैली पर नियंत्रण और गलत सूचना का मुकाबला करने पर विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले सत्रों में भाग लिया, जो पार्टी के राजनीतिक युद्ध में डिजिटल बढ़ते फोकस को दर्शाता है। युवा स्वयंसेवकों को ''बंगाल का डिजिटल बैरिकेड'' करार देते हुए श्री बनर्जी ने 100-दिवसीय कार्य योजना प्रस्तुत की, जिसमें अनुशासन, निरंतरता और मापने योग्य परिणामों का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा, ''अगले 100 दिनों के लिए उन्हें अपना सब कुछ देना होगा। पांच-दिवसीय लक्ष्य निर्धारित करें, प्रगति को सख्ती से ट्रैक करें और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सफलता जन प्रतिनिधियों, बूथ-स्तरीय कार्यकर्ताओं और डिजिटल स्वयंसेवकों के बीच घनिष्ठ समन्वय पर निर्भर करेगी।

# राधाकृष्णन ने देशव्यापी नशामुक्त शैक्षणिक परिसर बनाने का आह्वान किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं को नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से बचाने और विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत दृष्टियोजना साकार करने के निरंतर और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान आरम्भ किया।श्री राधाकृष्णन ने सशक्त राष्ट्रों के लिए सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय केवल अकादमिक शिक्षा के केंद्र भर नहीं बल्कि ऐसे संस्थान होते हैं जहां मूल्य संस्कारित किए जाते हैं, नेतृत्व पोषित किया जाता है और राष्ट्र का भविष्य गढ़ा जाता है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली विश्वविद्यालय जैसा प्रमुख शिक्षण संस्थान नशीले पदार्थों के इस्तेमाल के खिलाफ दृढ़ रुख अपनाता है तो यह समाज को सशक्त संदेश देता है। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी सुनिश्चित करने को कहा कि नशा मुक्त परिसर अभियान सभी केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों का अभिन्न हिस्सा बने। उपराष्ट्रपति ने भारत को युवा ऊर्जा से पूर्ण राष्ट्र बताते हुए कहा नशीले पदार्थों का इस्तेमाल व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि गंभीर सामाजिक चुनौती, सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और देश के जनसांख्यिकीय लाभ के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि मादक द्रव्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक प्रदर्शन, पारिवारिक सामंजस्य और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के व्यापार का आतंकवाद से संबंध होने से यह राष्ट्रीय सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न तभी साकार हो सकता है जब युवा स्वस्थ और नशे से मुक्त हों और उनका जीवन उद्देश्यपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्त युवा कौशल प्राप्त करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास तथा राष्ट्रीय विकास में सार्थक योगदान देने में अधिक सक्षम होते हैं। उन्होंने शिक्षा और संस्कृति की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत की प्राचीन परंपराओं में आत्म-अनुशासन, मानसिक संतुलन तथा मन और शरीर की पवित्रता को बहुत महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि यही भावना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान और योग को बढ़ावा देने के प्रयासों में भी परिलक्षित होती है। उपराष्ट्रपति ने युवाओं की ऊर्जा-अनुसंधान, नवोन्मेष, स्वयंसेवा और राष्ट्र निर्माण में लगाने के लिए 'माई भारत पोर्टल' और 'पीएम अनुसंधान योजना' जैसी पहल का उल्लेख किया।

# सरकार दूरस्थ और द्वीपीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लक्षद्वीप के कवरत्ती स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल में नौसेना के संयुक्त सेवा बहु-विशेषज्ञता शिविर को संबोधित करते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर दूरस्थ और द्वीपीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन द्वीपों में इस तरह के शिविरों के पहली बार आयोजन का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने अपने वर्चुअल संबोधन में इस पहल को समुद्री सुरक्षा से आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण और मानवीय सहायता में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के दल ने उन्नत निदान सुविधाएं और विशेषज्ञ देखभाल सुविधा सीधे लोगों के घर तक पहुंचाई है जिनमें नियोजित शल्य चिकित्सा और मोतियाबिंद के ऑपरेशन जैसी सेवाएं शामिल हैं।



रक्षा मंत्री ने कहा कि व्यापक रूप से जांच, शीघ्र निदान, समय पर चिकित्सा सलाह, चिकित्सा हस्तक्षेप और दवाओं का निःशुल्क वितरण इन द्वीपों के समुदायों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ में योगदान देगा। उन्होंने कहा ,'' हम स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। हमने न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में भौतिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिया है बल्कि आयुष्मान भारत और जन औषधि केंद्रों जैसी पहलों के माध्यम से लोगों के कल्याण का भी ध्यान रखा है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शिविर का औपचारिक उद्घाटन करते हुए इस पहल को तीन मायनों में अद्वितीय बताया - 'तालमेल', क्योंकि यह शिविर तीनों सेनाओं और स्थानीय प्रशासन के पेशेवरों के साथ मिलकर किया गया एक सच्चा संयुक्त प्रयास है, 'दायरा', क्योंकि इसमें हृदय रोग, नेत्र रोग, मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा, गुर्दे की बीमारी, तंत्रिका विज्ञान, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, त्वचा रोग और अंतःस्रावी रोग जैसे विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञों की भागीदारी है और 'व्यापकता' क्योंकि इस शिविर के लिए बड़ी संख्या में चिकित्सा जगत के पेशेवरों और सहायक कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की संयुक्त पहल सेवाओं के बीच आपसी तालमेल और नागरिक-सैन्य सहयोग को मजबूत करती है और साथ ही नागरिकों के कल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। उद्घाटन समारोह के बाद नौसेना प्रमुख ने मरीजों से बातचीत की और मोतियाबिंद की शल्य चिकित्सा के लाभार्थियों को चश्मे, आई ड्रॉप और दवाइयां सौंपीं। उद्घाटन समारोह में दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, प्रशासक के सलाहकार साई बी दीपक के साथ-साथ सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, नागरिक प्रशासन के प्रतिनिधि और स्थानीय जनता के बीच से भी लोग उपस्थित थे। रक्षा मंत्री की परिकल्पना के अनुसार भारतीय नौसेना पांच द्वीपों - अमिनी, एंड्रोथ, अगत्ती, कवरत्ती और मिनिकॉय - में बहु-विशेषज्ञता शिविर आयोजित कर रही है ताकि वहां के निवासियों को व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान की।

# पेज एक का शेष

## भारत को भी खड़ी...

कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई तो नहीं की जा रही है। यह भी संभव है कि वे यह देखना चाहते हों कि सेना की ओर से कोई कमी, कोई ढील, या कोई ऐसा रास्ता तो नहीं है जिसके ज़रिये वे आतंकवादियों को भेज सकें। उन्हें ऐसी कोई कमी नहीं मिली होगी और उन्होंने यह देख लिया होगा कि इस तरह की कोई गुंजाइश नहीं है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सेना प्रधानमंत्री के 'जेएआई' यानी जय के नारे पर काम कर रही है जिसमें तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण , आत्मनिर्भरता और नवाचार पर जोर दिया जा रहा है। इस ऑपरेशन में दो निर्णायक मोड़ थे। पहला निर्णायक मोड़ सात मई की रात का 22 मिनट का हमला था जो सेना ने आतंकवादी ठिकानों पर किया। इस हमले से पाकिस्तान की निर्णय लेने की व्यवस्था हिल गयी और अफरा-तफरी मचने से उन्हें यह समझने में समय लगा कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरा निर्णायक मोड़ 10 मई की सुबह उस समय आया जब शीर्ष स्तर से तीनों सेनाओं को कुछ निर्देश दिए गए थे कि यदि यह युद्ध और बढ़ता है तो क्या होगा। उन्होंने कहा जिन्हें (पाकिस्तान) यह समझना था, उन्होंने इसे समझ लिया। सेना प्रमुख ने कहा कि उन्हें (पाकिस्तान को) उपग्रहों के माध्यम से इस बारे में पूरी जानकारी मिल रही थी कि कौन सा युद्धपोत, कौन सा हमला या रणनीतिक मोड़, कौन सी मुख्य इकाई या कौन सा विमान कब और कहां जा रहा है। जब उन्होंने इन सभी बिन्दुओं और बातों को आपस में जोड़ा तो उन्हें समझ में आग गया कि अब इस युद्ध को रोकने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान सेना ने पारंपरिक हथियारों से भी पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और भारत के नागरिक इलाकों में फायरिंग के बाद भारतीय सेना ने जो कार्रवाई की उसमें पाकिस्तान के करीब 100 सैनिक मारे गये। ये सब नियंत्रण रेखा पर मारे गये। उन्होंने कहा कि हम ऐसा इसलिए कर पाये क्योंकि हमने पारंपरिक युद्ध का विस्तार करते हुए उनके खिलाफ जोरदार कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की तैनाती और तैयारी इस तरह की गई थी कि पारंपरिक युद्ध स्थिति को और फैलाया जा सके और यदि पाकिस्तान कोई भी गलती करता तो हम ज़मीनी सैन्य कार्रवाई शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार थे। पाकिस्तान की ओर से परमाणु हमले की रट लगाये जाने से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों की बातचीत में इस बारे में कोई बात नहीं हुई। इस बारे में जो भी बयान आये वे या तो पाकिस्तान के नेताओं के थे या वहां के लोगों के। उन्हें नहीं लगता कि पाकिस्तानी सेना की ओर से कभी इस बारे में कुछ कहा गया हो। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम उल्लंघन की 139 घटनाएं हुई जिनमें से 124 ऑपरेशन सिंदूर के समय हुई। इसके बावजूद सेना पूरी तरह सतर्क और तैयार है। उसने आतंकवादियों पर भी पूरा दबाव बनाया हुआ है।

## सीमा पार अभी...

कहा कि जम्मू कश्मीर के भीतरी इलाकों में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय है लेकिन आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में अभी भी आतंकवादियों के आठ से 10 शिविर सक्रिय हैं जिनमें से छह नियंत्रण रेखा के पार और दो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में हुर्रियत पूरी तरह सक्रिय है और इन आतंकवादियों को बढ़ावा तथा समर्थन दे रहा है। इन्हें पाकिस्तान की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सेना को उनकी गतिविधियों की जानकारी है और अगर किसी तरह की हरकत की जाती है तो इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के हिंटरलैंड में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय है। उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी पहले से ही अलग-अलग जगह पर छिपे हुए हैं और पिछले काफी समय से कोई नई भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर अभी भी खत्म नहीं हुआ है और किसी भी आतंकवादी हरकत का सेना करारा जवाब देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।

## चीन सीमा पर स्थिति...

बार मुलाकात की है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की भी बात हुई है। इन सबका परिणाम यह हुआ है कि दोनों पक्षों में सीमाओं को यथासंभव शांत और स्थिर बनाए रखने को लेकर एक तरह की तात्कालिकता और स्वीकार्यता बनी है, और यह भी समझ बनी है कि इसे कैसे किया जाए। इस दिशा में सबसे पहले बातचीत के स्तर को बढाया गया है। दोनों सेनाओं के बीच छोटे से लेकर बड़े स्तर पर बातचीत होती है और यह कोशिश की जाती है कि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाये। शक्सगाम घाटी में चीन की निर्माण गतिविधियों पर जनरल द्विवेदी ने भारत और पाकिस्तान दोनों को स्पष्ट संदेश दिया कि यह भारत का हिस्सा है और भारत पाकिस्तान तथा चीन के बीच के समझौते को अवैध मानता है। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि यह भारत का अभिन्न क्षेत्र है और भारत इस क्षेत्र के बारे में 1963 के चीन-पाकिस्तान समझौते को मान्यता नहीं देता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि भारत तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को भी मान्यता नहीं देता है, क्योंकि यह भारत के उस क्षेत्र से होकर गुजरता है जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। भारत को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का अधिकार है। सीमा पर बड़ी संख्या में तैनात सैनिकों में कमी के बारे में सेना प्रमुख ने कहा कि विशेषज्ञ समूह और निर्धारित तंत्र इस बारे में बात करते रहते हैं और उनके दिशा निर्देशों और सिफारिशों के आधार पर सैनिकों की संख्या में कमी के बारे में निर्णय लिया जायेगा।

## क्विक कॉमर्स पर...

गिग वर्कर्स के लिए उचित वेतन, सम्मान और सुरक्षा की मांग करते हुए नियामक ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया था। उन्होंने तर्क दिया कि ऐप-आधारित डिलीवरी व्यवसायों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के हितों की रक्षा के लिए सरकार ने कानूनी मोर्चे पर भी तैयारी पूरी कर ली है- सोशल सिक्योरिटी कोड 2020: यह कोड 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गया है, जिसमें पहली बार 'गिग वर्कर्स' और 'प्लेटफॉर्म वर्कर्स' को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। इस कोड के तहत जीवन और विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, और वृद्धावस्था के दौरान संरक्षण जैसे सामाजिक सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं। सोशल सिक्योरिटी फंड: कल्याणकारी योजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक समर्पित सामाजिक सुरक्षा कोष और एक राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की स्थापना का प्रावधान किया गया है। असंगठित और प्लेटफॉर्म श्रमिकों का एक व्यापक डेटाबेस बनाने के लिए अगस्त 2021 में शुरू किया गया यह पोर्टल पंजीकरण और लाभ वितरण में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। व्यवसायिक दृष्टिकोण से यह फैसला क्विक कॉमर्स कंपनियों को अपनी लॉजिस्टिक्स और एल्गोरिदम रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करेगा। अब तक 'स्पीड' ही इन कंपनियों का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी हथियार था, लेकिन अब उन्हें सुरक्षा और स्थिरता को प्राथमिकता देनी होगी। 10 मिनट की डिलीवरी रेस का अंत भारत की गिग इकोनॉमी के लिए एक परिपक्वता का संकेत है। सरकार का यह हस्तक्षेप यह सुनिश्चित करता है कि डिजिटल नवाचार की गति श्रमिकों के मौलिक अधिकारों और सुरक्षा की कीमत पर न हो। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने इस बदलाव का स्वागत करते हुए इसे 'मानवीय गरिमा और सुरक्षा की जीत' करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, ''सत्यमेव जयते। हम साथ मिलकर जीत गए हैं। सांसद राघव चड्ढा इस मुद्दे पर लंबे समय से मुखर रहे हैं। उन्होंने पिछले कुछ महीनों में सैकड़ों डिलीवरी पार्टनर्स से संवाद किया और उनकी समस्याओं को समझने के लिए खुद डिलीवरी एजेंट के रूप में काम किया। उन्होंने तर्क दिया था कि जब किसी राइडर की टी-शर्ट या बैग पर '10 मिनट' लिखा होता है और ग्राहक की स्क्रीन पर टाइमर चलता है, तो राइडर पर वास्तविक और जानलेवा दबाव बनता है, जो उन्हें यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए विवश करता है।

## नए भारत की...

द्वारा की जाती है, जबकि 3162 में से 2958 मुद्दों का समाधान किया जा चुका है, जो शासन की विश्वसनीयता को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति मॉडल राज्य के लिए एक गेम-चेंजर सिद्ध हुआ है। उत्तर प्रदेश आज देश के प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन के रूप में उभरा है। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो और एयर कनेक्टिविटी, देश की पहली रैपिड रेल, अंतर्देशीय जलमार्ग और रोपवे जैसे प्रोजेक्ट समयबद्ध ढंग से आगे बढ़े हैं, जिनके पीछे निरंतर समीक्षा और समस्या-समाधान का प्रभावी मंच प्रगति रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पास 10.48 लाख करोड़ की 330 परियोजनाओं के साथ देश का सबसे बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो है। इनमें परिवहन, ऊर्जा, शहरी विकास, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्ट शामिल हैं। इनमें से 2.37 लाख करोड़ की लागत की 128 परियोजनाएं (39%) पहले ही पूर्ण होकर कमीशन हो चुकी हैं, जबकि ?8.11 लाख करोड़ की 202 परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए सभी अड़चनों का समाधान कर परियोजनाओं को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है, और इसमें 'प्रगति' एक सशक्त आधार बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति मॉडल ने उत्तर प्रदेश को रेलवे, हाईवे और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में यदि परियोजनाओं, एमओयू और अनुमतियों में देरी होती है तो निवेशक दूसरे राज्यों की ओर रुख करता है। प्रगति ने वर्षों में होने वाली प्रक्रियाओं को महीनों और महीनों की प्रक्रियाओं को दिनों में समेटते हुए परियोजनाओं को तय समय-सीमा में धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ?4.19 लाख करोड़ की लागत के 65 बड़े प्रोजेक्ट प्रगति के अंतर्गत शामिल हैं। इनमें से 26 परियोजनाएँ पूरी होकर कमीशन हो चुकी हैं, जबकि 39 परियोजनाएँ निर्माण के विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में इंटर-एजेंसी बाधाओं का प्रभावी समाधान हुआ है। राजस्व, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन, नगर विकास, पंचायती राज सहित सभी संबंधित विभाग एक ही मंच पर बैठकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। इससे हाईवे, रेलवे, पावर और टेलीकॉम जैसी परियोजनाओं में तेज़ प्रगति संभव हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रक्रिया सुशासन का एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 515 मुद्दों में से 494 का समाधान (96%) किया गया है। वहीं, प्रगति के अंतर्गत 287 मुद्दों में से 278 मुद्दों का समाधान (97%) सुनिश्चित किया गया है। यह उच्च समाधान दर प्रशासनिक तत्परता, स्पष्ट जवाबदेही और निर्णायक नेतृत्व की क्षमता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति जैसे तकनीक-आधारित प्लेटफॉर्म के कारण उत्तर प्रदेश आज बॉटलनेक स्टेट से ब्रेकथ्रू स्टेट में परिवर्तित हो चुका है। राज्य सरकार अब केवल फैसिलिटेटर नहीं, बल्कि एक्सेलेरेटर की भूमिका में परियोजनाओं को गति दे रही है।

## वाराणसी में कफ...

अपना नाम और नंबर लिखा गया था। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि वह करीब सात-आठ वर्षों से यह फर्म चला रहा है। करीब दो वर्ष पहले शुभम जायसवाल द्वारा षड्यंत्र के तहत फर्जी टैक्स, इनवॉइस और ई-बिल बनाने के लिए कई फर्मों को खोली गई थी। इसी योजना के तहत 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म खोली गई, जिसमें नगदी रुपये आदित्य जायसवाल द्वारा जमा किए जाते रहे। आदित्य जायसवाल धीरे-धीरे शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद के काले कारोबार से जुड़ गया और रिश्तेदार से राजदार बन गया। आदित्य ने पूछताछ में यह भी बताया कि कई लोग इस नेटवर्क से जुड़े हैं, जो नगदी को फर्मों और बैंकों में जमा करने का काम शुभम जायसवाल के लिए करते रहे हैं।

## वाहन स्क्रैपिंग...

की मुहिम के तहत प्रदेश में अब तक 84 आरवीएसएफ केंद्र खोले जा चुके हैं, जिनमें से 45 केंद्रों का सफल संचालन किया जा रहा है। इनमें वाहनों को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से नष्ट करने से न केवल सड़कों पर प्रदूषण का स्तर कम हुआ है, बल्कि सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला है।

## 1 करोड़ से अधिक...

पर माघ मेले में स्वच्छता , सुरक्षा और सुगम परिवहन पर विशेष जोर दिया गया है। मेला अधिकारी ऋषिराज बताते हैं कि माघ मेले को खुले में शौच मुक्त (ग.कक्क), दुर्गन्ध मुक्त और गंगा में जीरो डिस्चार्ज हेतु लगभग 25,880 शौचालय, 11 हजार डस्टबिन, 10 लाख से अधिक लाइनर बैग, 25 सक्शन गाड़ियां एवं 3,300 सफाई कर्मी तैनात किये गये हैं। श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुलभ आवागमन हेतु बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गयी है। माघ मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय बताते हैं कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 17 थाने व 42 पुलिस चौकी, 20 अग्निशमन स्टेशन, 07 अग्निशमन चौकी, 20 अग्निशमन वॉच टावर, 01 जल पुलिस थाना, 01 जल पुलिस कन्ट्रोल रूम तथा 04 जल पुलिस सब कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। 8 किलोमीटर से अधिक डीप वाटर बैरीकेडिंग एवं 02 किलोमीटर रिवर लाइन (एकल दिशा मार्ग हेतु) लगायी गयी है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गयी है। नगर एवं मेला क्षेत्र में पूर्व से स्थापित सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त एआई युक्त कैमरों सहित 400 से अधिक कैमरों के माध्यम से क्राउड मानिटरिंग, क्राउड डेन्सिटी एनालिसिस, इन्सीडेन्ट रिपोर्टिंग, स्वच्छता एवं सुरक्षा निगरानी की व्यवस्था की गयी है।

## सुप्रीम कोर्ट के जज...

''रीड डाउन'' किया। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि पूरे कानून को निरस्त करने से ईमानदार लोक सेवकों को तुच्छ और दुर्भावनापूर्ण शिकायतों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे नीतिगत ठहराव पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईमानदार निर्णय प्रक्रिया की सुरक्षा और सार्वजनिक जवाबदेही के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी कानून के दुरुपयोग की संभावना मात्र उसे असंवैधानिक ठहराने का पर्याप्त आधार नहीं हो सकती। यह फैसला सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन द्वारा दायर एक रिट याचिका से जुड़ा है, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में 2018 के संशोधनों, विशेष रूप से धारा 17 ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। इस मामले में फैसला छह अगस्त 2025 को सुरक्षित रखा गया था। धारा 17ए के तहत, कोई भी पुलिस अधिकारी किसी लोक सेवक के खिलाफ उसके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान किए गए कार्यों को लेकर केंद्र या राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई प्रारंभिक जांच, जांच या विवेचना शुरू नहीं कर सकता। यदि कोई लोक सेवक रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा जाता है, तो इस प्रावधान से उसे छूट दी गई है। इस धारा में यह भी प्रावधान है कि अनुमति देने वाला प्राधिकारी तीन महीने के भीतर निर्णय करेगा, जिसे कारण बताते हुए एक महीने और बढ़ाया जा सकता है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि यह प्रावधान जांच प्रक्रिया पर फिर से कार्यपालिका का नियंत्रण स्थापित करता है, जिसे उच्चतम न्यायालय पहले ही असंवैधानिक घोषित कर चुका है।

# नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक में 43 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## बड़े पैमाने पर बहाली और विकास कार्यों को मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 43 एजेंडों पर स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल ने कृषि विभाग में 694 विभिन्न पदों पर बहाली को मंजूरी दी है। वहीं डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग में 200 पदों पर बहाली की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा 314 करोड़ रुपये की लागत से मुंबई में बिहार भवन के निर्माण को भी हरी झंडी दी गई है। शिक्षा विभाग के उच्च शिक्षा निदेशालय में नौ नए पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई। बैठक में झारखंड के साथ सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सहमति दी गई। तय समझौते के अनुसार 7.75 मिलियन एकड़ फीट जल में से 5.75 मिलियन एकड़ फीट बिहार और 2 मिलियन एकड़ फीट झारखंड को मिलेगा। मंत्रिमंडल ने दरभंगा हवाई अड्डा के समीप लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब के निर्माण के लिए 50 एकड़ भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी है। इसके लिए 138 करोड़ 82 लाख 88 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा बिहार अधिवक्ता कल्याण न्यास समिति को सहायता के रूप में एकमुश्त 30 करोड़ रुपये देने की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं मुख्य न्यायाधीश के साथ संबद्ध किए जाने वाले चार विधि सहायकों के पद सृजित करने की भी मंजूरी दी गई। भागलपुर राजकीय पॉलिटेक्निक टैक्सटाइल टेक्नोलॉजी संस्थान में एआईसीटीई, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत डिप्लोमा स्तर के चार नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इनमें कंप्यूटर एडेड कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग (60 सीट), फैशन एंड क्लॉथिंग टेक्नोलॉजी (60 सीट), गारमेंट टेक्नोलॉजी (60 सीट) और टैक्सटाइल टेक्नोलॉजी (60 सीट) शामिल हैं। साथ ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में 106 नए पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई। राज्य के 13 कारागारों में नए सिरे से,073 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने को भी मंजूरी दी गई है। इस योजना पर 155 करोड़ 38 लाख 36 हजार 153 रुपये की राशि खर्च होगी। मंत्रिमंडल ने जमुई के तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी जटाशंकर पांडे को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी। वहीं पीएम श्री योजना के तहत बिहार के 779 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14 अरब 85 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया कि बिहार विधानमंडल के वरिष्ठ सदस्य, जो मंत्रिपरिषद के सदस्य नहीं हैं, उन्हें विधानमंडल पूल में निर्वाचन क्षेत्रवार कर्णांकित आवास के अतिरिक्त केंद्रीय पूल के 15 आवास किराये पर अतिरिक्त आवास के रूप में आवंटित किए जाएंगे।

# एआईपीईएफ ने बिजली संशोधन विधेयक 2025 का किया कड़ा विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन (एआईपीईएफ) ने केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा सोमवार को बुलाई गई ऑनलाइन बैठक में बिजली संशोधन विधेयक 2025 का कड़ा विरोध किया और सरकार से इसे वापस लेने का अनुरोध किया। एआईपीईएफ के प्रवक्ता वीके गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इंजीनियरों और कर्मचारियों के फ़ेडरेशन और राज्य स्तरीय एसोसिएशन, जिन्होंने प्रस्तावित बिल पर आपत्तियां जताई थीं, उन्हें ऊर्ज़ा मंत्रालय ने कल शाम चार बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस चर्चा के लिए आमंत्रित किया था। ऊर्ज़ा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एआईपीईएफ अध्यक्ष इंजीनियर शैलेंद्र दुबे , इंजीनियर पी. रत्नाकर राव, महासचिव, और इंजीनियर पदमजीत सिंह, मुख्य संरक्षक ने भाग लिया। ईईएफआई , एआईएफईई जैसे अन्य राष्ट्रीय फ़ेडरेशन, साथ ही विभिन्न राज्यों के पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन और यूनियन भी शामिल हुए। बैठक के दौरान, यह कहते हुए कि यह सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनियों, गरीब और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं, किसानों और राज्य सरकार के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा, सभी प्रतिभागियों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग की। यह बताया गया कि ड्राफ्ट बिल पर आपत्तियां जमा करने के लिए दिया गया समय बहुत कम है और टिप्पणियों के लिए कुछ और समय दिया जाना चाहिए। श्री गुप्ता ने कहा कि बैठक में डिस्कॉम के मौजूदा सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (सब-स्टेशन, लाइनें, ट्रांसफार्मर) का उपयोग करके निजी कंपनियों को वितरण लाइसेंस देने का कड़ा विरोध किया गया। निजी कंपनियां वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को निशाना बनाएंगी, जिससे सरकारी डिस्कॉम्स को घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं की सेवा करनी पड़ेगी, जिससे सार्वजनिक कंपनियों को नुकसान बढ़ेगा। उन प्रावधानों का विरोध किया गया जो निजी कंपनियों को समानांतर लाइसेंस से लाभ कमाने और बिजली वितरण बुनियादी ढांचे में दशकों के सार्वजनिक निवेश का फायदा उठाने में सक्षम बनाते हैं। समानांतर लाइसेंसिंग से बिजली खरीद समझौते, ऊर्ज़ा लेखांकन और उपभोक्ता सेवाओं में देरी होगी। उपभोक्ताओं को शिकायत निवारण के संबंध में भ्रम का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अन्य मुद्दों में राज्य नियामक आयोग के सदस्यों को आसानी से हटाने की अनुमति देने वाले प्रावधानों का विरोध किया गया। बिल में पांच साल के भीतर क्रॉस-सब्सिडी और सब्सिडी को खत्म करने का प्रस्ताव है, जिससे घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ बढ़ जाएंगे। गरीब उपभोक्ता बिजली का खर्च वहन नहीं कर पाएंगे।

# संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ में घनी धुंध, शीतलहर का कहर जारी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में कड़ाके की ठंड ने इस बार सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार सुबह शहर घनी धुंध की चादर में लिपटा नजर आया, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को शहर का न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बीते तीन वर्षों में 12 जनवरी को दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है। वहीं अधिकतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि 14 से 17 जनवरी तक येलो अलर्ट घोषित किया गया है। विभाग का अनुमान है कि 17 जनवरी तक शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। ठंड के साथ-साथ गलन और घनी धुंध की स्थिति बनी रहने की आशंका है। सोमवार को धुंध का असर हवाई यातायात पर भी साफ नजर आया। चंडीगढ़ एयरपोर्ट से जयपुर आने और जाने वाली दो उड़ानें धुंध के कारण बाधित रहीं। सुबह के समय दृश्यता इतनी कम थी कि सड़कों पर वाहन धीमी रफ्तार से चलते दिखे और लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। ठंड और गलन की स्थिति पूरे दिन बनी रही। सुबह से ही शहर के कई इलाकों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए। दिन में कुछ समय के लिए धूप जरूर निकली, लेकिन इससे ठंड में कोई खास राहत नहीं मिली। शाम होते ही एक बार फिर सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आने वाले एक सप्ताह तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। शीतलहर के साथ धुंध और कोहरे की तीव्रता बढ़ सकती है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने, गर्म कपड़े पहनने और सुबह-शाम अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### कुत्तों के हमले से बचने की कोशिश में गंवाई जान

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के कालिंदी कुंज इलाके में शनिवार देर कुत्तों के हमले से बचने की कोशिश में एक 29 वर्षीय युवक की जान चली गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों युवक बाइक से एक जानकार को तलाश करते हुए यमुना की ओर खाली मैदान में गए थे। मृतक की पहचान तुषार कुमार उर्फ एटीएस के रूप में हुई है। हादसे में घायल युवक सुधाकर सिंह (29) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पेशे से फार्मासिस्ट है और मदनपुर खादर इलाके में रहता है। सुधाकर ने पुलिस को बताया कि 10 जनवरी की रात करीब 10:30 बजे वह अपना मेडिकल स्टोर बंद कर बाहर निकले थे, तभी उनकी मुलाकात दोस्त तुषार से हुई। सुधाकर ने तुषार को बताया कि उनके मामा का लड़का घर से झगड़ा करके कहीं चला गया है। युवक को ढूंढने के लिए हम दोनों बाइक से निकले। बाइक तुषार चला रहा था। सुधाकर ने बताया कि हम पहले समोसा चौक, बबलू डेयरी, शनिवार मार्केट होते हुए श्रीराम चौक से नीचे यमुना की तरफ खाली मैदान में पहुंचे। तभी अचानक 4S5 कुत्ते उनकी ओर दौड़ पड़े, जिससे घबराकर तुषार ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। बाइक की लाइट खराब थी, इसी बीच बाइक मिट्टी के ढेर पर चढ़ गई और हम गड्ढे में जा गिरा। मैं (सुधाकर) आगे की ओर उछल कर गिरा, जबकि तुषार का सिर जोर से जमीन पर लगा। हादसे के बाद तुषार के मुंह से खून निकलने लगा। इसी दौरान तुषार की बहन का फोन आया, जिसे हादसे की जानकारी दी। कुछ ही देर में परिजन और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और तुषार को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सुधाकर के बयान पर 11 जनवरी को केस दर्ज किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर जालंधर ज़िला 14 से 16 जनवरी तक 'नो फ़्लाइंग ज़ोन' घोषित

**जालंधर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 16 जनवरी को जालंधर दौरे के मद्देनजर ज़िले को 'नो फ़्लाइंग ज़ोन' घोषित किया गया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अमनिंदर कौर ने जालंधर ज़िले की सीमा के अंदर किसी भी तरह के सिविल रिमोट/पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम/ड्रोन/हेलीकॉप्टर (राष्ट्रपति और दूसरे वीवीआईपी के हेलीकॉप्टर/एयरक्राफ्ट को छोड़कर) वगैरह की उड़ान पर रोक लगा दी है। यह आदेश 14 से 16 जनवरी तक लागू रहेगा।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस ने एकदिवसीय उपवास का आयोजन किया

**नालंदा, बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज मंगलवार को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एकदिवसीय जिला स्तरीय उपवास का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष किया गया, जिसमें नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने नेतृत्व किया। इस उपवास का उद्देश्य मनरेगा योजना की महत्ता को उजागर करना और इसके अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास करने के लिए जागरूकता फैलाना था।उपवास कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला के उद्घाटन भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने मनरेगा के महत्व और इसमें आने वाली चुनौतियों पर बात की। उन्होंने बताया कि मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) ग्रामीण विकास की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो जरूरतमंद लोगों को रोजगार और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। नरेश प्रसाद अकेला ने कहा, हमें मिलकर इस योजना को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोजगार के अवसर बने रहें।इस कार्यक्रम में कई प्रमुख कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें प्रोफ़ेसर बच्चन पांडे, फरहत जबीब, सरफराज मलिक, रमेश पासवान, निर्पेंद्र कुमार सिंह, ओंकार शास्त्री, रानी पासवान, नवीन कुमार सिंह, डॉक्टर अवधेश प्रसाद, अनिल कुमार, धनंजय पटेल, इम्तियाज आलम, हरिहर प्रसाद, ताराचंद मेहता, रणजीत सिंह, सुरेंद्र पासवान, संतु कुमार, रोहित रंजन, अमित कुमार, नासिर, टीपू रहमान, श्रीकांत प्रसाद और संजय कुमार जैसे नेताओं का नाम शामिल था। इन सभी ने कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए और मनरेगा योजनाओं के समर्थन में आवाज उठाई। इस उपवास के दौरान उपस्थित नेताओं ने मनरेगा योजना की उपेक्षा और इसके वित्तीय संकटों पर चिंता व्यक्त की। इसमें हिस्सा लेने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस योजना के प्रति अपने समर्थन की आवाज उठाई और सभी ने संकल्प लिया कि वे इसे बचाने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। उपवास कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य समाज के हर वर्ग को मनरेगा योजना की वास्तविकता से अवगत कराना था, ताकि लोग अपनी आवाज उठाते हुए अपनी समस्याओं को सामने ला सकें।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नजफगढ़-नांगलोई सड़क का किया उद्घाटन

**कहा- विकास कार्यों को मिलेगी नई गति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा ने नांगलोई-नजफगढ़ सड़क पर सुदृढ़ीकरण और नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग के पूरा होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल के द्वारा दिल्ली ग्रामोदय योजना की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र की सड़कों पर महत्वपूर्ण कार्य आरंभ हुआ। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए बड़े बजट की आवश्यकता थी, जिसे सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी। इस परियोजना से पश्चिमी दिल्ली के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कई वर्षों से यह क्षेत्र ट्रैफिक जाम, ड्रेन ओवरफ्लो और बारिश में सड़कों पर पानी भरने की समस्या से जूझ रहा था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा सांसद कमलजीत सहरावत और उत्तर पश्चिम दिल्ली से लोकसभा सांसद योगेन्द्र चंदोलिया की सराहना करते हुए कहा कि उनके निरंतर समर्थन और जनहित के प्रति चिंता के कारण ही यह बड़ी परियोजना साकार हो सकी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से विकास कार्यों को गति मिलती है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस सड़क का निर्माण लंबे समय से लंबित था। जो सड़कें कई सालों से टूटी थी दिल्ली सरकार ने कई सड़कों का काम लिया और टेंडर करके आज काम शुरू हो रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि सांसद के रूप में अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में वह इस सड़क का निर्माण नहीं करवा सके, क्योंकि यह दिल्ली सरकार के अधीन थी और पूर्व प्रशासन के दौरान इस पर काम नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि ये सड़कें ऐसी हैं जहां से लाखों गाड़ियां निकलती हैं और धूल उड़ती है। दिल्ली सरकार ने कहा है कि जल्द ही सड़कों की मरम्मत करके नया बनाया जाएगा। हर सड़क पर 5 साल की गारंटी रखी है। अगर 5 साल में सड़क दोबारा से टूटती है तो ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मिलकर नजफगढ़-नांगलोई रोड की नींव रखी है। इस अवसर पर दोनों सांसद के अलावा दिल्ली में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. पंकज सिंह, विधायक नीलम कृष्ण पहलवान, गजेंद्र द्राल, जिला अध्यक्ष राज शर्मा, पार्षद रेखा रानी सहित आरडब्ल्यूए के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहें।

## गोदाम में लगी आग, दो की जलकर मौत

नई दिल्ली। बाहरी जिले के रानी बाग इलाके में सोमवार देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आए एक गोदाम और आसपास की झुग्गियों में दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि गोदाम में रखा लाखों रुपये का माल जलकर खाक हो गया। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग को पूरी रात मशक्कत करनी पड़ी। दमकल विभाग के अनुसार सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे ओल्ड पीतमपुरा गांव से आग लगने की सूचना मिली। आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते गोदाम के साथ-साथ पास की झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। भीषण आग के कारण अंदर फंसे दो लोग बाहर नहीं निकल सके। बाद में उनकी जली हुई लाशें बरामद की गईं। मृतकों की पहचान वीरेश और सतीश के रूप में हुई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भगवान महावीर अस्पताल भेजा गया है।

# मंत्री कपिल मिश्रा का आतिशी पर हमला

**कहा-यह राजनीति नहीं, आस्था और सदन की गरिमा का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने मंगलवार को बीते 6 जनवरी को दिल्ली विधानसभा में हुई घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह विवाद सिख धर्म के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर, भाई मतीदास, भाई सतीदास और भाई दयाला जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर चर्चा के दौरान कथित आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कपिल मिश्रा ने कहा कि इस घटना को दिल्ली विधानसभा के इतिहास में बेअदबी करार दिया गया। उन्होंने कहा कि आतिशी द्वारा बोले गए शब्द आस्था के खिलाफ हैं और इन्हें किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। कपिल मिश्रा ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से आतिशी लगातार मीडिया, जनता और विधानसभा से गायब हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा बार-बार बुलाए जाने के बावजूद आतिशी ने अब तक सदन में आकर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की। मंत्री ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके निर्देश पर इस पूरे मामले को दबाने के लिए पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस के संसाधनों का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने दावा किया कि लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए और डराने-धमकाने की कोशिशें की गईं। कपिल मिश्रा ने कहा कि यह मामला किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि आस्था और विधानसभा की गरिमा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी भी मुकदमे, गिरफ्तारी या जेल जाने का डर नहीं है और यह लड़ाई कानूनी व राजनीतिक दोनों स्तरों पर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष ने संबंधित वीडियो का वर्बेटिम सदन में पढ़ा था, जिस पर किसी भी सदस्य ने आपत्ति नहीं जताई, इसके बावजूद पंजाब पुलिस के जरिए कथित तौर पर झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई।

# प्रदूषण कम करने, जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इको-फ्रेंडली लोहड़ी मनाएं: नरेश पुरोहित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। इंडियन मेडिकल एकेडमी फॉर प्रिवेंटिव हेल्थ के कार्यकारी सदस्य डॉ. नरेश पुरोहित ने प्रदूषण कम करने और जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इंटरनेट पर सक्रिय लोगों (नेटिज़न्स) से इको-फ्रेंडली लोहड़ी मनाने की अपील की है। डॉ. पुरोहित ने मंगलवार को बताया कि पंजाब में लगातार कड़ाके की ठंड के कारण हवा में धूल के कण स्मॉग के रूप में फंस जाते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता और स्वास्थ्य प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी के दौरान अलाव और कचरा जलाने से स्थिति और खराब हो जाती है। उन्होंने कहा, ''लोहड़ी के दौरान निकलने वाला धुआं सिर्फ एक जगह तक सीमित नहीं रहता, यह घंटों तक वातावरण में रहता है और कई जिलों में फैल जाता है।'' उन्होंने चिंता जताई कि टायर, प्लास्टिक की चीज़ें, फ्लेक्स बैनर, पेंटेड फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक कचरा अक्सर जानबूझकर या अनजाने में अलाव में फेंक दिया जाता है। उन्होंने बताया कि ऐसी चीज़ों को जलाने से वातावरण में डाइऑक्सिन, कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और लेड, कैडमियम और मरकरी जैसी भारी धातुओं सहित जहरीले प्रदूषक और पार्टिकुलेट मैटर (पी एम 2.5 और पी एम 10) निकलते हैं। एसोसिएशन ऑफ स्टडीज फॉर रेस्पिरेटरी केयर के मुख्य शोधकर्ता डॉ पुरोहित ने बताया कि इन उत्सर्जन का स्वास्थ्य पर तुरंत और गंभीर प्रभाव पड़ता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम होते हैं, श्वसन संबंधी बीमारियाँ, अस्थमा, एलर्जी, आँखों और गले में जलन और दिल की समस्याएँ होती हैं, और समय के साथ कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है।

# 2027 में हिमाचल में बनेगी भाजपा सरकार : अनुराग ठाकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने हरिद्वार पहुंचकर राष्ट्रीय युवा सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत की। हर की पैड़ी पहुंचकर उन्होंने गंगा पूजन किया और सायंकालीन आरती में भाग लिया।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बातचीत के दौरान कहा कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश व पंजाब सहित कई राज्यों में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश तेजी के साथ तरक्की कर रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। मनरेगा योजना का नाम बदलकर जी राम जी किए जाने पर उन्होंने कहा मनरेगा की जगह केंद्र सरकार जी राम जी विकसित भारत योजना लेकर आई। वह गरीब मजदूर और बेरोजगारों के लिए मनरेगा से बेहतर है, जिसमें 125 दिन मजदूरों को रोजगार मिलेगा और सीधे उनके खाते में पैसा जाएगा। ऐसे में बिचौलियों का कोई काम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हो रहा था। उन्होंने कहा आज तक कभी भी कांग्रेस ने महात्मा गांधी का सम्मान नहीं किया। पहले यह योजना विभिन्न नामों से लागू की गई थी। 2009 में इसे मनरेगा का नाम दिया गया। उन्होंने कहा ओवैसी कह रहे हैं कि एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला देश की प्रधानमंत्री बनेगी। यह उनका केवल एक सपना है,जो सपना ही रह जाएगा,क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, यहां जन भावनाओं के अनुसार ही प्रधानमंत्री बनते हैं।

पश्चिम बंगाल में ईडी जांच प्रकरण को लेकर उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी आने वाले चुनावों को देखकर बौखलाई हुई हैं। अगर वे मुख्यमंत्री होकर खुद संवैधानिक काम में बाधा डाल रही हैं तो इससे पता चलता है कि दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063